Page 11

खेल

जन-जन की वाणी...

हिन्दी दैनिक

सोन वर्षा वाणी

औरंगाबाद, आरा एवं रांची से प्रकाशित

Page 10

देश

सूर्यकुमार को लेकर गंभीर को है इस बात का पछतावा, खुद किया खुलासा

दिल्ली में अवैध पार्किंग पर होगा ऐक्शन : मेयर ने एमसीडी कमिश्नर से 5 दिन में...

शुक्ल पक्ष अश्लेषा संवत 2081

• औरंगाबाद • मंगलवार • 14 मई 2024 • वर्ष 26 • अंक 153 • पृष्ठ 12

मूल्य ₹ 2.00

सोना चांदी

सोना	चांदी
10 ग्राम 24 कैरेट	1 किलो चांदी
₹73,250	₹86,500

आज का इतिहास

- 1992 : भारत ने तमिल टाइगर्स के नाम से मशहूर श्रीलंकाई विद्रोही संगठन एलटीटीई पर प्रतिबंध लगा दिया था। संयुक्त राष्ट्र और भारत समेत 32 देशों ने उसे आतंकवादी संगठन करार दिया।
- 2013 : ब्राजील समलैंगिक विवाह को मान्यता देने वाला 15वां देश बना।

न्यूज बाइट्स

सोरेन की याचिका पर ईडी को सुप्रीम कोर्ट का नोटिस, 17 मई को सुनवाई

नईदिल्ली (ए.)। उच्चतम न्यायालय ने झारखंड में कथित भूमि घोटाले से संबंधित धन शोधन के एक मामले में तीन माह से अधिक समय से न्यायिक हिरासत में जेल में बंद पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की उच्च न्यायालय के तीन मई के आदेश को चुनौती देने वाली याचिका पर सोमवार को प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) को नोटिस जारी कर जवाब-तलब किया। न्यायमूर्ति संजीव खन्ना और न्यायमूर्ति दिपांकर दत्ता की पीठ ने श्री सोरेन का पक्ष रख रहे वरिष्ठ अधिवक्ता कपिल सिब्बल की ओर से बार-बार शीघ्र सुनवाई का अनुरोध किये जाने पर ईडी को नोटिस जारी किया और मामले को 17 मई को सूचीबद्ध करने का निर्देश दिया।

केजरीवाल को मुख्यमंत्री पद से हटाने की याचिका सुप्रीम कोर्ट ने की खारिज

नई दिल्ली (ए.)। उच्चतम न्यायालय ने दिल्ली आबकारी नीति से संबंधित धन शोधन के एक मामले में प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) की ओर से गिरफ्तार आम आदमी पार्टी (आप) संयोजक अरविंद केजरीवाल को मुख्यमंत्री पद से हटाने का निर्देश देने की मांग वाली एक याचिका सोमवार को खारिज कर दी। न्यायमूर्ति संजीव खन्ना और न्यायमूर्ति दिपांकर दत्ता की पीठ ने याचिका पर विचार करने से इनकार करते हुए कहा कि ऐसी मांग करने का कोई कानूनी अधिकार नहीं है। पीठ कहा, 'कानूनी अधिकार क्या है? अगर दिल्ली के उपराज्यपाल चाहते हैं तो उन्हें कार्रवाई करने दें, लेकिन वह इस मामले में हस्तक्षेप करने के इच्छुक नहीं है।

केजरीवाल के पीए पर महिला की मारपीट का लगा आरोप

नई दिल्ली (ए.)। चुनाव प्रचार के लिए जमानत पर जेल से बाहर आए दिल्ली के सीएम अरविंद केजरीवाल की मुश्किलें बढ़ती हुई नजर आ रही है। दिल्ली महिला आयोग की पूर्व अध्यक्ष व आप की राज्यसभा सांसद स्वाति मालीवाल ने केजरीवाल के पीए पर मारपीट का आरोप लगाया है। इस संबंध में उन्होंने थाने में शिकायत भी दर्ज कराई है। हालांकि अभी तक इस मामले में केस दर्ज नहीं किया गया है। पुलिस ने बताया कि बाद में स्वाति मालीवाल सिविल लाइंस थाने पहुंचकर बताया कि सीएम अरविंद केजरीवाल के पर्सनल स्टाफ विभव कुमार ने उसके साथ मारपीट की है।। इस संबंध में आधिकारिक तौर पर केस दर्ज नहीं कराया गया है। पुलिस ने बताया कि इस संबंध में उसके पास दो पीसीआर कॉल मिली। घटना के बाद सिविल लाइंस पुलिस स्टेशन से एक टीम सीएम के आवास पर पहुंची। मामले में घटना के करीब 6 घंटे बीत जाने के बाद अभी तक न तो सीएम हाउस से कोई खंडन आया है।

96 सीटों पर 63 प्रतिशत वोटिंग : सबसे ज्यादा पश्चिम बंगाल और सबसे कम जम्मू-कश्मीर में

एजेंसी | नई दिल्ली

लोकसभा चुनाव के चौथे फेज में सोमवार को 9 राज्यों और एक केंद्र शासित प्रदेश जम्मू-कश्मीर की 96 सीटों पर वोटिंग खत्म हो गई है। 63.01% वोटिंग हुई। सबसे ज्यादा पश्चिम बंगाल में 76.02% और सबसे कम जम्मू-कश्मीर में 36.88% मतदान हुआ। इसके अलावा आंध्र प्रदेश की 175 और ओडिशा की 28 विधानसभा सीटों पर भी मतदान हुआ। चुनाव के बीच पश्चिम बंगाल, बिहार और महाराष्ट्र में तीन लोगों की अलग-अलग वजह से मौत हुई है। पश्चिम बंगाल के बोलपुर में वोटिंग से एक दिन पहले टीएमसी कार्यकर्ता की हत्या हो गई। टीएमसी ने सीपीआई (एक) समर्थकों पर बम धमाके का आरोप लगाया है। दुर्गापुर में भाजपा और टीएमसी समर्थकों के बीच झड़प हुई है। बिहार के मुंगेर में वोटिंग से पहले एक पोलिंग एजेंट की हार्ट अटैक से मौत हो गई। मुंगेर में ही वोटिंग के दौरान पर्ची नहीं देने के आरोप में कुछ लोगों ने सुरक्षाकर्मियों पर पथराव किया। पुलिस ने लाठीचार्ज किया और 2 युवकों को हिरासत में ले लिया। महाराष्ट्र के बीड में एक न्यूज चैनल के पत्रकार की हार्ट अटैक से मौत हुई है। जम्मू-कश्मीर के मुख्य निर्वाचन अधिकारी पीके पोले ने कहा कि मतदान प्रतिशत 42% से अधिक रहा, जो 1989 के बाद से सबसे अधिक मतदान है। उन्होंने कहा कि श्रीनगर संसदीय क्षेत्र में के हर बूथ पर वोट डाले गए।

बिहार की पांच सीटों पर 56.85 फीसदी हुआ मतदान

निज संवाददाता | पटना

लोकसभा चुनाव के चौथे चरण में बिहार की पांच सीटों पर सोमवार को मतदान खत्म हो गया। इस चरण में दरभंगा, उजियारपुर, समस्तीपुर, बेगूसराय और मुंगेर में ओवर ऑल 56.85 फीसदी वोटिंग हुई। जिसमें सबसे ज्यादा बेगूसराय में 58.40 फीसदी, जबकि मुंगेर में सबसे कम 55% वोटिंग हुई है। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी एचआर श्रीनिवास और एडीजी हेडक्वार्टर जेएस गंगवार ने बताया कि शाम छह बजे तक मिले आंकड़ों के अनुसार पिछले लोकसभा चुनाव से 2.3% कम मतदान हुआ है।

- » दरभंगा- 56.63 प्रतिशत
- » उजियारपुर- 56 प्रतिशत
- » समस्तीपुर- 58.10 प्रतिशत
- » बेगूसराय - 58.40 प्रतिशत
- » मुंगेर - 55 प्रतिशत मतदान

55 प्रत्याशियों की किस्मत मतपेटी में बंद

पांच सीटों पर कुल 55 उम्मीदवारों की किस्मत मतपेटी में बंद हो गई। इनमें 51 पुरुष और 4 महिला कैंडिडेट हैं। आज की पांचों सीटों पर कुल 95 लाख 83 हजार 662 मतदाता थे। इनमें 50 लाख 49 हजार 656 पुरुष और 45 लाख 33 हजार 813 महिला मतदाता, जबकि थर्ड जेंडर के 193 वोटर्स थें।

मुंगेर में दो बूथों पर पथराव

मुंगेर में दो बूथों पर पथराव की खबर सामने आई। बूथ संख्या 145, 146 पर असामाजिक तत्वों ने पर्ची नहीं देने पर पथराव किया है। जबकि, उजियारपुर के मोहिउद्दीन नगर विधानसभा के चक्रराजअली गांव में दलित मतदाताओं को वोट देने से रोका गया। जिसके बाद बड़ी संख्या में पुलिस फोर्स के साथ प्रशासनिक पदाधिकारी पहुंच कर लोगों को मतदान केंद्र ले गए। चौथे फेज की पांच सीटों के लिए कुल 9447 मतदान केंद्र बनाए गए थे। इनमें शहरी क्षेत्र में 1532 और ग्रामीण इलाकों में 7915 मतदान केंद्र बनाए गए थे। 32 पिंक बूथ थे, जहां सिर्फ महिला मतदानकर्मी और सुरक्षाकर्मी तैनात रहें।

बिहार दौरे के दूसरे दिन पीएम ने हाजीपुर, मुजफ्फरपुर और छपरा के सारण में की सभा

इंडी वालों को वोट दिया तो बेकार हो जाएगा : पीएम

निज संवाददाता | पटना

बिहार दौरे के दूसरे दिन सोमवार को पीएम मोदी ने हाजीपुर, मुजफ्फरपुर और छपरा के सारण में सभा की। हाजीपुर में पीएम ने कहा कि जब केंद्र में कांग्रेस और आरजेडी वाले सरकार चलाते थे तब ईडी ने 10 साल में 35 लाख जब्त किए थे। हमने हमारी सरकार में 2 हजार 2 सौ करोड़ रुपए जब्त किए हैं। जिसे ले जाने में 70 ट्रक लगेंगे। हाजीपुर में पीएम मोदी ने कहा कि मैं यहां चिराग के लिए वोट मांगने नहीं आया हूं। वो तो जीतने ही वाला है। उन्होंने कहा कि रामविलास पासवान जी को जितने वोट मिले थे उससे ज्यादा वोट चिराग के लिए चाहिए। उनसे ज्यादा वोट मिलेंगे तभी रामविलास जी की आत्म को शांति मिलेगी। चिराग मुझे इसलिए पसंद है क्योंकि उनके व्यवहार में रामविलास जी के बेटे होने के गुरूर का नामोनिशान नहीं था। मैं चिराग को अपने बेटे की तरह देखता हूं। इस बच्चे में सीखने और जानने की ललक है। पीएम ने कहा कि आरजेडी के राज में सिर्फ अपहरण उद्योग ही फल-फूल रहा था। कांग्रेस और इन लोगों ने बिहार को सिर्फ पलायन और तबाही दी। पीएम ने कहा कि लालटेन वालों ने बिहार में अंधेरगर्दी फैलाई है। जंगलराज दिया है। आरजेडी हो या कांग्रेस दोनों पार्टियों ने तुष्टिकरण को अपना सबसे बड़ा राजनीतिक हथियार बनाया है। उन्होंने कहा कि एनडीएन को दिया आपका एक वोट केंद्र में मोदी की सरकार बनाएगा। इंडी वालों का बटन दबाया तो बेकार जाएगा। अपना वोट देश बनाने के लिए दीजिए। पीएम ने कहा कि हमारा ट्रैक रिकॉर्ड तो आपको पता ही होगा। हमारा ट्रैक रिकॉर्ड के भ्रष्टाचारियों को सजा देना। गरीब के पैसों की लूट मुझे सोने नहीं देती। इंडी अलायंस का हर दल राम मंदिर के लिए अजीब-अजीब बातें कर रहा है। राम मंदिर का बहिष्कार कर के ये लोग आपको चिढ़ा रहे हैं। ऐसे लोगों को आप माफ करेंगे क्या।

हाजीपुर के बाद पीएम ने मुजफ्फरपुर में सभा की। उन्होंने कहा कि आप अपने मोहल्ले में भी ढीला पुलिस वाला पसंद करते हैं क्या, ढीला टीचर पसंद करते हैं क्या। फिर देश का प्रधानमंत्री मजबूत होना चाहिए या नहीं। डरपोक पीएम देश चला सकता है क्या। देश कांग्रेस जैसी डरपोक और कमजोर सरकार नहीं चाहता है।

पाकिस्तान को चूड़ियां पहना देंगे

ये लोग इतने डरे हुए हैं कि रात में सपने में पाकिस्तान का परमाणु बम दिखाई देता है। क्या ऐसे लोगों को देश दे सकते हैं क्या इंडी वाले बोल रहे हैं पाकिस्तान ने चूड़ियां नहीं पहनी हैं। अरे नहीं पहनी है तो पहना देंगे।

मोदी जिंदा है तब तक संविधान-आरक्षण किसी को नहीं दूंगा

उन्होंने कहा कि बिहार के चारा वाले कहते हैं दलित, महादलित, पिछड़े, आदिवासियों को जो आरक्षण मिलता है वो उनसे लेकर पूरा का पूरा मुसलमानों को देना चाहते हैं। ये देश ऐसी कोई भी हरकत नहीं चला लेगा। मैं मर जाऊंगा, लेकिन किसी को संविधान और आरक्षण किसी को देने नहीं दूंगा।

राज्य में नर्स के 43 फीसदी पद रिक्त

पटना (नि.सं.)। राज्य के सरकारी अस्पतालों में नर्स के लगभग 43 फीसदी पद रिक्त हैं। ए ग्रेड और एएनएम के कुल 47 हजार 183 स्वीकृत पद हैं। वर्तमान में कार्यरत 27 हजार 13 हैं। ए ग्रेड नर्स के 17314 स्वीकृत पद हैं, इसमें 9668 कार्यरत हैं। यानी ए ग्रेड नर्स के 7646 पद रिक्त हैं। एएनएम के 29869 स्वीकृत पद में 17345 कार्यरत हैं। 12524 पद रिक्त हैं। 29 हजार 869 नियमित एएनएम में सबसे अधिक स्वीकृत पद पटना जिला में 2110 है। यहां वर्तमान में कार्यरत एएनएम की संख्या 1133 है। यानी 977 पद रिक्त हैं। गया में 1654 स्वीकृत पद में 1045 रिक्ति हैं। शेखपुरा में 256 स्वीकृत पद में 73 रिक्त रह गई है। मुजफ्फरपुर में एएनएम के कुल स्वीकृत पद 822 हैं। इसमें अभी कार्यरत 728 हैं और 94 रिक्त पद हैं। मधुबनी में 1016 स्वीकृत पद में 442 रिक्त हैं। भागलपुर में 871 स्वीकृत पद में 205 पद रिक्त हैं। सीतामढ़ी में 1475 कुल स्वीकृत पद में 1171 रिक्ति हैं।

सीबीएसई में बिहार के छात्र-छात्राओं ने किया बेहतर प्रदर्शन 55 हजार विद्यार्थियों को किसी एक विषय में मिले सौ अंक

निज संवाददाता | पटना

सीबीएसई में बिहार के छात्र-छात्राओं ने बेहतर प्रदर्शन किया है। दसवीं और 12वीं मिलाकर राज्यभर के कुल 55,496 परीक्षार्थियों को किसी एक विषय में सौ में सौ अंक आए हैं। इनमें दसवीं के 39,024 और 12वीं के 16,472 छात्र-छात्राएं शामिल हैं। दसवीं की बात करें तो गणित स्टैंडर्ड में 13598 विद्यार्थियों को सौ में सौ अंक आए। वहीं दसवीं बेसिक में 519 को सौ में सौ अंक मिले। 12वीं की बात करें तो रसायन शास्त्र में सबसे ज्यादा छात्रों को सौ में सौ अंक आए।

इस बार विषयवार परिणाम में छात्रों ने अच्छा किया है। दसवीं में सबसे अच्छा गणित स्टैंडर्ड का रिजल्ट रहा। दसवीं संस्कृत में भी अच्छे अंक मिले। विज्ञान में 9256 छात्रों को सौ में सौ मिले हैं। वाणिज्य संकाय की बात करें इस बार एकाउंटेंसी में 2503 छात्रों को सौ में सौ मिले तो वहीं बीएसई में 2454 छात्रों को सौ अंक आए। जिन छात्रों को दसवीं और 12वीं में 95% से अधिक अंक आए हैं, उन्हें भी किसी एक विषय में सौ अंक मिले हैं। इस बार अतिरिक्त विषय को भी मुख्य विषय में शामिल करने का फायदा छात्रों को हुआ है। सीबीएसई ने इस बार विषयवार कटऑफ जारी किया है। गणित,बायोलॉजी और रसायन में कटऑफ सौ तक गया है। वहीं भौतिकी में 98 तो एकाउंटेंसी में सौ कटऑफ गया है। 50 से अधिक विषयों में कटऑफ सौ तक गया है। इस बार के रिजल्ट में उन छात्रों को फायदा हुआ जिन्होंने मुख्य विषय के अलावा अतिरिक्त विषय रखा था। ऐसे छात्र को अगर अतिरिक्त विषय में मुख्य विषय से अधिक अंक आए तो कुल पांच विषयों में शामिल कर दिया गया। इससे अंक प्रतिशत छात्र का बढ़ गया। इसका काफी फायदा छात्रों को कुल अंक में मिला है।

सीबीएसई : 90 फीसदी से ऊपर वालों का 11वीं में सीधा दाखिला

निज संवाददाता | पटना

सीबीएसई दसवीं का रिजल्ट जारी होते ही स्कूलों ने 11वीं की नामांकन प्रक्रिया शुरू कर दी है। स्कूलों ने ऑनलाइन और ऑफलाइन दोनों ही सुविधा छात्रों को दी है। इस बार कई स्कूलों ने 90 फीसदी अंक लाने वाले छात्रों का दाखिला सीधे लेने की घोषणा की है। सेंट माइकल हाई स्कूल में 14 और 15 मई को नामांकन के लिए आवेदन मिलेगा। इसके लिए स्कूल ने सुबह आठ से दस बजे का समय निर्धारित है। वहीं नॉट्रेडम एकेडमी, लोयेला हाई स्कूल में भी 14 मई को नामांकन के लिए आवेदन मिलेगा। डीएवी बीएसईबी में ऑफलाइन आवेदन 15 मई से मिलेगा। छात्रों को एक सप्ताह का समय दिया जाएगा। बता दें कि सीबीएसई की दसवीं और 12वीं का रिजल्ट सोमवार को घोषित कर दिया गया है। अब 11वीं में दाखिले की प्रक्रिया शुरू होगी। इसके लिए स्कूलों ने वेबसाइट के माध्यम से जानकारी देनी शुरू कर दी है। सेंट माइकल हाई स्कूल के प्राचार्य फादर किस्टू ने बताया कि आवेदन के लिए दो दिनों का समय रखा गया है। जिन छात्रों को ओवरऑल 90 फीसदी अंक होंगे, वहीं विज्ञान संकाय के लिए ऑनलाइन आवेदन करेंगे। वहीं डीएवी बीएसईबी के प्राचार्य अविनाश चंद्र ने बताया कि 90 फीसदी से कम अंक लाने वालें छात्रों को विज्ञान संकाय में दाखिला मिलना मुश्किल होगा। जिन छात्रों को 90 फीसदी से कम अंक होंगे, उन्हें प्रवेश परीक्षा देनी होगी। प्रवेश परीक्षा में अच्छे अंक लाने पर ही दाखिला होगा। ये नियम स्कूल के अपने छात्रों पर भी लागू होगा। आवेदन करने के बाद प्रवेश परीक्षा का आयोजन होगा।

युवाओं के लिए राहत, अगस्त में होगी सिपाही बहाली की परीक्षा

निज संवाददाता | पटना

सिपाही बहाली का इंतजार कर रहे युवाओं के लिए राहत भरी खबर है। पेपर लीक होने से रद्द की गई परीक्षा की तारीख तय कर दी गई है। सिपाही के 21 हजार 391 पदों के लिए केन्द्रीय चयन पर्षद (सिपाही भर्ती) ने अगस्त में परीक्षा लेने की घोषणा की है। पर्षद की ओर से अगस्त में विभिन्न तारीखों पर केन्द्र उपलब्ध कराने के लिए सभी जिलाधिकारियों को पत्र लिखा गया है। साथ ही लिखित परीक्षा के लिए संबंधित जिलों के डीएम को परीक्षा संयोजक मनोनीत किया गया है। पर्षद की ओर से जिलाधिकारियों को लिखे गए पत्र के मुताबिक अगस्त में सात अलग-अलग दिन परीक्षा ली जाएगी। पत्र के मुताबिक सिपाही बहाली की लिखित परीक्षा 7 अगस्त से शुरू होगी। इसके बाद 11, 18, 21, 25, 28 और 31 अगस्त को परीक्षा आयोजित होगी। सभी दिन परीक्षा एक-एक पाली में होगी। सिपाही के 21 हजार से अधिक पदों के लिए करीब 18 लाख अभ्यर्थियों ने आवेदन किया है। कदाचार न हो और एक ही दिन अभ्यर्थियों की भीड़ न रहे इसके मद्देनजर लिखित परीक्षा सात अलग-अलग दिन कराने का निर्णय लिया गया है। केन्द्रीय चयन पर्षद (सिपाही भर्ती) ने स्पष्ट किया है कि ऐसे स्कूल-कॉलेजों का चयन परीक्षा केन्द्र के तौर पर नहीं किया जाएगा जो विवादास्पद रहे हैं। जिन स्कूल-कॉलेजों का चयन किया जा रहा है उनके बारे में पूरी तरह आश्वस्त हो लें कि वहां कदाचार रहित परीक्षा ली जा सकती है। इसके साथ ही यह भी सुनिश्चित करने का अनुरोध किया गया है कि वहां परीक्षा आयोजित करने के लिए पर्याप्त आधारभूत संरचना हो।

मुख्यमंत्री के जनता दरबार की तैयारी में जुटी सरकार

निज संवाददाता | पटना

राज्य सरकार मुख्यमंत्री के जनता दरबार की तैयारियों में जुट गयी है। इसके जून के बाद शुरू होने की संभावना है। इसको लेकर कैबिनेट विभाग ने अपनी तैयारी शुरू कर दी है। विभाग ने जनता दरबार को लेकर जिलों को धनराशि भी भेज दी है। जिलों को 38 लाख रुपए भेजे गए हैं। हालांकि उनसे यह भी कहा गया है कि पैसा खर्च न होने की स्थिति में उसे 31 मार्च 2025 तक लौटा देना है।

मुख्यमंत्री का जनता दरबार लोकसभा चुनाव के कारण फिलहाल स्थगित है। चुनाव आचार संहिता के कारण इसका कार्यान्वयन नहीं हो रहा है, लेकिन चुनाव के बाद इसके शुरू होने की संभावना है। इसलिए कैबिनेट विभाग इसे लेकर पहल कर रहा है। इसी के तहत विभाग ने वर्ष 2024-25 के लिए जिलों को पैसा भेजा है। कैबिनेट विभाग के अपर सचिव सुमन कुमार ने सभी डीएम को पत्र भेजकर राशि की जानकारी दी है। दरअसल, जनता के दरबार में मुख्यमंत्री के नाम से संचालित इस कार्यक्रम में मुख्यमंत्री नीतीश कुमार प्रत्येक सोमवार को आम लोगों की समस्याएं सुनते हैं। साथ ही उसके निदान के लिए ऑन स्पॉट अधिकारियों को निर्देश भी देते हैं। हर महीने के शुरुआती तीन सोमवार को यह आयोजन होता है, इसमें पूरे प्रदेश से लोग अपनी समस्या लेकर आते हैं।

मुंबई में बारिश : 60 किमी की रफ्तार से हवा चली

8 की मौत, 59 जख्मी, 67 को बचाया

एजेंसी | मुंबई

मुंबई में सोमवार 13 मई को दोपहर 3 बजे अचानक मौसम ने करवट ली। धूल भरी आंधी के बाद बारिश भी शुरू हो गई। तेज हवा और आंधी से दिन में ही रात सा नजारा दिखने लगा। अंधेरा छा गया। इसके चलते घाटकोपर में बिलबोर्ड गिरने से 8 लोगों की मौत हो गई और 59 लोग जख्मी हो गए। एनडीआरएफ के मुताबिक, बिलबोर्ड गिरने से फंसे 67 लोगों का रेस्क्यू किया गया। बचाव कार्य फिलहाल जारी है। वहीं, मौसम में आए बदलाव का मुंबई एयरपोर्ट के ऑपरेशन पर असर पड़ा। कई राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय उड़ानों को डायवर्ट किया गया, जबकि कुछ का समय बदल गया। मेट्रो, लोकल रेल सर्विस भी प्रभावित हुई। हालांकि, दो घंटे बाद फिर से सेवाएं शुरू हो गईं। मुंबई के घाटकोपर, बांद्रा, कुर्ला, धारावी, दादर,माहिम, मुलुंड और विक्रोली में तेज हवा के साथ बारिश हुई। इनके अलावा, मुंबई के उपनगर ठाणे, अंबरनाथ, बदलापुर, कल्याण और उल्लासनगर में भी धूल भरी आंधी चली। यहां 60 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से हवा चली। मौसम विभाग ने बताया कि अगले दो दिन ऐसा ही मौसम रह सकता है। पालघर और ठाणे जिलों में अलग-अलग स्थानों पर 50-60 किमी/घंटा की रफ्तार से हवा चल सकती है। कुछ जगहों पर तेज हवाओं के साथ बिजली गिर सकती है। महाराष्ट्र के सीएम एकनाथ शिंदे घाटकोपर पहुंचे और बिलबोर्ड गिरने की घटना की जानकारी ली।

इसरो के नए मिशन की आ गई डिटेल, चंद्रयान-3 से गहरा कनेक्शन

इसरो की टीम चांद पर नए मिशन चंद्रयान-4 के लिए जुटा

विशेष संवाददात | नई दिल्ली



पिछले साल 23 अगस्त को इसरो ने चंद्रयान-3 को चांद के दक्षिणी ध्रुव पर सॉफ्ट लैंड कराकर इतिहास रच दिया था। अब इसरो चांद पर एक बार फिर अपनी धाक जमाने के लिए जापान की अंतरिक्ष एजेंसी जेएएक्सए के साथ काम कर रहा है। दोनों मिलकर लूनर पोलर एक्सप्लोरेशन मिशन (लुपेक्स) पर काम कर रहे हैं। इसी मिशन का नाम चंद्रयान-4 है। चंद्रयान-4 की चांद पर लैंडिंग साइट क्या होगी? इसे लेकर बड़ी जानकारी सामने आई है। मिशन पर काम कर रहे एसएसी निदेशक नीलेश देसाई ने बताया कि चंद्रयान-4 की लैंडिंग साइट का चंद्रयान-3 से गहरा कनेक्शन है। चंद्रयान-4 पर काम कर रहे एसएसी निदेशक नीलेश देसाई का कहना है कि भारत के महत्वाकांक्षी चंद्र मिशन चंद्रयान-4 का मुख्य मकसद चांद से सतह की मिट्टी को भारत वापस लाना है। इस मिशन पर जापान और भारतीय दोनों देशों की अंतरिक्ष एजेंसियां मिलकर काम कर रही हैं। यह मिशन साल 2028 तक लॉन्च किए जाने की उम्मीद है। देसाई का कहना है कि चंद्रयान-4 को शिव-शक्ति पॉइंट के पास उतारने का कारण बेहद खास है। दरअसल, इस स्थान पर चंद्रयान-3 की लैंडिंग हुई थी और लैंडिंग के बाद यान ने चांद की सतह पर तमाम खोज की थी। चंद्रयान-4 को अपने मिशन को आगे बढ़ाने में मदद मिलेगी। शिव-शक्ति पॉइंट वो जगह है, जहां चंद्रयान-3 के लैंडर विक्रम ने चांद की सतह पर पानी समेत कई महत्वपूर्ण चीजों की खोज की थी। देसाई ने यह भी कहा कि मिशन एक चंद्र दिवस के बराबर होगा।

चांद पर कहां लैंड करेगा चंद्रयान-4

नीलेश देसाई ने बताया कि मिशन में हमारी कोशिश है कि चंद्रयान-4 को चांद की उस सतह के पास उतारा जाए, जहां चंद्रयान-3 की लैंडिंग हुई थी। देसाई के मुताबिक, चंद्रयान-3 को शिव शक्ति पॉइंट के उतना पास उतारने की कोशिश की जाएगी, जितना हो सके। बता दें कि शिव-शक्ति पॉइंट चांद पर वो स्थान है, जहां चंद्रयान-3 की लैंडिंग हुई थी।

BAYC Institute स्थापित : 1972

बिहार एक्युप्रेशर योग कॉलेज

गांधी सेतु लिंक पथ, बिस्कोमान कॉलोनी गोलम्बर के पूरब, पटना-7

नामांकन प्रारंभ | नियमित / पत्राचार कोर्स

डॉक्टर बनें एक्युप्रेशर, योग, इलेक्ट्रोपैथी, ट्रेडिशनल मेडिसिन

DIPLOMA COURSE: DAT Acupressure Theapy | DAYS Acupressure Yoga Science | DY Yoga अवधि : 02 वर्ष योग्यता : 10th | DEMS Electrohomeopathy Medicine Science अवधि : 02 वर्ष योग्यता : 10th

DEGREE COURSE: MBBA Bachelor of Magnet & Acupressure | BAYS Bachelor of Acupressure Yoga Science अवधि : 03 वर्ष योग्यता : 10+2 | BEMS Bachelor of Electrohomeopathy Medicine Science | MBAS Bachelor of Medicine in ALT. Science अवधि : 4½ वर्ष योग्यता : 10+2 | MD (Acu Yoga) | MD (TM) अवधि : 01 वर्ष योग्यता : मेडिकल ग्रेजुएट | MD (EH) अवधि : 02 वर्ष योग्यता : BEMS

BA (Yoga) | MA (Yoga) | Yoga Teacher Course

PROFESSIONAL: BLIS | MLIS | BBA | MBA

TRADITIONAL: BA | MA HINDI | POLITICAL SCIENCE SOCIOLOGY | HISTORY

Proposed Campus

Bihar State Govt. University & Central University UGC DEB MHRD Govt. of India Recognised

Direct Admission | Regular Classes | Online Classes | Experienced Faculties

» एक्यूप्रेशर चिकित्सा की उत्तम व्यवस्था यथा गर्दन, कंधा, कमर, घुटना दर्द, गठिया, डायबिटिज आदि |

डॉ. अजय प्रकाश
सचिव

कॉलेज से उत्तीर्ण हजारों विद्यार्थी सरकारी संस्थानों, गैर सरकारी संस्थानों एवं निजी संस्थान खोलकर सेवा दे रहे हैं|

Apply Online : www.bayc.in

डॉ. सर्वदेव प्रसाद गुप्त
अध्यक्ष

9572607696, 9304942855, 9334278279

परीक्षा सूचना : एक्युप्रेशर, योग, इलेक्ट्रो होमियोपैथी, ट्रेडिशनल मेडिसिन, हर्बल मेडिसिन, कम्युनिटी मेडिकल कोर्स की परीक्षा शीघ्र प्रारम्भ होने वाली है | सम्बंधित छात्र/छात्राएं कॉलेज कार्यालय में संपर्क करें |

Email : baycpatna@gmail.com | Website : www.indianacupressure.com

संक्षिप्त समाचार

पहाड़पुर-वंशीनाला के बीच ट्रेन से कट अधेड़ की मौत

फतेहपुर। गया-कोडरमा रेलखंड के पहाड़पुर-वंशीनाला रेलवे स्टेशनों के बीच स्थित मानपुर गांव के पास ट्रेन से कटकर एक अधेड़ व्यक्ति की मौत हो गई। मृतक की पहचान फतेहपुर थाना क्षेत्र के जम्हेता गांव निवासी चंदर मांझी (50) के रूप में हुआ है। उसके साथ यह घटना उस समय हुई जब वह रेल लाइन पार कर था था। इसी समय गया कि ओर से आ रही ट्रेन की चपेट में वह आ गया और मौके पर ही उसकी दर्दनाक मौत हो गई।

चीनी से लदी मालगाड़ी का खुला था दरवाजा, चोरी की आशंका

फतेहपुर। गया-कोडरमा रेल सेक्शन से होकर देर रात डाउन लाइन में गुजर रही चीनी लोडेड मालगाड़ी के एक वैगन का दरवाजा खुला (ओपन डोर) पास होने से चीनी भरे बोरे की चोरी की आशंका बनी है। पूर्व मध्य रेलवे के प्रधान मुख्य सुरक्षा आयुक्त सह आरपीएफ आईजी अमरेश कुमार ने बताया कि वैगन का ओपन डोर रहने का मामला संज्ञान में आया है। इसकी जांच कराई जा रही है। जहां की चीनी थी वहां से भी पार्टिकुलर लेने के लिए आदमी को भेजा गया है। इधर, पूरे ट्रैक पर निशान की जांच करने का सख्त निर्देश दिया गया है। मामले की गहराई तक जांच की जाएगी और जो भी दोषी होंगे उन्हें हर हाल में दंडित किया जाएगा। ओपन डोर वैगन रहने के मामले में आरपीएफ की टीम जांच में जुटी है। मिली सूचना पर कोडरमा आरपीएफ की टीम भी अपने क्षेत्र में काफी गहराई से जांच में जुटी है। रेल सूत्रों ने बताया कि दानकुनी स्पेशल चीनी लोडेड मालगाड़ी (मालगाड़ी का इंजन नम्बर 41672) शुक्रवार की रात गया से होकर कोडरमा के रास्ते गुजरी है।

14 मई से मविवि में शैक्षणिक अराजकता के खिलाफ अभाविप करेगा विरोध प्रदर्शन

गया। गया कॉलेज में रविवार को अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद् गया महानगर की बैठक हुई। इसमें 14 मई से मगध विश्वविद्यालय में शैक्षणिक अराजकता के खिलाफ विराट धरना-प्रदर्शन करने का निर्णय लिया गया। अभाविप के संगठन मंत्री पशुपतिनाथ उपमन्यु ने कहा कि मगध विश्वविद्यालय लगातार छात्र-छात्राओं के भविष्य के साथ खिलवाड़ कर रही है, इसके लिए सभी एकजुट होकर आंदोलन शुरू करेंगे। कहा कि हमारी मुख्यतः सात मांगें है। इसमें स्नातक 2018-21 से वर्तमान सत्र तक सभी पेंडिंग रिजल्ट अविलंब प्रकाशित करने, अनुसूचित जाति/जनजाति के छात्र व सभी कोटि की छात्राओं का नामांकन शुल्क अविलंब बंद करने व मुख्यमंत्री कन्या उत्थान योजना का आवेदन प्रारंभ करना आदि शामिल है।

नालंदा में मुखिया पति, ऑडिटर समेत 6 गिरफ्तार

नालंदा। नालंदा में पुलिस ने किडनैप हुए शख्स रामेश्वर रविदास (70) को बरामद कर लिया है। वहीं इस मामले में पुलिस ने गिरियक थाना क्षेत्र के आदमपुर गांव निवासी दशरथ प्रसाद चौधरी के बेटे पवन कुमार चौधरी, रहुई थाना क्षेत्र के तूफानगंज निवासी गरीबन पासवान का बेटा सूर्यमणि पासवान (इमामगंज पंचायत का मुखिया पति), नूरसराय थाना क्षेत्र के बड़ारा निवासी स्व. ललन पासवान का बेटा धर्मवीर कुमार (AG ऑफिस में ऑडिटर), स्वर्गीय रामफल पासवान का बेटा मनीष कुमार, रहुई थाना क्षेत्र के तूफानगंज निवासी शैलेंद्र कुमार का बेटा राहुल कुमार और हिलसा थाना क्षेत्र के कृष्णापुरी निवासी पप्पू पासवान का बेटा पुष्कर कुमार को गिरफ्तार किया गया है। जांच में यह पता चला है कि गिरफ्तार आरोपियों ने धनबाद और कटिहार के दो शख्स सुबोध कुमार और अभिषेक राज को सरकारी नौकरी के लिए करीब 40 लाख रुपए दिए गए थे। इसके बाद ना ही नौकरी लगी और ना ही पैसे ही वापस मिले। आरोपियों को विश्वास था कि रामेश्वर रविदास को किडनैप करने के बाद सुबोध कुमार और अभिषेक राज पैसा लौटा देंगे क्योंकि रामेश्वर की दोनों से संपर्क है। सदर DSP-2 संजय कुमार जायसवाल ने बताया कि 11-12 मई की रात में छापेमारी के लिए निकले नूरसराय थाना अध्यक्ष को पुलिस कंट्रोल रूम बिहार शरीफ से सूचना प्राप्त हुई कि नूरसराय थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम बराड़ा में एक शख्स का अपहरण कर उन्हें फिरौती और हत्या की नीयत से छिपा कर रखा गया है। सूचना पाते ही नूरसराय थाना अध्यक्ष द्वारा त्वरित कार्रवाई की गई, जिसके बाद ग्राम बड़ारा में मक्का के खेत में बदमाशों के चंगुल से नवादा जिले के काशीचक थाना क्षेत्र अंतर्गत बाजितपुर गांव निवासी स्वर्गीय बाबूलाल रविदास के बेटे रामेश्वर रविदास को जख्मी हालत में बरामद कर लिया गया। वहीं घटनास्थल से ही 6 बदमाशों को गिरफ्तार किया गया। DSP-2 संजय कुमार जायसवाल ने बताया कि आरोपियों को लगा कि रामेश्वर रविदास का संबंध सुबोध कुमार और अभिषेक राज से है। इसके कारण रामेश्वर रविदास को पैसे की रिकवरी को लेकर शुक्रवार को पटना हाई कोर्ट के समीप से ऑटो से उतरने के दौरान अपहरण कर लिया गया। अपहरण के बाद उसे नूरसराय थाना क्षेत्र के बड़ारा गांव के खेत में छुपा दिया गया। इसके बाद रामेश्वर के परिवार से पैसे की डिमांड की जाने लगी। पीड़ित परिवार ने पुलिस से संपर्क साधा और घटना का खुलासा हुआ। बरामदगी के बाद रामेश्वर रविदास के बयान पर मामला दर्ज किया गया है। वहीं छापेमारी टीम में नूरसराय थाना अध्यक्ष रजनीश कुमार, दारोगा राजेश कुमार ठाकुर, ओमप्रकाश राय और नूरसराय थाना की सशस्त्र पुलिस बल शामिल रही।

गया में रंगे हाथ धराए दो चोर, देर रात दोनों घर में कर रहे थे चोरी

गया। गया डेल्हा थाना क्षेत्र में देर रात एक घर में चोरी कर रहे दो चोर को पुलिस ने रंगे हाथ पकड़ा है। चोर को पकड़ने वाली टीम को एसएसपी की ओर से पुरस्कृत किया गया है।डायल 112 को सूचना मिली थी कि खरखुरा स्थित महावीर मन्दिर के बगल के घर में चोर चोरी कर रहे हैं। इस पर डायल112 की टीम सूचना के 6 मिनट के भीतर ही मौके पर पहुंची और डेल्हा थाना की गश्ती टीम के साथ मिल कर घर में चोरी कर रहे दो चोर को रंगे हाथ पकड़ लिया। शेष चोर मौके से भागने में सफल हो गए। रंगे हाथ पकड़े जाने पर जिले के एसएसपी आशीष भारती ने चोर को पकड़ने वाली टीम को एसएसपी आफिस में पुरस्कृत किया। टीम को सामूहिक रूप से प्रशस्ति पत्र भी सौंपा गया है। एसएसपी आशीष भारती ने बताया कि डायल 112 और डेल्हा पुलिस की टीम ने बेहतर पुलिसिंग का उदाहरण पेश किया है। पुलिस ने रोशन कुमार व रोहित कुमार को गिरफ्तार किया है। उनके पास से चोरी की वारदात में इस्तेमाल किए जाने वाले सामान भी बरामद किए गए हैं। पकड़े गए चोर डेल्हा थाना क्षेत्र के छोटकी नवादा के रहने वाले हैं। उन्होंने बताया कि दोनों चोर पुलिस को देख कर भागने लगे थे लेकिन सशस्त्र बल के जवानों ने उन्हें खदेड़ कर पकड़ लिया।

ब्रिटिश इंग्लिश स्कूल के बच्चों 10वीं एवं 12वीं में रहा जलवा

गया। ब्रिटिश इंग्लिश स्कूल के बच्चों का रिजल्र्स हमेशा की तरह इस वर्ष भी सीबीएसई एंड दशम एवं बारहवी का परिणाम बेहतर रहा है। इस स्कूल के दशम वर्ग में निखिल भारती स्कूल टॉपर 972%, सचिन प्रकाश 96,6%, तम्मन्ना कुमारी 96.6%, साक्षी कुमारी 96.4% शुभम गुप्ता को 96%, सन्नी कुमार को 96% प्राप्त हुआ। कुल 37 बच्चों ने 90% से अधिक अंक प्राप्त किये है। इसके साथ 54 बच्चों ने 80-90%, 64 बच्चों ने 70% - 80%, 51 बच्चों ने 60% 70% अंक प्राप्त किये है। इसी प्रकार इस स्कूल के 12वीं वर्ग के आशुतोष कुमार 45% 9502%, अंकित कुठ 94.6%, अनुष्का सिंह 94.6%, अभय कुठे 94.4%, तनीषा कुमारी 93.2%, बासु कुमार 93.2% प्राप्त किये है। कुल 17 बच्चों ने 90% से अधिक अंक प्राप्त किये, बच्चों ने 80-90%, 61 बच्चों ने 70% 80% तथा 59 बच्चों ने 60% 70% अंक प्राप्त कर शानदार सफलता प्राप्त की है। स्कूल के निदेशक, प्राचार्य एवं उप-प्राचार्य ने सफलता का श्रेय बच्चों की मेहनत एवं अभिभावकों का सहयोग को दिया है। स्कूल प्रांगण में खुशी का महौल है।

बाइक चोर गिरोह का खुलासा, 7 नाबालिग समेत 8 गिरफ्तार

निज संवाददाता। गया

गया जिले के बेलागंज पुलिस ने एक ऐसे बाइक चोर गिरोह का भांडाफोड़ किया है जिसमें नाबालिग अधिक हैं। पुलिस ने बाइक चुराने वाले 8 चोरों को गिरफ्तार किया है। पकड़े गए 8 में से 7 नाबालिग हैं। जिन्हें बाल सुधार गृह में भेजा गया है। थानाध्यक्ष विनय कृष्ण प्रसाद ने बताया कि सूचना मिली थी कि कुछ संदिग्ध लड़के बेलागंज बाजार में इधर-उधर रेकी करते नजर आ रहे हैं। सूचना के आधार पर लड़कों को चिह्नित करने के लिए तत्काल पुलिस अवर निरीक्षक राम बाबू को सशस्त्र बल के साथ भेजा गया। इसी दौरान बाइक सवार 2 अपराधी पुलिस बल को देख कर भागने लगे। पुलिस ने उनका पीछा किया। इस बीच बाइक से एक अपराधी कूद कर भागने लगा। जिसे पुलिस ने पकड़ लिया। पकड़ा गया अपराधी थाना क्षेत्र के बेलाडीह गांव का नाबालिग है। उससे पूछचोर रैकेट का खुलासा हुआताछ की गई तो उसने चौकाने वाले खुलासे किए। नाबालिग की निशानदेही पर बड़े । विगहा गांव से एक और चोर को चोरी की बाइक के साथ गिरफ्तार किया। इसके बाद घटना में शामिल अपराधियों की कड़ी जुड़ते गई। पुलिस ने बीआर 025बी/9848 स्प्लेंडर, डीएल 13 एस सी/4615 मोटरसाइकिल, बीआर2एन/0446 पैशन प्रो, एक बिना नम्बर की ग्लैमर बरामद की गई।

गया-कोडरमा रूट पर डाउन लाइन बंद, ट्रेनें जहां-तहां रुकीं

निज संवाददाता। गया

गया के पहाड़पुर रेलवे स्टेशन के आउटर के पास सोमवार सुबह करीब 6 बजे ओवरहेड तार टूट गए। इसके चलते रेल यातायात के साथ सड़क से आवागमन भी बंद है, क्योंकि फाटक बंद है। घटना के कारण वंदे भारत, जनशताब्दी एक्सप्रेस, आसनसोल अजमेर सियालदह एक्सप्रेस, जम्मू कोलकाता एक्सप्रेस विभिन्न स्टेशनों पर खड़ी हैं। गांधी बांद्रा हाबड़ा एक्सप्रेस पहाड़पुर रेलवे स्टेशन के पास खड़ी है। ट्रेन के पैसेंजर परेशान हैं। रेल यात्री पटरियों पर बैठकर रूट क्लियर होने का इंतजार कर रहे हैं। घटना पंडित दीनदयाल उपाध्याय और गया-कोडरमा रेल मंडल के बीच की है। घटना गांधी धाम-हावड़ा एक्सप्रेस 12938 का पेंटो के टूटने से हुई है। दो ट्रेनें अजमेर सियालदाह और आनंद विहार एक्स. पूरी तरह से प्रभावित है। इसका रूट डायवर्ट किया जाना है लेकिन अब तक निर्णय नहीं लिया जा सका है। गया जंक्शन से जुड़े एक भी अधिकारी कुछ भी बताने को राजी नहीं है।

क्रिकेट टी-20 मैच का आयोजन, क्रिकेट क्लब चंदापुर नालंदा ने क्रिकेट क्लब पिरोघा को 8 विकेट से किया पराजित

निज संवाददाता। नालंदा

नालंदा के एकंगरसराय प्रखंड के केशोपुर पंचायत अंतर्गत सुल्तानपुर खेल मैदान में टी-20 क्रिकेट मैच का आयोजन समाजसेवी नीतीश कुमार के नेतृत्व में की गई। इस मैच में नालंदा ,जहानाबाद व पटना जिले के दो दर्जन से अधिक टीम ने हिस्सा ले रही है। उद्घाटन मैच, क्रिकेट क्लब चंदापुर नालंदा बनाम क्रिकेट क्लब पिरोघा जहानाबाद के बीच खेला गया। इसमें चंदापुर की टीम ने पिरोघा की टीम को 08 विकेट से पराजित कर दिया। क्रिकेट क्लब पिरोघा की टीम ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए 09 विकेट के नुकसान पर 54 रन बनाया। जबाब में चंदापुर की टीम ने 07 ओवर में 02 विकेट खोकर मैच जीत लिया। चंदापुर के खिलाड़ी पंकज कुमार को मैन ऑफ द मैच से नवाजा गया। पंकज कुमार ने गेंदबाजी में जहां तीन विकेट झटके तो वहीं बल्लेबाजी में अपनी टीम के लिए 22 रन का महत्वपूर्ण योगदान दिया। मैच का उद्घाटन स्टेट रेफरी व खिलाड़ी कुणाल बनर्जी, दिलीप कुमार, निशांत गौरव, दीपक कुमार ने दीप प्रज्वलित और फीता काटकर संयुक्त रूप से किया। मुख्य अतिथि स्टेट रेफरी और खिलाड़ी कुणाल बनर्जी ने कहा कि समाजसेवी नीतीश कुमार द्वारा क्रिकेट मैच कराया जा रहा है। यह काफी सराहनीय कार्य है। उद्घटान के अवसर पर काफी संख्या में लोग उपस्थित रहें। इस अवसर पर आयोजनकर्ता नीतीश कुमार, पंकज कुमार, बबलू कुमार, अम्बुज,सौरभ, अनुपम, गौरव कुमार, अंकित कुमार, पंकज, कमलेश कुमार, अनुज कुमार, सतीश कुमार, बबलू कुमार, सूरज कुमार सहित सुल्तानपुर गांव के ग्रामीण मौजूद रहें।

नालंदा में डाक विभाग ने कस्टमर पोर्टल किया लॉन्च, मुफ्त में रजिस्ट्रेशन करवा विदेश भेज सकेंगे सामान

निज संवाददाता। नालंदा

डाक विभाग भारत सरकार ने एक नया अध्याय जोड़ते हुए डाक निर्यात केंद्र से मुफ्त निबंधन करते हुए विश्व व्यापार करने का मौका देकर नालंदा को व्यापार हब के रूप में विकसित करने की पहल की है। जिसे हर गांव के हस्तकला सहित उत्पादन क्षेत्र में विश्व में अपने उत्पाद को पहुंचा कर रोजगार का अवसर प्रदान किया है। जिससे जिले के थोक एवं खुदरा व्यापारियों के लिए नया रास्ता मिल गया है। नालन्दा के प्रधान डाकघर बिहारशरीफ में डाक निर्यात केंद्र से जुड़ने वाले छोटे व्यापारियों की संख्या में तेजी आई है। इन दिनों जिले के कई व्यवसाय अपने उत्पाद को डाक निर्यात केंद्र के माध्यम से विदेश में निर्यात करने में जुट गए हैं। ताकि देश का सामान विदेश में निर्यात किया जा सके और छोटे व्यापारियों को अधिक से अधिक मुनाफा हो।

व्यपारी ले रहे हैं पोर्टल का लाभः इस काम को आसान करने के लिए भारतीय डाक विभाग ने डाक निर्यात केंद्र कस्टमर पोर्टल लॉन्च किया है। जिसका फायदा जिले के कई थोक एवं खुदरा व्यापारी उठा रहे हैं। इस कड़ी में सिलाव के श्री काली शाह खाजा अंतरराष्ट्रीय पुरुस्कार प्राप्त समेत राजगीर के मोहित कुमार सवेरा हेल्प ट्रेडर्स, सचिन कुमार गोल्डफिश फेब्रिकेशन, मंजू देवी सवेरा संपूर्ण फर्म समेत जिले के कई व्यवसाई इस पोर्टल का लाभ ले रहे हैं। जिससे जिले के व्यापारी अपने-अपने उत्पादों को विदेश में निर्यात करने का कार्य कर रहे हैं।

जिसकी सहायता डाक विभाग के माध्यम से डाक निर्यात केंद्र के पोर्टल का इस्तेमाल करके किया जा रहा है। इसके माध्यम से स्वादिष्ट खाद्य पदार्थ, चायपत्ती,ड्राइंग पेंटिंग , चार्ट पेपर, सहित इलेक्ट्रोनिक वस्तुओं का निर्यात कर अपने व्यवसाय का विस्तार करने में लगे हैं।

डाक अधीक्षक ने दी जानकारीः उपरोक्त बातों की जानकारी देते हुए नालंदा के डाक अधीक्षक कुंदन कुमार ने बताया कि डाक विभाग का लक्ष्य जिले के हर एक व्यवसाय करने वाले रजिस्टर्ड व्यापारियों को इस सुविधा से लाभान्वित करना और उन्हें अपने व्यवसाय को विस्तार करने में सहायता प्रदान करना है ताकि उन्हें अधिक से अधिक कम खर्च पर विदेश तक अपने सामान को निर्यात करने मे सुविधा हो। इसके लिए ग्राहक सेवा केंद्र बिहारशरीफ प्रधान डाकघर में जिले के व्यापारी विस्तृत जानकारी लेकर अपने व्यापार का विस्तार कर सकते हैं और अपने वस्तुओं को विदेश में निर्यात कर सकते हैं।

गया में रोड़ेबाजी और फायरिंग मामले में पुलिस का एक्शन

अपराधियों की गिरफ्तारी के लिए पुलिस की ताबड़तोड़ छापेमारी, एक बुजुर्ग की हुई थी मौत, एक घायल

निज संवाददाता। गया

गया में बीती 9 मई की देर शाम हुई रोड़ेबाजी और गोलीबारी की घटना के बाद से मुफस्सिल पुलिस पूरे एक्शन मोड में है। इस घटना में गोली लगने से एक बुजुर्ग की मौत और एक युवक घायल हो गया था। मुफस्सिल पुलिस मानपुर के कुछ खास मुहल्लों में ताबड़तोड़ दिन रात छापेमारी कर अपराधियों की गिरफ्तारी में जुटी हुई है। कुछ खास मुहल्ले को पुलिस ने इसलिए चिन्हित किया है कि वे कई वर्षों से आम अवाम और पुलिस के लिए सिरदर्द बने हैं। यही नहीं 9 मई को गोलीबारी और रोड़ेबाजी करने वाले तीन दर्जन से अधिक बदमाश भी उन्हीं खास मुहल्ले के रहने वाले है। वे खास मुहल्ले गांधी नगर, पहड़तल्ली, न्युअबगिला पुदीना बगीचा और बुधगेरे के थे। पुलिस की छापेमारी रविवार की दोपहर से लेकर शाम तक चली। हालांकि इस

छापेमारी में अब तक गोलीबारी और रोड़ेबाजी करने वाले अपराधियों में से एक भी पुकिस के हत्थे नहीं चढ़ा है। लेकिन यह जरूर है कि पुलिस ने विभिन्न मामलों में आधा दर्जन से अधिक वांछित अपराधियों गिरफतार कर लिया है। पुलिस के प्लांड एक्शन को देख इलाके में खूब चर्चा है।

वजीरगंज डीएसपी कर रहे हैं लीडः छापेमारी को खुद वजीरगंज डीएसपी सुनील कुमार पांडे लीड कर रहे हैं। वहीं मुफस्सिल थानाध्यक्ष रघुनाथ प्रसाद ताबड़तोड़ रेड को सफल बनाने में जुटे हैं। दरअसल 9 मई को न्यू अबगिला में गोलीबारी की घटना हुई थी। उस घटना में एक 65 वर्षीय बुजुर्ग की मौत हो गई थी। एक युवक भी गोली लगने से जख्मी हो गया था। इस घटना के पीछे एक मोबाइल का छीना जाना था। न्यू मुहल्ले के एक लड़के के गांधी नगर लड़कों ने मोबाइल छीन लिया था। इस घटना के कुछ दिन बाद गांधी नगर के लड़के को न्यू अबगिला के लड़कों ने मौका मिलते ही पीट दिया। इस बात की भनक लगते ही गांधी नगर और उसके आसपास मुहल्ले के लड़के हरवे हथियार के साथ एकजुट हुए और न्यू अबगिला में साउथ इंडियन फिल्मी स्टाइल में हमला बोल दिया था। खास बात यह भी इस मामले में पीड़ित पक्ष की ओर से नामजद केस दर्ज न करा कर अज्ञात में केस दर्ज कराया गया है। इधर इंस्पेक्टर रघुनाथ प्रसाद का कहना है कि वांछित अपराधियों की गिरफ्तारी के लिए वरीय अधिकारियों के निर्देश पर कार्रवाई की जा रही है। उन्होंने कहा कि अपराधी खुद पुलिस के समक्ष सरेंडर बोल दें नही तो कार्रवाई सख्त होगी ही।

गया में बारिश से गांधी मैदान में जलजमाव, खिलाड़ियों को हो रही है परेशानी

निज संवाददाता। गया

गया में शनिवार की शाम हुई मूसलाधार बारिश से शहर के हरिहर सुब्रमण्यम स्टेडियम में जलजमाव हो गया। पानी के सूखने तक न तो यहां कोई खेल हो सकता है और न ही किसी प्रकार का अभ्यास। जलजमाव की समस्या का कारण पानी की निकासी का नहीं होना है। अचरज की बात है कि इस गांधी मैदान और स्टेडियम की बेहतरी के लिए नगर निगम, जिला प्रशासन और नगर विधायक सभी के सभी आए दिन अपने अपने मद से विकास और सौंदर्यीकरण की बातें करते हैं लेकिन स्थिति ज्यों की त्यों बनी हुई है। थोड़ी सी बरसात में ही गांधी मैदान और स्टेडियम कीचड़ और पानी से लबालब हो जाता है। लोगों का चलना तक कई हफ्तों तक मुश्किल सा हो जाता है। ऐसे में मार्निंग वाक करने वाले और खेल कूद की प्रैक्टिस करने वाले युवा निराश हो कर घर लौट जाते हैं। रविवार को भी सैंकड़ों लोग जलजमाव की वजह से लौट गए। गया

जिले का गांधी मैदान ऐतिहासिक गांधी मैदान है। यहां महात्मा गांधी की अस्थि रखी हुई है। यह बड़े भूभाग में पसरा है। इसी मैदान में दशकों पुराना हरिहर सुब्रमन्यम स्टेडियम है। किसी जमाने मे यह स्टेडियम फुटबॉल मैच के लिए बिहार, उड़ीसा और बंगाल में विख्यात था, लेकिन समय के थपेड़ों और शहर के नीति नियंताओं के अनदेखी की वजह से दिन प्रति दिन बर्बाद होता जा रहा है। कहीं बाउंड्री क्षतिग्रस्त हो रही है तो दर्शक दीर्घा की सीढ़ियां टूटी हुई हैं। इसे देखने वाला कोई नहीं है। खेल मैदान में जल जमाव की समस्या है सो अलग। इधर मेयर गणेश पासवान कहना है कि इस समस्या समाधान के लिए नगर निगम के अधिकारियों को कहा गया है।

हेल्पिंग हैंड फाउंडेशन ने हिरण्यपर्वत पर चलाया दाना-पानी अभियान

मिट्टी और प्लास्टिक के बर्तनों में खाने-पीने की व्यवस्था, गर्मी में पक्षियों को बचाने की पहल

निज संवाददाता। नालंदा

नालंदा में हेल्पिंग हैंड फाउंडेशन द्वारा पंछी बचाओ अभियान के तहत बिहार शरीफ के हिरण्य पर्वत पर पंछियों के लिए दाना-पानी अभियान चलाया गया। फाउंडेशन के सदस्यों ने पहाड़ी पर विभिन्न स्थानों पर मिट्टी के छोटे-छोटे बर्तन और प्लास्टिक के बोतलों में दाना और पानी रखा ताकि पक्षी आसानी से आकर भोजन और पानी ग्रहण कर सके। फाउंडर ऑफ़ हेल्पिंग हैंड फाउंडेशन के आशुतोष ने बताया कि आज 4G और 5G नेटवर्क एवं पर्यावरण के बिगड़ते संतुलन के कारण कई पंछिया विलुप्त होने के कगार पर आ गई है। हमारे इर्द-गिर्द बहुत ही कम प्रजाति की पंछिया दिखाई और सुनाई पड़ती है। इस भीषण गर्मी में पंछियों को दाना पानी के लिए काफी जद्दोजहद करना पड़ता है। तालाब पोखर सूख जाते हैं। ऐसे में हम सभी को आगे आकर बेजुबान पशु-पक्षियों की मदद करनी चाहिए। हमें अपने आसपास पेड़ों पर घर के छतों पर मिट्टी या प्लास्टिक के बर्तन में दाना-पानी

रखना चाहिए जिससे पंछियों को राहत मिल सके।

फसलों को बचाने में मदद करते हैं कीटः पक्षी पर्यावरण का महत्वपूर्ण हिस्सा है वे कीटों को खाकर फसलों को बचाने में मदद करते हैं। हमें पक्षियों के घोसले को नष्ट नहीं करना चाहिए। घायल या बीमार पक्षियों की मदद करनी चाहिए जहां पंछी रहते हो वहां ज्यादा शोर शराबा नहीं करना चाहिए। नहीं तो डर कर पक्षी अपना घोंसला छोड़ कहीं अन्यत्र जगह चले जाते हैं। इस अभियान में अमन, विवेक,सुबोध, धर्मवीर, तुषार,रजनी,आयुष,अभिजीत और कई अन्य सदस्य शामिल रहे।

सासाराम से कांग्रेस प्रत्याशी मनोज कुमार ने किया नामांकन, कई समर्थक रहे मौजूद

निज संवाददाता

भभुआ (कैमूर)। सासाराम संसदीय क्षेत्र से कांग्रेस प्रत्याशी मनोज कुमार ने सोमवार को समाहरणालय भभुआ में नॉमिनेशन फाइल कर दिया। नॉमिनेशन के दौरान पूर्व जिलाध्यक्ष उपेंद्र सिंह सहित कई समर्थक मौजूद रहे । मनोज कुमार ने नॉमिनेशन के बाद बताया 10 सालों से रुके विकास के कारवां को आगे बढ़ाना है। किसान ,नौजवान सभी इनके राज में बेहाल है। सासाराम संसदीय क्षेत्र से जो जीता है उसी पार्टी की सरकार केंद्र में बनती है और रिकार्ड मतों से मेरी जीत होगी। मनोज कुमार ने बताया जो 10 साल से विकास का कारवां रुक गई थी, इस रुके कारवां को बढ़ाने के लिए जनता मुझे आशीर्वाद देगा और मैं इसे बढ़ाने का काम करूंगा। विकास, बेरोजगारी, शिक्षा, स्वास्थ्य या विकास का हो सभी मुद्दा पर मैं आवाज बनकर सदन में पहुंचने का काम करूंगा। इतिहास रहा है सासाराम पार्लियामेंट जो जीता है उसी का सरकार केंद्र में बनता है। इस बार मैं दावे के साथ कहना चाहता हूं कि सासाराम जीतेंगे बिहार में चमत्कारी रिजल्ट आएगा और इंडिया गठबंधन का सरकार केंद्र में बनेगा। कैमूर में मोहनिया रेलवे स्टेशन है वहां से प्रत्येक दिन बच्चे, नौजवान भाई जानवर जैसा ट्रेन में लाद कर कमाने के लिए बाहर जाते हैं। कुछ दिन पहले ही रमडीहरा का नौजवान काम करने बाहर जा रहा था लेकिन ट्रेन से गिरकर अपना जान गंवा दिया। आप देख सकते हैं कि बेरोजगारी कितना चरम सीमा पर है। महंगाई कितना चरम सीमा पर है। पैसा और दवा के अभाव में जान चली जा रही है। इन्हीं मुद्दों पर जनता के बीच जाएंगे। 9 मई को नॉमिनेशन इसलिए नहीं कर पाए कि हमारे नेता के पास समय का अभाव था। समय नहीं दे सके। आज सभी ने समय दिया है तो आज नॉमिनेशन किया गया है। धर्मांतरण के सवाल पर उन्होंने कहा की मैं महादलित से हूं 5 साल के उम्र में पिता आनाथ हो गए थे। मुझे दलित और लाचार समझकर बीजेपी के लोग दबा रहे हैं। लेकिन जनता इसका जवाब देगा। हमारे साथ जनता है जनता इनके जवाब देगी।

सासाराम संसदीय क्षेत्र में फुलो से सजे रिक्शा में बैठकर नामांकन करने पहुंचे प्रत्याशी

निज संवाददाता

भभुआ (कैमूर)। लोकसभा चुनाव में नामांकन के दौरान अलग-अलग वाहनों से नामांकन पर्चा दाखिल करने के लिए प्रत्याशी पहुंच रहे हैं। ऐसे ही एक प्रत्याशी दूल्हे के वाहन की तरह रिक्शा को फूल माला से सजाकर सासाराम संसदीय क्षेत्र के लिए नामांकन पर्चा दाखिल करने पहुंचे। इस दौरान उन्होंने कहा कि पेट्रोल इतना महंगा है की गाड़ी से आना संभव नहीं हो पाया। इसलिए रिक्शा से नामांकन करने आ गया। उन्होंने कहा कि अगर मैं चुनाव जीतता हूं तो वन सेंचुरी को हटाकर महुआ पिआर चुनने पर आजादी कर दूंगा। सासाराम लोकसभा क्षेत्र सुरक्षित सीट होने के कारण सासाराम संसदीय क्षेत्र से भभुआ जिला मुख्यालय पर नामांकन पर्चा दाखिल करने के लिए उजागर मुसहर को जनवादी पार्टी सोशलिस्ट ने अपना उम्मीदवार बनाया है। जहां सोमवार को रिक्शा से नामांकन पर्चा दाखिल करने के लिए पहुंचे जो आकर्षण का केंद्र बन रहा है। उजागर मुसहर ने कहा कि मैं रिक्शा से नामांकन पर्चा दाखिल करने के लिए आया हूं।

डीजल-पेट्रोल के भाव बढ़ गए हैं। गरीब आदमी गाड़ी नहीं चला पता है। महंगाई इतना होगा कि मोटरसाइकिल और गाड़ी कबाड़ी में जा रहा है। सब गाड़ी घर पर सड़ रहा है। हमलोग जात के मुसहर हैं जो दबे कुचले हैं। जहां-जहां सुरक्षित सीट है, हम लोगों को टिकट नहीं दिया गया है। सासाराम लोकसभा सीट से बहुमत मिल रहा है एक लाख वोट से जीत रहे हैं। अगर मैं चुनाव जीत गया तो अपने जाति के लोगों के लिए विशेष कार्य करूंगा। वन संपदा महुआ पियार पर जो पाबंदी लगा है, अगर मैं जीत जाता हूं तो सदन में आवाज उठाकर उसे पाबंदी को हटाने का काम करूंगा।

डीएम के नेतृत्व में मतदाता जागरूकता कार्यक्रम का किया गया आयोजन

निज संवाददाता

अरवल। जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह-जिला पदाधिकारी वर्षा सिंह के नेतृत्व में अरवल प्रखंड अंतर्गत खमैनी पंचायत में मतदाता जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान जिला निर्वाचन पदाधिकारी द्वारा डोर-टू-डोर भ्रमण कर मतदाताओं को 1 जून 2024 के दिन मतदान करने हेतु जागरूक किया गया। जिला निर्वाचन पदाधिकारी द्वारा मतदाता जागरूकता स्लोगन 'पहले मतदान फिर जलपान'एवं 'अरवल ने यह ठाना है मतदान प्रतिशत बढ़ाना' है के उद्घोष के साथ लोगों को मतदान के लिए प्रोत्साहित किया गया। उनके द्वारा मतदाता जागरूकता कार्यक्रम में लोगों को प्रोत्साहित करने के साथ यह भी अपील की गई कि वैसे व्यक्ति जो बाहर रहकर कार्य कर रहे हैं, उनके परिजन उन्हें भी 1 जून 2024 को घर बुलाकर मतदान कराना सुनिश्चित करें। उनके द्वारा बताया गया कि मतदान का समय सुबह 7:00 बजे से शाम 6:00 बजे तक है, जो भी मतदाता शाम 6:00 बजे तक मतदान के लिए कतार में रहेंगे उन्हें मतदान कर्मियों द्वारा टोकन प्रदान कर मतदान अवश्य देने दिया जाएगा। इस क्रम में जिला निर्वाचन पदाधिकारी द्वारा लोगों को चुनाव की महत्ता एवं चुनाव के बाद जनहित में बनाए जाने वाले नियमों/कानूनों के बारे में भी विस्तृत जानकारी दी गई। उन्होंने बताया कि आप मताधिकार का उपयोग कर सही उम्मीदवार चुनकर संसद भेज सकते हैं जो आपके लिए सही नियम कानून के निर्माण में सार्थक भूमिका निभाता है। यही कानून आपके और आपके बच्चों के भविष्य के निर्माण मैं सार्थक सिद्ध होता है। अतः अपने बच्चों के भविष्य के निर्माण हेतु 1 जून 2024 के दिन मतदान अवश्य करें। उन्होंने लोगों को संबोधित करते हुए यह आश्वशत किया कि मतदान केंद्रों पर भारत निर्वाचन आयोग के निर्देश के अनुसार सभी मूलभूत सुविधाएं यथा-छायादार जगह,पीने का पानी,बैठने की व्यवस्था,महिला व पुरुष के लिए शौचालय इत्यादि की व्यवस्था की जा रही है जिससे मतदाताओं को मतदान करने में किसी भी प्रकार की असहजता महसूस ना हो। जिला पदाधिकारी द्वारा महिलाओं को संबोधित करते हुए बताया गया कि अरवल जिले में महिलाओं का मतदान प्रतिशत पुरुषों की अपेक्षा काफी कम है अतः महिलाओं से अनुरोध है कि अपने मताधिकार का प्रयोग अवश्य करें और यह प्रण लें कि 1 जून 2024 को सर्वप्रथम मतदान उसके उपरांत कोई अन्य कार्य करेंगे। पुरुष एवं महिला दोनों के समाज के उत्थान में समान भागीदारी अपेक्षित है अतः सभी से अपील की गई की सब मिलकर मतदान करें एवं इस महापर्व में अपनी भागीदारी शत- प्रतिशत सुनिश्चित करें।

एक बोतल विदेशी शराब के साथ युवक गिरफ्तार

भभुआ (कैमूर) (नि.सं.)। जिले के हनुमान घाट जांच चौकी से उत्पाद विभाग के अफसरो ने एक बोतल अंग्रेजी शराब के साथ एक युवक को गिरफ्तार किया। जानकारी के मुताबिक भोजपुर जिला के सीकरहट्टा थाना क्षेत्र अंतर्गत राजमल डीह गांव निवासी आनंद सिंह के 19 वर्षीय पुत्र दीपक कुमार बताया जाता है। जहां उत्पाद विभाग के पदाधिकारी ने बताया की हनुमान घाट के पास शराब मामले को लेकर जांच अभियान चल रहा था।

ट्रेन पर चढ़ने के दौरान पैर फिसलकर गिरने से सब्जी व्यवसायी की मौत

निज संवाददाता

जहानाबाद। गया-पटना रेल खंड पर एरकी गांव के पास ट्रेन से गिरकर सब्जी व्यवसायी की मौत हो गई। बताया जाता है कि सोमवार की सुबह एरकी गांव निवासी मनीष यादव उम्र 28 साल सब्जी लाने के लिए गया जा रहा था। वह जैसे ही ट्रेन पर चढ़ने के लिए बढ़ा अचानक उसका पैर फिसल गया और नीचे गिर गया इससे उसकी मौत हो गई। जब गांव के लोग रेलवे ट्रैक के किनारे गए तो देखा कि एक व्यक्ति का शव पड़ा हुआ है। इसके बाद घटना की सूचना उसके परिवार के लोगों को दिया। घटना की सूचना पर पहुंची नगर थाने की पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए सदर अस्पताल भेज दिया है। वहीं घटना के बाद ग्रामीणों ने बताया कि मृतक सब्जी बेचकर परिवार का भरण पोषण करता था। वह हर रोज सब्जी लाने के लिए गया जाता था। आज भी गया ही जा रहा था तभी घटना घटना हो गई।

ई रिक्शा पलटने से तीन महिला गंभीर रूप से घायल, इलाजरत

निज संवाददाता

भभुआ। जिले के बेलाव थाना के पास ईरिक्शा के पलटने से तीन महिला गंभीर रूप से घायल हो गई। घायल महिला बेलाव थाना क्षेत्र के बिछिया गांव निवासी तेजू राम की पत्नी फूला देवी , उसी थाना क्षेत्र के कुर्था गांव निवासी अयोध्या पासवान की पत्नी मनोरमा देवी तथा सत्यनारायण पासवान की पत्नी गंगाजली देवी का इलाज सदर अस्पताल में कराया गया। सदर अस्पताल पहुंचे परिजनों ने बताया कि सभी लोग बेलाव से ई-रिक्शा में सवार होकर अपने घर के लिए जा रही थी। तभी बेलाव थाना के पास ई रिक्शा पलट गया। जिसमें तीनों महिला गंभीर रूप से घायल हो गई। जहां इलाज के लिए भभुआ के सदर अस्पताल लाया गया। वहीं चिकित्सक द्वारा भर्ती कर सभी घायल महिलाओं का इलाज किया जा रहा है।

आरपीएफ ने चार नाबालिग बच्चियों को कराया मुक्त, एक गिरफ्तार

निज संवाददाता

सासाराम (रोहतास)। रोहतास में नाबालिग बच्चियों को कंपनी में काम दिलाने के नाम पर लुधियाना ले जा रहे एक मानव तस्कर को डेहरी आरपीएफ की टीम ने गिरफ्तार कर लिया। वहीं सभी बच्चियों को उसके कब्जे से मुक्त करा दिया है। आरपीएफ इंस्पेक्टर रामविलास राम ने बताया कि सोमवार की सुबह वे अपनी टीम के साथ निगरानी कर रहे थे। इस दौरान प्लेटफार्म संख्या दो पर एक व्यक्ति को संदिग्ध अवस्था में चार नाबालिग बच्चियों के साथ बैठा हुआ देखा। मामला संदेहास्पद पाकर कड़ाई से पूछताछ किया गया। उसने बताया कि वह इन बच्चियों को काम दिलाने के लिए ले जा रहा है। उक्त बच्चियों से पूछताछ करने पर उन लोगों ने भी बताया कि वह व्यक्ति सभी को काम दिलाने के लिए हमे लुधियाना ले जा रहा है। मामला मानव तस्करी, बाल तस्करी का बनता पाकर महिला आरक्षी प्रीति कुमारी को मौके पर बुलाया गया और आगे की कार्रवाई के लिए चारों नाबालिग बच्चियों के साथ उक्त व्यक्ति को डेहरी स्टेशन पर लाया गया। जिसके बाद सभी बच्चियों को महिला आरक्षी प्रीति कुमारी की देखरेख में रेलवे सुरक्षा बल पोस्ट पर रखा गया। चारों लड़कियों में से दो ने बताया कि वे नासरीगंज थाना क्षेत्र के महुआरी हरिहरगंज की निवासी है। जबकि अन्य दो नाबालिग बच्चियां औरंगाबाद जिला के नवीनगर थाना क्षेत्र के मनिहारी की निवासी है। व्यक्ति से पूछताछ करने पर उसने बताया कि वह औरंगाबाद जिला के नवीनगर थाना अंतर्गत दरमी खुर्द निवासी स्वर्गीय कपिल देव शर्मा का पुत्र अनुज शर्मा है। महिला आरक्षी प्रीति कुमारी द्वारा सभी बच्चियों का काउंसलिंग करने पर बच्चियों ने अनुज शर्मा द्वारा मेरे घर वालों को फिलहाल 2000 रुपया दिया गया है।

सभी को लुधियाना किसी प्राइवेट कंपनी में काम करने हेतु हम लोगों को ले जा रहा है। आगे चारों नाबालिग लड़कियों ने यह भी बताया कि काम करने के एवज में हमारे घर वालों को प्रतिमाह 12 हजार रुपया दिया जाएगा। आरपीएफ इंस्पेक्टर रामविलास राम ने बताया कि अनुज शर्मा को गिरफ्तार कर आगे की कार्रवाई की जा रही है।

जांच अभियान में तीन नाबालिक युवती को बरामद कर चाइल्ड हेल्पलाइन को किया गया सुपुर्द

निज संवाददाता

डालमियानगर (रोहतास)। आरपीएफ के द्वारा होने वाले लोकसभा चुनाव एवं जातियों के भीड़ को देखते हुए सघन जांच अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में तीन नाबालिक युवती को बरामद कर चाइल्ड हेल्पलाइन के सुपुर्द किया गया। इंस्पेक्टर रामविलास राम ने बताया कि यात्रियों की अत्यधिक भीड़ को लेकर भीड़ नियंत्रण एवं ट्रेनों को डेहरी स्टेशन से सुरक्षित पास कराने के उद्देश्य से उप निरी. मनोज कुमार एवं अन्य पदाधिकारी के साथ रेलवे स्टेशन पर गस्ती के दौरान गाड़ी संख्या-12389 अप गया-चेन्नई एक्सप्रेस से 03 नाबालिक बच्चियों को एक लड़के के साथ संदिग्धावस्था में घूमते हुए देखा गया। जब उन्हें रोककर उनसे पूछताछ किया गया। मानव व बाल तस्करी की संभावना को देखते हुए उक्त चारों को सुरक्षित रखते हुए चाइल्ड हेल्पलाइन नंबर-1098 एवं चाइल्ड-लाइन कॉर्डिनेटर सुधीर कुमार को सूचित किया गया। तीनों बच्चियों द्वारा बताया गया कि वे स्वेच्छा से अपने परिजनों की अनुमति से नर्सिंग करने चेन्नई जा रहीं थीं।

पारिवारिक जीवन की संत्रास को अभिव्यक्त करने वाली जीवंत कथा लेखिका है यशोधरा भटनागर : सिद्धेश्वर

निजसंवाददाता

पटना। ढेर सारे पन्नों में हम अपनी कहानी को अभिव्यक्त करें, इससे बेहतर है कम पन्नो में हम, व्यक्ति समाज परिवार को सार्थक संदेश दे जाए l और यह तभी संभव है, जब हम कथानक को केंद्र बिंदु में रखते हुए, आस पास की घटनाओं को, शब्दों की कंजूसी के साथ कलमवद्ध करें। आज के व्यस्त समय में, भागमभाग की दौड़ में, जिस तरह लघुकथा विधा लोकप्रिय होती जा रही है, इसमें कोई संदेह नहीं है कि आने वाला समय, लंबी-लंबी कहानियों का नहीं, बल्कि इसी तरह की छोटी-छोटी कहानियों का है, जैसी कहानी आज श्री भगवती प्रसाद द्विवेदी ने अपनी कहानी तमाशबीन और यशोधरा भटनागर ने यूनिफॉर्म तथा कृष्ण कृष्णा और कुंज के माध्यम से प्रस्तुत किया है l भारतीय युवा साहित्यकार परिषद के तत्वावधान में, गूगल मीट के माध्यम से, फेसबुक के अवसर साहित्यधर्मी पत्रिका के पेज तथा यूट्यूब पर, हेलो फेसबुक कथा सम्मेलन का संचालन करते हुए संयोजक सिद्धेश्वर ने उपरोक्त उद्गार व्यक्त किया l कथा लेखिका यशोधरा भटनागर एवं भगवती प्रसाद द्विवेदी की कहानियों पर डायरी पढ़ते हुए उन्होंने कहा कि -' दो पीढ़ी के बीच की इस मानसिकता को क्या आज का रिश्ता सहन करने को तैयार है, सक्षम है ? ऐसे कई सवाल छोड़ जाती है यशोधरा भटनागर की कहानी यूनिफॉर्म l भगवती प्रसाद द्विवेदी की कहानी' तमाशबीन'l भगवती प्रसाद द्विवेदी की कहानी 'तमाशबीन', हमारे प्रदूषित हो रहे साहित्य समाज इसी तथ्य को पाठकों के समक्ष प्रस्तुत करता है। कभी-कभी एक सामान्य व्यक्ति भी हमारे समाज में वह मिसाल पैदा करता है, जो समाज के लिए अनुकरणीय बन जाता है l मुख्य अतिथि यशोधरा भटनागर ने अपनी यूनिफॉर्म कहानी का पाठ किया l उनकी कहानियों पर टिप्पणी करते हुए अध्यक्ष भगवती प्रसाद द्विवेदी ने कहा कि आज की कहानियाँ कल्पो- कल्पित नहीं, बल्कि यथार्थ की जमीन पर खड़ी अपनी दास्तान प्रस्तुत कर रही होती है वह भी पुख्ता सच्चाई के साथ l घर परिवार और समाज में, भौतिकवादी संस्कृति जिस तरह हावी होती जा रही है, वह हमारे संबंधों को किस तरह खोखला करता जा रहा है, आज किस तरह हम पढ़े-लिखे होकर भी संवेदनहीन होते जा रहे हैं, इसे जीवंत प्रस्तुत किया है यशोधरा भटनागर ने अपनी इस छोटी सी कहानी यूनिफॉर्म में l ऑनलाइन कथा सम्मेलन के मुख्य अतिथि यशोधरा भटनागर ने कहा कि -कहानी एक गद्य लेखन की एक सशक्त विधा है। इसका विकास आधुनिक कहानी का आरंभ 20 वीं सदी में हुआ। आदर्शवाद, यथार्थवाद, प्रगतिवाद, मनोविश्लेषणवाद, आंचलिकता आदि के दौर से गुजरते हुए कहानी ने सुदीर्घ यात्रा में अनेक उपलब्धियाँ अर्जित की हैं। नई कहानी हिंदी कहानी के विकास में भी अनेक मोड़ आए -नई कहानी, अकहानी, सचेतन कहानी, समकालीन कहानी आदि अनेक आंदोलनों से गुजरती हुई आज की कहानी विकास के नये-नये सोपान पार कर रही है।अमृता प्रीतम जी का एक वाक्य हमेशा मेरे ज़हन में रहता है-"कहानी लिखने वाला बड़ा नहीं होता,बड़ा वह है जिसने कहानी अपने जिस्म पर झेली है। " लेखक की संवेदनशीलता इतनी गहरी होती है कि वह परानुभूतियों एवं परपीड़ा को अत्यंत गहराई से अनुभव कर लेता है और वह अनुभूति शब्द रूप धारण कर कहानी के रूप में अभिव्यक्ति पा जाती है। आज इस मंच पर पर मुझे बहुत अच्छी कहानियाँ सुनने का अवसर प्राप्त हुआ। इसके लिए आ.सिद्धेश्वर जी को धन्यवाद देतीहूँ। सर्वप्रथम आदरणीय भगवती प्रसाद द्विवेदी जी की कहानी 'तमाशबीन', समाज के कुत्सित चेहरे को उघाड़ कर रख देती है।आज का मनुष्य नितांत संवेदना शून्य हो गया है,परदुख-परपीड़ा उसे नहीं सालते।समाज लाल साहब और सुधाकर बाबू जैसे लोगों की संख्या में वृद्धि हुई है।दूसरे को आपदा ग्रस्त देख वह सहायता करने की अपेक्षा वीडियो बना लाइक्स और व्यूज़ बनाने में अधिक रुचि रखता है।बहुत अच्छी कहानी। नलिनी श्रीवास्तव जी की कहानी -'वह पंद्रह दिन' भारतीय समाज में नारी के नारी होने की त्रासदी की कहानी है जहाँ अन्याय और शोषण को स्त्री अपना भाग्य मान लेती है,अपनी इच्छाओं को कुचलती है। दूसरी ओर नारी ही नारी के दुख को भली भांति समझ उस दुख को दूर करने का एक उजला पक्ष , नैतिक -अनैतिक का विचार किये बिना लेखिका बहुत ही सहजता से प्रस्तुत किया है। अपूर्व कुमार की कहानी 'सकारात्मकता ' हमारी दृष्टि हमारी सोच किसी भी घटना को देखने का नजरिया जीवन की दिशा और दशा दोनों बदल देता है। सकारात्मकता एक सुंदर भविष्य देती है। विजया कुमारी मौर्य की कहानी 'श्रवण कुमार' जो बेटियों के प्रति समाज के उपेक्षा पूर्ण रवैये को दिखाती है तो वहीं भारतीय समाज में उपेक्षित किन्नरों की स्थिति को भी चित्रित करती है। आज भी किन्नर मुख्य धारा से जुड़े हुए नहीं है ।आजीविका के लिए घर-घर जाकर बधाइयां देते हैं और नेग लेते हैं इसके अलावा आजीविका को कोई साधन उनके पास नहीं है।समाज की संकीर्ण सोच के चलते परिवार में उनके लिये स्थान नहीं। वहीं दूसरी ओर वृद्धाश्रमों की बढ़ती संख्या भी चिंता का कारण है। किन्नर द्वारा यह कहा जाना कि यदि उन्हें परिवार में स्थान मिलता तो वह भी श्रवण कुमार के समान माँ-बाप की सेवा करते। हृदय को छू लेता है वही समाज की मानसिकता पर तंज कसता है। डॉ अनुज प्रभात जी की छज्जों अत्यंत हृदय स्पर्शी है। पालतू पशु के प्रति ममता, करुणा, प्रेम यह सहज ही द्रष्टव्य है।एक ओर दहेज प्रथा के विरोध का स्वर भी सुनाई देता है, वहीं शहरी जीवन में व्याप्त कृत्रिमता, चकाचौंध के चलते सुलभ भावनाएओं का लुप्त होना भी दर्शाया गया है ।बकुल विदाई का क्षण अत्यंत हृदय स्पर्शी है ।पशु अपनी स्वामी से निस्वार्थ प्रेम करता है। मूक पशुओं का निस्वार्थ प्रेम नेत्र नम कर देता है। राज प्रिया रानी की कहानी 'वह काली रात' "बेटियाँ समाज माता-पिता के लिए भार स्वरूप है।"इस सोच ने हमारे समाज को रुग्ण बनाया है। दूसरी ओर पत्नी के रूप में स्त्री पुरुष के समस्त अत्याचार सहन करती है और उसके विरुद्ध एक आवाज़ नहीं उठाती। लेखिका बेटियों को आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर दर्शा, उन्हें सशक्त बनाने का संदेश देती हैं । बेटियाँ माँ से गहराई से जुड़ी हुई हैं और उसके हर दुख को दूर करने के लिए प्रयास करती हैं। रश्मि लहर की कहानी 'शिरीष' जितनी खूबसूरत कहानी है ,उससे कहीं अधिक सुंदर मृदु कोमल स्वर में उनकी प्रस्तुति भी रही। बहुत ही शानदार ! तिलिस्मी आवाज़ के जादू में बंध कथा नायक सुदृढ़ प्रेम सूत्र में बन जाता है और अपनी प्रेयसी के लिए कुछ भी करने को तत्पर हो जाता है।आत्मा से आत्मा का प्यार बहुत सुंदर ! सच्चे प्रेम की अनूठी कहानी के लिए और उत्कृष्ट प्रस्तुति के लिए हार्दिक बधाई .रश्मि जी। कुछ कहानियाँ नेटवर्क की समस्या होने के कारण सुनने में मैं असमर्थ रही। अजीत कुमार कोई कहानी अनावश्यक विस्तार पाई है l

विदेशी शराब के साथ दो गिरफ्तार, बाइक जब्त

भभुआ (कैमूर) (नि.सं.)। जिले के अखिनी चेक पोस्ट के पास से उत्पाद विभाग के अफसरों ने 180 एमएल विदेशी शराब के साथ दो धंधेबाज को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार दुर्गावती थाना क्षेत्र के पिपरी गांव निवासी बसंत सिंह के पुत्र जोगेंद्र सिंह तथा यूपी के सैयदराजा थाना क्षेत्र अंतर्गत नौबतपुर गांव निवासी बेचन राम के पुत्र कलिंदर राम बताया जाता है। जहां अखिनी चेक पोस्ट के पदाधिकारी ने बताया कि चेक पोस्ट पर शराब मामले को लेकर जांच अभियान चल रहा था। तभी यूपी से आ रहा दो बाइक सवार को रुकवा कर जांच किया गया। तो बाइक के डिग्गी में 180 एमएल विदेशी शराब को लेकर जा रहा था। तभी पुलिस ने शराब व बाइक को जब्त करते हुए दो व्यक्ति को गिरफ्तार किया है। वही उत्पाद अधिनियम एक्ट के तहत कार्रवाई करते हुए दोनों को न्यायिक हिरासत में भेज दिया है।

लावारिस बैग से चार किलो गांजा और अंग्रेजी शराब बरामद

निज संवाददाता

जमुई। जमुई रेल जीआरपी पुलिस ने तस्करी के लिए ले जा रहे गांजा और अंग्रेजी शराब को बरामद किया है। जीआरपी पुलिस ने प्लेटफार्म नंबर एक के शौचालय के पास से लावारिस अवस्था में तीन बैग और एक झोला से इसे बरामद किया है। जीआरपी पुलिस ने बताया कि सावधानी पूर्वक जब बैग की तलाशी ली तो बैग में अलग-अलग ब्रांड के अंग्रेजी शराब बरामद किया गया। वहीं, बरामद चार बंडल में गांजा जिसका वजन चार किलो से अधिक था। पुलिस गांजा के मूल्य के बारे में जानकारी नहीं दी गई है। लेकिन सूत्रों की माने तो बाजार में गांजा की कीमत प्रति किलो 15 से 20 हजार होंगे। वहीं, बरामद अंग्रेजी शराब की कीमत लगभग 10 हजार के करीब होगा। रेल पुलिस ने इस दौरान पूछताछ करने पर आसपास उसका कोई दावेदार नहीं मिला। इस संबंध में रेल थानाध्यक्ष मनोज कुमार देव बताते हैं कि मामले में अज्ञात के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कर ली गई है। उन्होंने बताया कि शराब तस्करों के खिलाफ जांच अभियान जारी रहेगा।

वास्को द गामा-मुजफ्फरपुर-वास्को द गामा समर स्पेशल के परिचालन अवधि में विस्तार

निज संवाददाता

हाजीपुर (वैशाली)। हाजीपुर-पाटलिपुत्र-डीडीयू-प्रयागराज छिवकी-जबलपुर के रास्ते चलायी जा रही वास्को द गामा-मुजफ्फरपुर-वास्को द गामा समर स्पेशल के परिचालन अवधि में विस्तार किया जा रहा है। अब गाड़ी सं. 07309 वास्को द गामा-मुजफ्फरपुर समर स्पेशल 15.05.2024 से 12.06.2024 तक प्रत्येक बुधवार को वास्को द गामा से 16.00 बजे खुलकर शुक्रवार को 07.00 बजे पाटलिपुत्र रूकते हुए 09.45 बजे मुजफ्फरपुर पहुंचेगी। इसी तरह गाड़ी सं. 07310 मुजफ्फरपुर-वास्को द गामा समर स्पेशल 18.05.2024 से 15.06.2024 तक प्रत्येक शनिवार को मुजफ्फरपुर से 13.00 बजे खुलकर 14.45 बजे पाटलिपुत्र रूकते हुए सोमवार को 06.30 बजे वास्को द गामा पहुंचेगी। इस स्पेषल में द्वितीय वातानुकूलित श्रेणी के 01, तृतीय वातानुकूलित श्रेणी के 01, तृतीय वातानुकूलित इकॉनोमी श्रेणी के 02, शयनयान श्रेणी के 10 एवं साधारण श्रेणी के 04 कोच हैं।

तेज रफ्तार स्कॉर्पियो की चपेट में आने से बाइक सवार 1 युवक की मौत एक घायल

निज संवाददाता



नवादा। तेज रफ्तार स्कार्पियो ने एक बाइक सवार युवक को जोरदार टक्कर मार दिया। यहां घटनास्थल पर एक युवक की मौत हो गई। वहीं, एक गंभीर रूप से घायल युवक को सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां बेहतर इलाज के लिए मेडिकल अस्पताल पावापुरी रेफर कर दिया गया है। बता दें कि यह पूरा मामला सोमवार का है। जहां नगर थाना क्षेत्र के लोहानी बीघा ओवरब्रिज पर तेज रफ्तार स्कार्पियो की चपेट में आने से बाइक पर सवार एक युवक की मौत हो गई। जबकि दूसरा युवक गंभीर रूप से जख्मी हो गया। जिसे बेहतर इलाज के लिए पावापुरी रेफर कर दिया गया है। दोनों युवक आपस में दोस्त बताया जा रहे हैं। मृतक की पहचान रसूल नगर मोहल्ला निवासी मोहम्मद सज्जाद का बेटा मोहम्मद जैक खान (19) के रूप में की गई। वहीं, जख्मी युवक की पहचान मोहम्मद साबिर का बेटा मोहम्मद कैफ के रूप में किया गया है। बताया जा रहा है कि दोनों युवक बाइक से लोहानी बीघा की ओर गया था। तभी तेज रफ्तार स्कॉर्पियो ने बाइक में जोरदार टक्कर मार दी। इससे दोनों युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। 112 की आपातकालीन सेवा पुलिस टीम द्वारा दोनों युवक को सदर अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां इलाज के दौरान मोहम्मद जैक खान की मौत हो गई। वहीं, मोहम्मद कैफ को बेहतर इलाज के लिए पावापुरी रेफर कर दिया गया। फिलहाल, पुलिस शव को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए सदर अस्पताल भेज दिया है। वहीं, घटना के बाद मृतक के परिजनों का रो-रो कर बुरा हाल है। नगर थाना प्रभारी अविनाश कुमार ने कहा कि घटना की जानकारी मिलते ही स्थानीय पुलिस मौके पर पहुंची थी। दोनों युवक को सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया गया था। जहां डॉक्टर ने एक युवक को मृत्यु घोषित कर दिया है। वहीं दूसरी युवक को इलाज करने के बाद बेहतर इलाज के लिए पावापूरी मेडिकल अस्पताल रेफर कर दिया है। शव को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए सदर अस्पताल भेज दिया गया है।

तेज रफ्तार ई-रिक्शा पलटने से दबने से मासूम की हुई मौत

निज संवाददाता

नवादा। एक तेज रफ्तार ई-रिक्शा ने 5 वर्षीय मासूम पर पलट गया, जिससे उसकी मौत हो गई। घटना रूपौ थाना क्षेत्र के रूपौ बाजार की है। जहां मृतक की पहचान धनवां निवासी गोपाल कुमार के पुत्र सन्नी कुमार(5) उर्फ गोलू के रूप में हुई है। बताया जा रहा है कि वह रूपौ बाजार में हो रहे यज्ञ में शामिल होकर मां के साथ घर लौट रहा था। तभी रास्ते में तेज रफ्तार ई-रिक्शा अनियंत्रित होकर सन्नी के ऊपर पलट गया। जिससे घटनास्थल पर ही उसकी मौत हो गई। घटना के बाद आसपास की भीड़ वहां इकट्ठा हो गयी। घटना की जानकारी पुलिस को दी गई। सूचना पर पहुंची पुलिस शव को अपनी कब्जे में कर पोस्टमॉर्टम के लिए सदर अस्पताल भेज दिया है। वहीं घटना के बाद परिजनों का रो-रो कर बुरा हाल है। थानाध्यक्ष विनय कुमार ने बताया की जानकारी मिलते ही घटनास्थल पर पहुंचकर ई-रिक्शा चालक को गिरफ्तार किया गया है। वही घटनास्थल से ई-रिक्शा को भी जब्त कर लिया गया है। मृतक की शव को कब्ज में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए सदर अस्पताल नवादा भेज दिया गया है।

जीवन ज्योति पब्लिक स्कूल का जलवा बरकरार 12वीं तथा 10वीं में भी बच्चों ने अपना परचम फहराया

निज संवाददाता



नवादा। नगर स्थित जीवन ज्योति पब्लिक स्कुल के शुभम राज ने 95% अंक प्राप्त कर सर्वोच्च स्थान प्राप्त किया वहीं सर्वेश 94% सुमित कुमार 94% अंकित कुमार 93% कृति वर्मा 92% समीर राज 92% रोशन कुमार 91% दीपराज 90% मोहित कुमार 90% मुस्कान कुमारी 90% पियूष गुप्ता 90% खुशी कुमारी 90% आरती कुमारी 90% सौराभ राज 90% स्वेता सिंह 90% सुभम राज 90% अलीशा सिंह 90% मयांक कुमार 90% आकाश प्रधान 91% आस कुमारी 93% तनुश्री आर्य 90% सिम्मी कुमारी 90% निखिल कुमार 90% प्रशांत कुमार 91% इस प्रकार इस प्रकार जीवन ज्योति के 24 बच्चे 90% से ऊपर तथा 85% से ऊपर 19 बच्चे 80% से ऊपर 17 बच्चे इस तरह कुल मिलाकर जीवन ज्योति का जलवा बरकरार रहा है. छात्रों ने सफलता पर जीवन ज्योति पब्लिक स्कूल के निदेशक रश्मि गुप्ता तथा प्रबंध निदेशक आर पी साहू एवं प्रिंसिपल शैलेंद्र कुमार सिंहा प्रिंसपल हिसुआ अनुराधा विश्वकर्मा, प्रिंसपल हिसुआ अनुराधा विश्वकर्मा वॉइस प्रिंसिपल कीर्ति नारायण ऑफिस स्टाफ श्याम कुमार एवं संदीप कुमार के साथ-साथ शिक्षक अमरनाथ विश्वकर्मा रविंद्र शर्मा एवं सभी ने सफल छात्राओं को छात्रों को बधाई दी है।

तिलैया-कोडरमा रेलखण्ड का हो रहा निर्माण, यात्रियों को होगी सुविधा

निज संवाददाता

रजौली (नवादा)। प्रखण्ड के हरदिया पंचायत स्थित डेलवा नामक एकमात्र होल्ट है,जो कोडरमा एवं गया रेलवे लाइन के बीच पड़ता है। रेलवे लाइन नहीं रहने के कारण लोगों को सफर करने में काफी परेशानी हुआ करती थी। रजौली एवं आसपास के लोग ट्रेन के लिए झारखण्ड के कोडरमा अथवा बिहार के नवादा, पहाड़पुर, गया एवं पटना तक बस या कार की मदद से जाते थे। इसका एक मुख्य कारण था कि रजौली क्षेत्र में न तो रेलवे लाइन थी और न ही कोई होल्ट या स्टेशन। इसी बीच बीते वर्षों से नवादा जिले के हिसुआ क्षेत्र अंतर्गत तिलैया स्टेशन से झारखण्ड के कोडरमा स्टेशन के बीच रेलवे लाइन बिछाने का कार्य तेजी से किया जा रहा है। इससे सफर करने वाले लोगों को काफी सुविधा मिलेगी। हालांकि रजौली का नितकतम स्टेशन सिरदला के खरौन्ध नामक जगह पर बनाया गया है। जो रजौली मुख्यालय से महज 5 से 6 किलोमीटर के आसपास है। तिलैया-कोडरमा रेलखण्ड के निर्माण हेतु दर्जनों कम्पनियां लगातार काम कर रही है। ताकि जल्द से जल्द रजौली व सिरदला के सैकड़ों गांवों को रेलवे लाइन से जोड़ा जाए। जिसमें कई कम्पनियां मिट्टी भरने, रेलवे लाइन बिछाने एवं टनल आदि का निर्माण करने में जुटे हुए हैं। इस रेलवे लाइन के बिछने से किसानों, छात्र-छात्राओं एवं युवाओं को काफी सहूलियत होगी। क्योंकि इससे पूर्व उन्हें सड़कों पर जाम आदि की समस्या भी देखने को मिलती थी और समय की बहुत बर्बादी हुआ करती थी। निर्माणाधीन रेलवे लाइन के निरीक्षण को लेकर धनबाद एवं पूर्व मध्य रेलवे मुख्यालय हाजीपुर, पटना से रेलवे पदाधिकारीगण आते रहते हैं और कम्पनियों को दिशा-निर्देश भी देते रहते हैं।

सावन की तरह जम कर बरसे बादल, अब बारिश के आसार कम

नवादा (नि.सं.)। मई माह के 07वें और 11वें दिन सावन की तरह जम कर बादल बरसे। लगभग 30 एमएम तक की बारिश हो गई। लेकिन अब बारिश के आसार कम हैं। सोमवार से तापमान में क्रमिक बढ़ोतरी होती जाएगी और दिन शुष्क रहेंगे। इस बीच, अभी भी आसमान में हल्के से मध्यम बादल छाए रह सकते हैं लेकिन यह बरसेंगे नहीं। वर्तमान की प्री-मानसून वाली अच्छी बारिश से आगामी खरीफ सीजन को लेकर किसानों में अभी से ही उत्साह दिख रहा है। अभी तक समय पर मानसून के आने की संभावना जताई जा रही है। सारी प्राकृतिक परिस्थितियां अनुकूल रह गई तो 12 से 15 जून तक मानसून का नवादा आगमन संभावित है। मौसम की अद्यतन जानकारी में कहा गया है कि पिछले 24 घंटे के दौरान हल्के से मध्यम स्तर की बारिश हुई लेकिन आगामी 24 घंटे में ऐसी कोई संभावना नहीं बन रही है।

भीषण गर्मी में थोड़ी बहुत आंधी चलने से घंटों बिजली गुल

निज संवाददाता

रजौली (नवादा)। प्रखण्ड क्षेत्र में सोमवार की शाम को चली तेज हवाओं के कारण भीषण गर्मी में बिजली गुल रही। वहीं तेज हवाओं ने सड़क के किनारे रहे कुछ पेड़ों को भी नुकसान पहुंचाया।साथ ही इस दौरान थोड़े देर के लिए धूल से सड़कें ओझल हो गई थी। जिससे वाहनों के आवागमन की रफ्तार थम सी गई थी। इस दौरान एनएच 20 पर स्थित विजय वाटिका होटल के समीप लगी एक ट्रक पर पेड़ की टहनी टूटकर गिर पड़ी, जिससे कंटेनर ट्रक संख्या एनल02एल7808 का शीशा टूट गया। भीषण गर्मी में तेज हवाओं ने गर्मी से थोड़ी राहत तो दी,किन्तु बिजली गुल रहने के कारण लोगों की परेशानियां बढ़ गई। बजरंग बली चौक स्थित रितेश इलेक्ट्रॉनिक्स में पंखा बनवाने गए विक्रम कुमार ने कहा कि उनका पंखा खराब हो गया था, जिसे वे बनवाने के लिए वे मिस्त्री को दिए थे। दुकानदार द्वारा कहा गया कि बिजली आने के बाद ही उनका पंखा बन पाएगा। विक्रम ने कहा कि बिजली विभाग की लापरवाही से रजौली की जनता काफी परेशान हैं। मौसम में जरा सा भी उतार-चढ़ाव होता है, तो बिजली घंटों तक गुल रहती है। वहीं अन्य ग्रामीणों ने कहा रजौली को छोड़ अन्य किसी जगहों पर थोड़ी-बहुत आंधी या बूंदा-बूंदी होने पर इतनी बिजली नहीं काटी जाती है। वहीं दिलीप कुमार पण्डित ने कहा कि रजौली बिजली विभाग का एक ग्रुप भी है, जिसके माध्यम से लोगों को सही जानकारी भी मुहैया नहीं कराई जाती है। बिजली कटे रहने के कारण बच्चों से लेकर अन्य आयुवर्ग के लोगों को रात्रि में सोने से लेकर पीने के पानी के लिए भी तरसना पड़ता है। उन्होंने कहा कि पहले ऐसे हालात नहीं थे, किन्तु विगत एक-दो माह से बिजली विभाग काफी लापरवाह हो गया है। जबकि बिजली विभाग में कार्यरत कर्मी भूषण सिंह द्वारा थोड़ी बहुत अपडेट दी जाती है। किंतु बिजली जेई एवं अन्य पदाधिकारियों द्वारा किसी प्रकार की सूचना का आदान-प्रदान नहीं किया जाता है। कुछ लोग बिजली विभाग के सरकारी नम्बर पर कॉल करके जानकारी लेना चाहते हैं, तो उनका फोन या तो स्विच ऑफ आता है या फोन उठना ही बन्द हो जाता है।वहीं बाजार निवासी राहुल कुमार कहते हैं कि थोड़े बहुत बिजली बिल बकाया रहने पर बिजली पदाधिकारी बिजली उपभोक्ता को पैसे जमा करने को लेकर बिजली काटने तक की बात भी कहते हैं। उसी प्रकार लोग जब समय पर पैसा जमा कर रहे हैं, तो फिर वे बिजली में कटौती क्यों सहेंगे। लोगों ने कहा कि यदि बिजली विभाग द्वारा बरती जा रही लापरवाही में सुधार नहीं लाया गया, तो वे चरणबद्ध आंदोलन करने के लिए मजबूर हो जाएंगे। ग्रामीणों ने सम्भावित आंदोलन के पीछे का मुख्य कारण बिजली आधारित व्यवसाय के प्रभावित होना एवं घरेलू जरूरतों के बिना घण्टों घर में बेबस पड़ा रहना बताया है।

विद्यालय प्रबंधन और अभिभावकों के बेहतर सामंजस्य से होता है बच्चों का सर्वांगीण विकास : डॉ. अनुज कुमार

निज संवाददाता

नवादा। मॉडर्न शैक्षणिक समूह के विद्यालयों मॉडर्न इंग्लिश स्कूल, न्यू एरिया, न्यू मॉडर्न इंग्लिश स्कूल, न्यू एरिया एवं मॉडर्न इंग्लिश स्कूल, कुंती नगर में पढ़ने वाले विद्यार्थियों के शिक्षकों एवं अभिभावकों के बीच परिचर्चा का आयोजन न्यू एरिया के बहुउद्देशीय सभागार में किया गया। परिचर्चा की अध्यक्षता मॉडर्न शैक्षणिक समूह के अध्यक्ष एवं शिक्षाविद डॉ. अनुज कुमार सिंह ने की। परिचर्चा का उद्देश्य विद्यार्थियों की प्रगति से उनके अभिभावकों को अवगत कराना था। साथ ही अभिभावकों से उनके सलाह एवं सुझाव भी लिए गए। मौके पर उपस्थित हजारों अभिभावकों को संबोधित करते हुए डॉ. अनुज ने कहा कि विद्यालय के परिचालन एवं विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास के लिए अभिभावकों का सजग रहना और विद्यालय प्रबंधन को सहयोग करना अति आवश्यक है। उन्होंने कहा कि मॉडर्न के विद्यालयों में विद्यार्थियों को ना केवल किताबी ज्ञान दिया जाता है बल्कि व्यावहारिक, नैतिक और सामाजिक ज्ञान भी दिया जाता है। विद्यार्थियों को उनकी रुचि के अनुसार खेल तथा गीत- संगीत आदि क्षेत्रों में अपनी प्रतिभा को प्रदर्शित करने का भरपूर अवसर दिया जाता है। यही कारण है कि मॉडर्न के विद्यार्थी ना केवल विभिन्न परीक्षाओं में जिले में अव्वल हैं बल्कि खेलकूद में राज्य स्तरीय तथा राष्ट्रीय स्तरीय प्रतियोगिताओं में अपना परचम लहरा रहे हैं। डॉ. अनुज ने उपस्थित अभिभावकों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि इतनी बड़ी संख्या में आपकी उपस्थिति ना केवल अत्यंत सराहनीय है बल्कि इससे यह भी पता चलता है कि आप सभी अपने बच्चों के भविष्य के लिए सजग हैं। आप जैसे अभिभावक ही इस शिक्षित समाज के अगुआ हैं क्योंकि बच्चों का पहला विद्यालय उनका घर ही होता है और पहले शिक्षक माता-पिता होते हैं। जो अभिभावक अपने बच्चों के विकास के प्रति जागरूक हैं और विद्यालय के साथ साथ घर में भी ध्यान देते हैं वैसे अभिभावकों के बच्चे ही बेहतर प्रदर्शन करते हैं और उनका परिणाम अच्छा होता है। डॉ. अनुज ने अभिभावकों से यह अपील की कि अपने बच्चों को ट्यूशन, कोचिंग आदि में नहीं भेजें। इसके बजाय बच्चों को स्वाध्याय के लिए प्रेरित करें। विद्यालय में शिक्षकों के द्वारा जितना पाठ पढाया जाता है यदि उसे ही अच्छी तरह दोहरा लिया जाय, दिया गया गृहकार्य सही से पूरा कर लें और यदि कोई समस्या होती है तो बेहिचक अपने शिक्षकों के समक्ष रखें तो बच्चों को ट्यूशन जाने की आवश्यकता नहीं पडेगी। संबोधन के अंत में उन्होंने सभी अभिभावकों से खुद को और अपने बच्चों को जंक फुड और मोबाईल से दूर रहने की नसीहत भी दी। इस अवसर पर मॉडर्न इंग्लिश स्कूल, न्यू एरिया के प्राचार्य गोपाल चरण दास, उप प्राचार्य सुजय कुमार, वीणा वर्णवाल, मिथिलेश कुमार विजय, वरिष्ठ शिक्षक मणिकांत मिश्रा, विनोदानंद झा, नीरज मिश्रा, उमेश पाण्डेय तथा कई अभिभावकों ने भी अपने विचार व्यक्त किए। इस अवसर पर सभी शाखाओं के शिक्षक एवं हजारों अभिभावक उपस्थित थे।

सी.बी.एस.ई दशवीं बोर्ड की परीक्षा में पाई सफलता

नवादा (नि.सं.)। नगर के कोनिया पर स्थित दिल्ली सेन्ट्रल पब्लिक स्कुल के छात्र -छात्राओं ने सी.बी.एस.ई दशवीं बोर्ड की परीक्षा में सफलता प्राप्त कर विद्यालय का नाम रौशन किया.जिसमें 90 प्रतिशत से ज्यादा अंक प्राप्त करने वालों में प्रियांशु, आनंद, शुभम, सौरभ राज, प्रीतम सुमन, शिवपुजारी, सुमित एवं भारती शामिल है। विद्यालय के निदेशक प्रेम सिन्हा एवं प्राचार्य अर्चना सिन्हा ने ख़ुशी जाहिर करते हुए कहा की विद्यालय के बच्चो ने परीक्षा में बेहतर प्रदर्शन कर विद्यालय का नाम रौशन किया तथा अपने परिवार के गौरव को बढ़ाया है। शिक्षकों ने सभी बच्चो के उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए बधाई एवं शुभकामनायें दी है।

24 शराब पीने वाले शराबी धराये, वसूला गया जुर्माना

निज संवाददाता

रजौली (नवादा)। थाना क्षेत्र के एन.एच-20 पर दोपटा मोड़ के समीप से उत्पाद एसआई सन्नी कुमार ने 120 लीटर शराब लदे एक अपाची बाइक को भी जब्त किया। वहीं मौके से दो शराब धंधेबाजों को भी गिरफ्तार किया गया। बिहार मद्दनिषेध को लेकर चितरकोली पंचायत स्थित समेकित जांच चौकी पर उत्पाद एसआई पिन्टू कुमार के नेतृत्व में झारखण्ड की ओर से आने वाली प्रत्येक छोटी एवं बड़ी वाहनों की सघन जांच की जाती है। वहीं आसपास के क्षेत्रों में उत्पाद बलों की सहायता से गश्त कर भी शराब निर्माण, परिवहन, भंडारण, बिक्री एवं सेवन के विरुद्ध लगातार छापेमारी की जा रही है। उत्पाद एसआई पिन्टू कुमार ने कहा कि रविवार की संध्या लगभग साढ़े सात बजे गश्त के दौरान दोपटा मोड़ के समीप एक अपाचे बाइक संख्या बीआर02एभी3667 पर लदे 120 लीटर देशी महुआ शराब को जब्त किया गया। वहीं मौके से दो शराब धंधेबाजों अंधरबारी पंचायत के सलेमपुर गांव निवासी मो रसीद अंसारी के पुत्र मो सरफराज अंसारी एवं अनुज सिंह के पुत्र अभिषेक कुमार के रूप में हुई है। वहीं विभिन्न वाहनों से झारखण्ड की ओर से बिहार प्रवेश करने वाले लोगों की जांच ब्रेथ एनालाइजर मशीन से करने पर कुल 24 लोगों के शराब पीये होने की पुष्टि हुई है। उत्पाद एसआई ने कहा कि गिरफ्तार लोगों के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज कर सोमवार को न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया है। वहीं शराब पीने वाले लोगों को मजिस्ट्रेट के समक्ष प्रस्तुत किया गया। जहां से सभी शराबियों से जुर्माना की राशि वसूल कर छोड़ दिया गया। इस मौके पर उत्पाद एएसआई राकेश कुमार, उत्पाद सिपाही, सैप बल एवं गृहरक्षक के जवान शामिल थे।

सी.बी.एस.ई बारहवीं की बोर्ड परीक्षा में मॉडर्न के विद्यार्थियों ने शानदार सफलता अर्जित कर कीर्तिमान किया स्थापित

निज संवाददाता

नवादा। कल जारी हुए सी.बी.एस.ई बारहवीं बोर्ड के परीक्षा परिणामों में नवादा जिले के कुंती नगर में स्थित मॉडर्न इंग्लिश स्कूल के विद्यार्थियों ने शानदार सफलता अर्जित करते हुए विद्यालय और परिजनों को गौरवान्वित किया है। हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी मॉडर्न के विद्यार्थियों का परिणाम जिले भर में सबसे उत्कृष्ट रहा है। विद्यालय की छात्रा दीप्ती सिंह 91.07 प्रतिशत अंक प्राप्त कर विज्ञान संकाय में टॉपर बनी जबकि मोहम्मद रईफुल ईमाद ने 89 प्रतिशत अंक प्राप्त कर विद्यालय में दूसरा तथा मोहम्मद लक्की खान ने 88.09 प्रतिशत अंक के साथ विद्यालय में तीसरा स्थान प्राप्त किया। वाणिज्य संकाय में उन्नति कुमारी ने बेहतरीन प्रदर्शन करते हुए 81 प्रतिशत अंकों के साथ विद्यालय में शीर्ष स्थान प्राप्त किया जबकि आर्यन गुप्ता ने 74.40 प्रतिशत जबकि आरुषि कुमारी ने 73 प्रतिशत अंक प्राप्त कर क्रमशः दूसरा एवं तीसरा स्थान प्राप्त किया। विद्यालय के 48 विद्यार्थियों ने 80 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त कर शानदार सफलता अर्जित की है। मॉडर्न शैक्षणिक समूह के अध्यक्ष एवं शिक्षाविद डॉ. अनुज कुमार सिंह ने विद्यार्थियों के प्रदर्शन पर खुशी व्यक्त करते हुए उनकी सफलता का श्रेय विद्यार्थियों की कड़ी मेहनत एवं शिक्षकों के मार्गदर्शन को दिया एवं सभी के उज्ज्वल भविष्य की कामना की। उन्होंने अपने संबोधन में अभिभावकों से भी यह अपील की कि अपने बच्चों को कोटा, पटना आदि शहरों में भेजने की कोई आवश्यकता नहीं है। ग्यारहवीं, बारहवीं की पढाई के साथ साथ इंजीनियरिंग, मेडिकल तथा अन्य प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी के लिए मॉडर्न इंग्लिश स्कूल के रूप में एक बेहतरीन विकल्प मौजूद नवादा शहर में ही मौजूद है। हर वर्ष जारी होने वाले परीक्षा परिणाम इस बात की तस्दीक करते हैं। इस अवसर पर प्राचार्य गोपाल चरण दास, उप प्राचार्य मिथिलेश कुमार विजय, शिक्षक धर्मवीर सिन्हा, मणिकांत मिश्रा, रौशन मिश्रा, दीपक प्रुष्टि, अखिलेश कुमार तथा सैकड़ों विद्यार्थी उपस्थित थे|

वारिसलीगंज से नवादा तक 25 मई से डबल लाइन पर दौड़ेंगी ट्रेनें

नवादा (नि.सं.)। किऊल-गया रेलखंड के यात्रियों की सुविधा में अब बढ़ोत्तरी हो जाएगी। वारिसलीगंज से लेकर नवादा स्टेशन के बीच अब आगामी 25 मई से डबल लाइन पर ट्रेनें दौड़ने लगेंगी। रेल सूत्रों से मिली जानकारी के मुताबिक, वारिसलीगंज से नवादा तक दोहरीकरण का कार्य पूरा 09 मई तक पूरा कर लिया गया है जबकि इसी दिन से नए ट्रैक पर ट्रायल शुरू कर दिया गया है। स्पीड ट्रायल के लिए आसपास के गांवों के लोगों को पटरी से दूर रहने को लेकर एहतियातन माइकिंग कराई जा रही है ताकि कोई दुर्घटना आदि घटित न हो जाए। इस क्रम में नन-इंटरलॉकिंग आदि का कार्य भी तेजी से किया जा रहा है। इसको लेकर वरीय अधिकारियों की आवाजाही लगी है। एनआई और स्पीड ट्रायल का काम पूर्ण हो जाने के बाद 25 मई को कमीशनिंग होगी।

साहित्यकार चौथीराम के निधन पर साहित्यकारों में शोक

- **नवादा प्रलेस के कार्यकारी अध्यक्ष शम्भु विश्वकर्मा ने उनकी बेवाक टिप्पणियों को समृद्ध साहित्य के रूप में संजोग कर रखने की चीज बताया।**

निज संवाददाता

नवादा। प्रगतिशील विचार धारा के सबसे मजबूत ध्वजवाहक, सांस्कृतिक समरसता के शक्तिस्रोत और निर्विवाद समालोचक चौथीराम यादव के निधन से जिला प्रगतिशील लेखक संघ हतप्रभ और शोकसंतप्त है। नवादा प्रलेस के जिला अध्यक्ष नरेंद्र प्रसाद सिंह और महासचिव अशोक समदर्शी ने चौथीराम यादव के निधन पर शोक संवेदना व्यक्त करते हुए उपर्युक्त बातें कहीं। उन्होंने उनके जीवन संघर्ष और सामाजिक सांस्कृतिक अवदानों को गिनाते हुए स्पष्ट किया कि चौथीराम यादव होने का अर्थ क्या होता है। नवादा प्रलेस के कार्यकारी अध्यक्ष शम्भु विश्वकर्मा ने उनकी बेवाक टिप्पणियों को समृद्ध साहित्य के रूप में संजोग कर रखने की चीज बताया। सोशल मीडिया पर सक्रीय रह कर नए रचनाकारों को प्रेरित करना उनकी लेखन क्षमता को शेयर कर अग्रसारित करना तथा उसके निहितार्थ पर प्रकाश डालना चौथीराम यादव को अन्य साहित्यकारों से अलग श्रेणी में खड़ा करता है। उन्होंने शोक संतप्त प्रगतिशील बुद्धिजीवियों को सांत्वना देते हुए कहा कि चौथीराम यादव की स्थूल काया भले पंचतत्व में विलीन हो गया हो किन्तु उनकी सूक्ष्म काया आज भी दर्जनों वैचारिक पुस्तकों के रूप में मौजूद है जिसका लाभ हमारी कई पीढियां उठा सकेगी। प्रगतिशील साहित्यकारों ने नवादा प्रलेस की ओर से चौथीराम यादव को श्रद्धांजलि देते हुए उनके परिजनों के प्रति गहरी संवेदना व्यक्त की है।

गया व पटना जिले तक फैला है बाइक चोरों का नेटवर्क

नवादा (नि.सं.)। बाइक चोर गिरोह का नेटवर्क सूबे के पटना व गया जिले समेत कई अन्य जिलों तक फैला है। चोरी की बरामद की गयी बाइक की जांच में इस बात का खुलासा हुआ है कि बरामद बाइक में से 40 फीसदी बाइक दूसरे जिलों से चुरायी गयी थी। इनमें पटना व गया के अलावा अन्य जिले शामिल हैं। वहीं 60 फीसदी के करीब बाइक नवादा जिले के विभिन्न थाना क्षेत्रों से चोरी की गयी थी। पुलिस के मुताबिक जिले के रजौली पुलिस अनुमंडलीय क्षेत्र से बरामद की गयी बाइक में से तकरीबन 20 बाइक का पता चल चुका है। जबकि इंजन नंबर व चेसिस नंबर घिसा होने के कारण कई बाइक का पता नहीं चल सका है। वैसे पुलिस सभी बाइकों का पता लगाने में जुटी है। इसके लिए पुलिस द्वारा वैज्ञानिक तकनीक व नये सॉफ्टवेयर का इस्तेमाल किया जा रहा है।

संक्षिप्त समाचार

रास्ते के विवाद में दो पक्षों में झड़प, चार घायल

आरा। मुफस्सिल थाना क्षेत्र के बड़का डुमरा गांव में रविवार की सुबह रास्ता के विवाद को लेकर दो पक्षों के बिच मारपीट हो गई। जिसमें एक पक्ष के चार लोग घायल हो गए। घटना के बाद परिवार के लोगों ने सभी घायलों को इलाज के लिए सदर अस्पताल लाया। जहां सभी घायलों का इलाज चल रहा है। घायल की मां विद्या ज्योति ने बताया की मै अपना घर बनवाने के लिए चिमनी भठ्ठा से ईट खरीद कर ला रहे थे। मेरे घर के पहले मेरे पड़ोसन का घर है। जब मेरा पुत्र ट्रैक्टर लेकर आ रहा था तो पड़ोसन के लड़के ने कहा की मेरे घर के सामने से आपका गाड़ी नही जाएगा। इसी बात को लेकर विवाद हुआ और हमारे पुत्र और बहन के पुत्र समेत चार लोगों को मारपीट कर घायल कर दिया। जिसके बाद मैं सभी घायलों को इलाज के लिए सदर अस्पताल लाई हुआ। सभी घायलों का इलाज चल रहा है। घायलों में संजय कुमार भगत उम्र 25 वर्ष पिता मंगल भगत, शिशुपाल भगत उम्र 18 वर्ष पिता जोगिंदर भगत, धीरेंद्र कुमार भगत उम्र 25 वर्ष पिता शिवाधार भगत है।

बाजार से घर आने के क्रम में महिला घायल

आरा। पवना थाना क्षेत्र के नरौनी गांव की रहने वाली महिला की किसी अज्ञात वाहन से ठोकर लगने जी कारण घायल हो गई। घायल महिला पवना थाना क्षेत्र के नरौनी गांव निवासी कलावती देवी उम्र 40 वर्ष पति सुरेंद्र पासवान है। कलावती देवी मिडिल स्कूल में रसोइया का काम करती है। घायल महिला बाइक से अगियाव गई थी। जहां से अपना काम कर वापस बाइक से गांव आ रही थी। तभी रास्ते में पावना पेट्रोल पंप के पास अज्ञात वाहन ने ठोकर मार दिया। जिससे बाइक पर पीछे बैठी महिला घायल हो गई। घटना के बाद परिवार वालों को सूचना मिली। सूचना मिलने के बाद परिवार के लोगों ने घायल महिला को इलाज के लिए सदर अस्पताल लाया जहां महिला का इलाज चल रहा है।

विवि कर्मियों को पैसा नहीं मिलना दुर्भाग्य की बात

ब्रह्मपुर। शिक्षा विभाग और विश्वविद्यालय का गतिरोध समाप्त होने का नाम ही नहीं ले रहा है। हाईकोर्ट के निर्देश पर शिक्षा विभाग के अधिकारियों और विश्वविद्यालयों के कुलपतियों तथा अधिकारियों की बैठक के बाद भी विश्वविद्यालयों के खाते में कर्मियों और पेंशनभोगियों के लिए सरकार ने पैसा नहीं भेजा यह दुर्भाग्य की बात है। उक्त बातें कांग्रेस के वरिष्ठ नेता और वीर कुंवर सिंह विश्वविद्यालय के सीनेट सदस्य प्रोफेसर बलिराज ठाकुर ने एक प्रेस बयान में कही।

"पहल कार्यक्रम' के तहत मुफ्त शिक्षा प्राप्त कर भविष्य संवार रहे

बक्सर। जिले के ग्रामीण इलाकों के गरीब छात्र छात्रा पहल कार्यक्रम के अंतर्गत मुफ्त शिक्षा प्राप्त कर सशक्त बन रहे हैं। डीन एकेडमिक्स प्रोफ़ेसर श्यामलाल वर्मा और समर्पित शिक्षकों के मार्गदर्शन में निःशुल्क कक्षा चलायी जा रही है। गणित, रसायन विज्ञान, भौतिकी और अंग्रेजी विषयों की शिक्षा दी जा रही है। बक्सर स्थित राजकीय अभियंत्रण महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ राम नरेश राय ने बताया कि कक्षा 9वीं से 12वीं कक्षा तक के ग्रामीण छात्रों को पहल कार्यक्रम नाम से मुफ्त कक्षाएं प्रदान करके शैक्षिक समानता की दिशा में एक अग्रणी कदम उठाया गया है। ताकि ग्रामीण इलाकों के आस-पास के छात्रों को लाभ मिल सके। उन्होंने बताया कि यह कार्यक्रम डॉ. राम दयाल सिंह, डॉ. अतुल श्रीवास्तव एवं कुमारी निधि की देखरेख में चलाया जा रहा है। जिसका उद्देश्य शैक्षिक अंतर को पाटना और वंचित पृष्ठभूमि के छात्रों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के साथ सशक्त बनाना है। छात्रों को संकाय सदस्यों द्वारा राजकीय अभियंत्रण महाविद्यालय बक्सर के परिसर में पढ़ाया जाता है।

आकाश ग्रुप ने विश्व नर्सेस दिवस मनाया

बक्सर। अन्तर्राष्ट्रीय नर्स दिवस के मौके पर रविवार को आकाश ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशंस में कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम के दौरान फ्लोरेंस नाइटिंगेल के चित्र पर माल्यार्पण किया गया। इसके बाद कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन इंस्टीट्यूट के चेयरमैन लक्ष्मण तिवारी, डॉ. रंगनाथ तिवारी, प्रो श्याम जी मिश्रा, सिविल सर्जन डॉ एससी सिन्हा ने संयुक्त रूप से किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए वक्ताओं ने कहा कि प्रतिवर्ष 12 मई को नर्स दिवस मनाते हैं। इस दिन को मनाने की शुरुआत जनवरी 1974 से हुई थी। हालांकि बाद में मई में नर्स दिवस मनाया जाने लगा। इसके पीछे की एक खास वजह है। नर्स दिवस आधुनिक नर्सिंग की संस्थापक फ्लोरेंस नाइटिंगेल को समर्पित है। इसलिए इस दिन को 12 मई को मनाते हैं। फ्लोरेंस नाइटिंगेल का जन्म 12 मई को ही हुआ था। उन्होंने ही नोबेल नर्सिंग सेवा की शुरुआत की थी। इंटरनेशनल काउंसिल ऑफ नर्स ने 1974 को अंतरराष्ट्रीय नर्स दिवस मनाने की घोषणा की थी। उस दौरान नर्सों को किट वितरण कराने का काम इंटरनेशनल काउंसिल ऑफ नर्स का होता था। वहीं नर्सों के काम से संबंधित चीजों की देखरेख करता था। नर्स मानव सेवा को लेकर समर्पित हैं।

रामेश्वर नाथ मंदिर में हुआ महारुद्राभिषेक व महाआरती

बक्सर। आदि जगतगुरु शंकराचार्य की पावन जयंती के अवसर पर स्थानीय रामेश्वर नाथ मंदिर में रविवार को महारुद्राभिषेक किया गया। सर्वजन कल्याण सेवा समिति सिद्धाश्रम के तत्वाधान में प्रभु श्री राम द्वारा सर्वप्रथम स्थापित श्री रामेश्वर नाथ भगवान का सहस्त्र कलशाभिषेक 1008 घंटे से महारुद्राभिषेक संपन्न हुआ। परम पूज्य श्री पौराणिक जी महाराज (शास्त्री जी) की अध्यक्षता में प्रभु रामेश्वर नाथ जी की भव्य महा अभिषेक, महा श्रृंगार, महाभोग, महाआरती तथा महाप्रसाद वितरण का कार्यक्रम किया गया। मंदिर में विधि विधान से सर्वप्रथम वैदिक मंत्रोच्चार द्वारा प्रभु का महाभिषेक किया गया। सैकड़ों लोगों ने रुद्राभिषेक में शामिल होकर पूजा अर्चना की। उक्त अवसर पर मंदिर में सर्वजन कल्याण सेवा समिति के सभी सदस्य तथा सनातन धर्म प्रेमी उपस्थित थे। समिति ने सफल रुद्राभिषेक कराकर जिला सहित संपूर्ण भारतवर्ष में सुख और मंगल कामना करते हुए 22 जून से आयोजित श्रीराम कथा ज्ञान यज्ञ में सभी को आगमन की सूचना दी।

यज्ञ का अध्यात्म के साथ वैज्ञानिक महत्व भी

बक्सर। यज्ञ का आध्यात्मिक के साथ-साथ वैज्ञानिक भी महत्व है। यज्ञ में गाय के घी तथा संविधा औषधि से हवन होता है उससे वातावरण शुद्ध होता है। एक किलो गाय के घी से संविधान युक्त हवन करने से एक टन ऑक्सीजन का निर्माण होता है। उक्त बातें नगर के पांडेयपट्टी ठाकुरबाड़ी में आयोजित श्री राम यज्ञ में प्रवचन के दौरान वृंदावन के कौशिक जी महाराज ने कही। उन्होंने बक्सर के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा की बक्सर ऐसा आध्यात्मिक नगरी है की श्रीमन नारायण जी उर्फ मामा जी कहते थे कि मां गंगा का नैहर भी बक्सर ही है। क्योंकि जब परमब्रह्म परमेश्वर बटुकनाथ, वामन भगवान ने यहां की धरती पर अवतार लिए थे उस समय ब्रह्मा के कमंडल से और श्री हरि के पैरों से गंगा जी का प्रादुर भाव हुआ।

एमडीजे के छात्रों ने सीबीएसई 10वीं 12वीं बोर्ड परीक्षा में शत-प्रतिशत परीक्षा परिणाम के साथ लहराया परचम

- 96% अंकों के साथ साइंस में आयुष्मान बने स्कूल टॉपर
- 81% अंकों के साथ कला संकाय में आसिफ बने स्कूल टापर

निज संवाददाता। आरा

एमडीजे पब्लिक स्कूल लोहई टोला अमरपुरी सोनवर्षा में आज सीबीएसई 10वीं 12वीं बोर्ड परीक्षा के परिणाम आते ही छात्रों एवं शिक्षकों में खुशी की लहर दौड़ गई। 96% अंकों के साथ विज्ञान संकाय में आयुष्मान ने इतिहास रचते हुए स्कूल टॉपर बनने के साथ-साथ जिला में भी अव्वल स्थान प्राप्त करने का काम किया। वही विज्ञान संकाय में ही अक्षत कुमार 89.8%, रितु रंजन 89%, सोमांजलि सिंह 87.6%, पल्लवी कुमारी 85.4%, प्रियांशु कुमार 84%, रिया कुमारी 79.6%, युवराज सिंह 78.8%, राहुल कुमार 75.8%, प्रियांशु कुमार राय 75%, मेघा भारती 75% अंक प्राप्त करते हुए विद्यालय के छात्र-छात्राओं ने अपने माता-पिता, गुरुजनों के साथ-साथ अपने विद्यालय एवं क्षेत्र के समस्त प्रबुद्ध जनों के मान सम्मान को ऊंचा बनाए रखने का काम किया है। सत्र 2023-24 में कुल 83 छात्र-छात्रा 12 वीं बोर्ड परीक्षा में सम्मिलित थे। वहीं विज्ञान संकाय में 80 छात्रों ने परीक्षा दी थी जिसमें सभी छात्र उत्तीर्ण रहे। 45 छात्र-छात्राओं ने 75% से लेकर 96% अंक प्राप्त करते हुए इतिहास रचने का काम किया वहीं 25 छात्रों ने 60% से लेकर 74% अंकों के साथ सफलता हासिल की।शेष 10 छात्र-छात्राओं ने 50% से लेकर 60% अंक प्राप्त करते हुए सफल रहने का काम किये। कला संकाय में कुल तीन छात्रों ने परीक्षा दी थी जिसमें आसिफ अली ने 81% अंक प्राप्त करते हुए स्कूल टॉपर बनने का तमगा हासिल किया। कक्षा दसवीं की बोर्ड परीक्षा में कुल 337 छात्र-छात्राएं सम्मिलित हुए थे जिसमें सभी छात्र-छात्रा उत्तीर्ण रहे। 95.8% अंकों के साथ कान्हा जी ठाकुर एवं साक्षी दोनों छात्रों ने स्कूल टॉपर बनने का काम किया। वहीं आयुष कुमार 95.6% आस्था गुप्ता 94.8% आर्यन कुमार सिंह 93.8% प्रेम कुमार 93.4% आयुष कुमार 93.2% साक्षी कुमारी 93.2% अलेक्स कुमार 92% तमन्ना सिंह 91% अंशु चौरसिया 90.8% आस्था कुमारी 90.2% अंक प्राप्त करते हुए सफलता का प्रथम लहराया। वहीं कुल 75 छात्र छात्राओं ने 81% से लेकर 90% तक मार्क्स प्राप्त किये। 105 छात्र छात्राओं ने 70% से लेकर 80 परसेंट तक मार्क्स प्राप्त किये। 108 छात्र-छात्राओं ने 60% से लेकर 70% तक मार्क्स प्राप्त करने में सफलता हासिल की तथा शेष छात्र-छात्रा भी बेहतर मार्क्स प्राप्त करते हुए सफल रहने का काम किए।

इस खुशी के मौके पर विद्यालय के निदेशक डॉक्टर नंद कुमार सिंह ने बताया कि प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी हमारे विद्यालय का रिजल्ट शत-प्रतिशत रहा और निश्चित रूप से हमारे विद्यालय के शिक्षकों की मेहनत एवं छात्र-छात्राओं की लगन एवं मेहनत रंग लाई और हमारे विद्यालय के छात्र-छात्राओं ने इतने बड़े पैमाने पर बोर्ड परीक्षा में सफल रहने का काम किए। परीक्षा में सफल आए छात्र-छात्राओं को विद्यालय के निदेशक डॉक्टर नंद कुमार सिंह ने मिठाई खिलाकर अपनी खुशी का इजहार किए तथा सभी सफल छात्र-छात्राओं के उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए उनके माता-पीता के अथक प्रयास एवं शिक्षकों की मेहनत को भी उन्होंने साधुवाद दिया। मौके पर प्राचार्य ए के घोष, वरीय शिक्षक मुन्ना कुमार समेत विद्यालय के अन्य शिक्षक-शिक्षिका भी उपस्थित रहे।

कक्षा 10 में कान्हा जी ठाकुर एवं साक्षी 95.8%अंको के बने स्कूल टापर

प्राचार्य पुत्र को गोली मारने के मामले में प्राथमिकी, पूर्व में फायरिंग की शिकायत करने पर हमला

निज संवाददाता। आरा

भोजपुर जिले के नवादा थान क्षेत्र के विष्णुनगर–बैंक कॉलोनी मोहल्ले में रिटायर्ड प्रिंसिपल के पुत्र को गोली मार दी गई थी। मामले में जख्मी के पिता सुरेंद्र सिंह ने नारायणपुर के सितुहारी गांव निवासी गजेंद्र राय समेत दो अज्ञात के विरुद्ध प्राथमिकी कराई है। गिरफ्तारी को लेकर छापेमारी चल रही है । शुरुआती जांच में पूर्व में हुई फायरिंग से जुड़े मामले में दूसरे से शिकायत की जाने को लेकर उपजे विवाद की बात सामने आ रही है।

पार्टी से लौटने के दौरान किया था हमला: सुरेंद्र प्रसाद सिंह ने बताया कि चैत नवमी के दिन आरोपी ने मोहल्ले के एक व्यक्ति पर फायरिंग की थी। हालांकि फायरिंग के दौरान वह बाल–बाल बच गया था। शनिवार की रात अपने पुत्र उत्कर्ष आनंद और पत्नी के साथ एक रिश्तेदार के पुत्री के जन्मदिन पार्टी में भाग लेने एक रिसॉर्ट में गए हुए थे। जब रात 10:15 बजे अपने पुत्र उत्कर्ष आनंद और परिवार के अन्य सदस्यों के साथ पार्टी से वापस घर लौट रहे थे। तभी उक्त आरोपित पहुंचे और बोलने लगे पूर्व में हुई फायरिंग को लेकर लक्ष्मण शर्मा से उसकी शिकायत क्यों की है।

घायल का निजी अस्पताल में चल रहा इलाज: इसी बात को लेकर दोबारा आरोपित अपने अन्य साथियों के साथ पहुंचे और रिटायर्ड प्रिंसिपल के पुत्र को चार गोली मार दी। जिसका इलाज आरा शहर के निजी अस्पताल में कराया जा रहा है। इधर ASP परिचय कुमार ने बताया

- एक नामजद और दो अज्ञात के विरुद्ध मामला दर्ज

कि गिरफ्तारी को लेकर टीम छापेमारी चल रही है। वे बदमाश किस्म के हैं और पहले भी अपराध कर चुके हैं, जल्द ही सभी की गिरफ्तारी कर ली जाएगी। उदवंतनगर थाना क्षेत्र के जीरोमाइल केन्द्रीय विद्यालय स्थित शिव कालोनी में पुलिस ने पुलिस छापेमारी कर लवकुश कुमार को 12 बोर के 4 कारतूस और देसी पिस्टल के मैग्जीन के साथ पकड़ा। पकड़ा गया आरोपित मूल रूप से नारायणपुर थाना के सितुहारी गांव का निवासी है। नवादा थाना के बैंक कॉलोनी में घटित गोली मारे जाने की घटना में संलिप्त गजेन्द्र राय का भाई बताया जा रहा है। इसे लेकर पुलिस ने आर्म्स एक्ट के तहत प्राथमिकी की है।

बक्सर में प्रसिद्ध नाथ बाबा का कराया गया नगर भ्रमण

निज संवाददाता। बक्सर

बक्सर में प्रसिद्ध नाथ बाबा मंदिर में नाथ बाबा के प्रतिमा की प्राण-प्रतिष्ठा से पहले उनके प्रतिमा का गाजे-बाजे के साथ नगर भ्रमण कराया गया। रविवार को आदि नाथ अखाड़ा द्वारा भव्य शोभा यात्रा निकाली गई। इसमें एक रथ पर भगवान शिव-पार्वती और शिवलिंग और दूसरे रथ पर नाथ बाबा जी की प्रतिमा का नगर भ्रमण कराया गया। इसमें बड़ी संख्या में घोड़ा और बाइक के साथ और पैदल श्रद्धालु शामिल हुए। पूरा क्षेत्र हरहर महादेव के नारों से गूंजता रहा। शाम 4 बजे के बाद यह शोभा यात्रा नाथ बाबा मंदिर चरित्रवान से शहर दौरा के लिए निकली हुई है। प्रतिमा नगर भ्रमण के दौरान सबसे आगे शैव परंपरा के अनुसार भगवान भोले का त्रिशूल, अश्व और शोभा यात्रा को भव्य बनाने के लिए ऊंट भी चल रहे

प्राण-प्रतिष्ठा से पहले धूमधाम से घूमाया गया, हरहर महादेव के लगे नारे

थे। कुछ आकर्षक झांकियां भी बनाई गई थी। शहर के लोगों ने यात्रा का स्वागत फूल-माला से किया।

जगह-जगह पुष्प वर्षा भी हुई। इसमें शामिल लोग हर-हर महादेव के नारे लगा रहे थे। यात्रा रामरेखा घाट, पीपी रोड के रास्ते मेन होते वापस नाथ आश्रम पहुंच गई। नाथ अखाड़ा के प्रमुख योगी शील नाथ जी बताया। 13 को मंदिर में स्थापित नाथ बाबा जी की प्रतिमा का प्राण प्रतिष्ठा उत्सव रखा गया है। महारुद्र यज्ञ प्रारंभ हो गया है।

25 मरीजों की हुई निःशुल्क स्वास्थ्य की जांच

निज संवाददाता। बक्सर

प्रकाश यूरो एंड स्टोन किडनी केयर के निजी चिकित्सालय में रविवार को निःशुल्क जांच शिविर का आयोजन किया गया। पीएमसीएच के गोल्ड मेडलिस्ट डॉ शशि प्रकाश ने 25 लोगों का निःशुल्क सिरम प्रोस्टेट स्पैगाम-रजेन की जांच की और उन्हें चिकित्सीय परामर्श दिया। बता दें कि डॉ शशि प्रकाश एम्स, पटना व आईजीआईएमएस, पटना में सेवा दे चुके हैं। उन्होंने बताया कि शिविर का मुख्य उद्देश्य प्रोस्टेट कैंसर के लिए जागरूक करना है। उन्होंने बक्सर के लोगों को बक्सर के लोगों को मूत्र, किडनी स्टोन की समस्या से निदान व बचने के उपायों से अवगत कराते हुए प्रत्येक रविवार को अपनी सेवा बक्सर को देने की बात कही। शिविर में मौजूद अखिलेश कुमार पांडेय, पिंटू बाबा समेत अन्य लोगों ने डॉ शशि प्रकाश की सराहना की।

यहां प्रतिभाओं की कोई कमी नहीं, पर संसाधन-ट्रेनिंग का अभाव

निर्दलीय प्रत्याशी आनंद मिश्रा ने चलाया जनसंपर्क अभियान, बोले-इसी कारण से लोग सही जगह नहीं पहुंचते

निज संवाददाता। बक्सर

बक्सर लोकसभा सीट से निर्दलीय प्रत्याशी के रूप में अपना नामांकन करने के बाद एनकाउंटर स्पेशलिस्ट पूर्व आईपीएस आनन्द मिश्रा ने अपना जनसंपर्क अभियान तेज कर दिया है। जहां आज दोपहर उन्होंने रामगढ़ विधानसभा के पजराव से शुरुआत से की जो नरहिया बाजार तक चली। जिसमें प्रमुख गांव नुआंव बाजार , रामगढ़ बाजार, दहरक एवं अन्य कई गावों पर आनन्द मिश्र और उनकी टीम के द्वारा जनसंपर्क किया गया। जहां आनंद मिश्रा द्वारा गांव के प्रमुख मंदिरों में माथा टेक ग्रामीणों के बड़े बुजुर्गो से आशीर्वाद लिया गया।

वहीं ग्रामीणों का कहना है की इस बार बक्सर में बक्सर बनाम बाहरी की भी लड़ाई है।

जनसंपर्क अभियान चलाया: वही आनन्द मिश्र ने युवाओं को संबोधित करते हुए कहा कि हमारे यहां प्रतिभाओं की कोई कमी नहीं है परन्तु उचित संसाधन, सही ट्रेनिंग और अवसर के अभाव में उनकी प्रतिभा दब जाती है। हम फिर अच्छे जगह पर नहीं पहुंच पाते। हम ऐसे लोगों के लिए उचित व्यवस्था करवाएंगे ताकि हमारे युवा सही मुकाम पर पहुंचकर हमारे क्षेत्र का नाम रौशन कर सके। जनसंपर्क के दौरान लोगों से मिल रहे प्यार को अनान्द मिश्र ने धन्यवाद किया और 1 तारीख को अपने पक्ष में मतदान करने का आग्रह भी किया।

नेताओं के ठगने की बात कर वोटरों को कर रहे गोलबंद: बक्सर 33 लोकसभा क्षेत्र में चुनाव अंतिम और आखिरी चरण में है।जिसको लेकर प्रत्यासियो ने जनसंपर्क अभियान को तेज कर दिया है। वहीं इस बार बक्सर से एनडीए,इंडी एलाइंस, और बासपा प्रत्यासियों के लिए निर्दलीय प्रत्याशी सिर दर्द बने हुए है। जो लगातार पार्टी के नेताओं द्वारा बक्सर की जनता को ठगने की बात कर अपने पक्ष में वोटरों को गोलबंद करने के प्रयास में जनसंपर्क अभियान को तेज कर दिए है।

बीडीओ ने की प्रखंड स्तरीय समन्वय समिति की समीक्षात्मक बैठक

निज संवाददाता

रजौली (नवादा)। प्रखंड कार्यालय परिसर स्थित सभागार में बीडीओ अनिल मिस्त्री के अध्यक्षता में सोमवार को प्रखंड स्तरीय समन्वय समिति की बैठक का आयोजन किया गया। इस दौरान सीओ गुफरान मजहरी बीपीआरओ राजन कुमार, सीडीपीओ सीता कुजूर, बिजली जेई भुनेश्वर कुमार, कल्याण पदाधिकारी सजन स्नेही, सांख्यिकी पदाधिकारी संजय कुमार, प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र के चिकित्सा पदाधिकारी सौरभ कुमार निराला, सहकारिता पदाधिकारी फैहमूल हक एवं दीपक कुमार के अलावे उद्यान पदाधिकारी नवीन कुमार एवं जीविका से मनीष कुमार आदि मौजूद थे। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए बीडीओ ने कहा कि हम लोगों को मिलकर सरकार द्वारा संचालित जन कल्याणकारी योजनाओं को धरातल पर उतारना होगा, तभी इसका लाभ समाज के अंतिम पंक्ति में खड़े हरेक व्यक्ति को मिल सकता है। बैठक में विभिन्न विभागों द्वारा संचालित लोक कल्याणकारी योजनाओं पर चर्चा की गयी। साथ हीं पंद्रह दिन बाद होने वाली अगली बैठक में सभी कार्य योजनाओं का समीक्षा किया जाएगा। जिसको लेकर अभी से तैयारी पूरी करने के लिए निर्देशित किया गया है। बीडीओ ने उपस्थित अधिकारियों को अपने कार्यों में तेजी लाने के अलावा उन्हें लंबित कार्यों को शीघ्र निष्पादित कर विकास की गति को बढ़ाने का निर्देश दिया। बीडीओ ने कहा कि बैठक में बिजली- पानी एवं अन्य समस्याओं को लेकर चर्चा की गई है। प्रखंड क्षेत्र के हरदिया पंचायत के सुदूरवर्ती गांव सुअरलेटी, डेलवा, पिछली, जमुनदाहा, भानेखाप, चोरडीहा, सिंगर, मरनो समेत अन्य कई गांवों में बीजली की समस्या को लेकर बिजली विभाग के जेई भुवनेश्वर प्रसाद से चर्चा की गई। लेकिन जेई के पास इस संबंध में कोई विशेष जानकारी नहीं थी। जिसके कारण इस समस्या का समीक्षा नहीं हो पायी है। इसके अलावा उक्त सुदूरवर्ती गांव में नल जल की आपूर्ति की समस्या को लेकर पीएचइडी विभाग को सूचना दी गई थी। लेकिन इस विभाग के न तो एई पहुंचे और न ही जेई हीं उपस्थित हुए। इनके अलावा कार्यक्रम में प्रखंड कृषि पदाधिकारी, कार्यक्रम पदाधिकारी मनरेगा, आपूर्ति पदाधिकारी एवं श्रम प्रवर्तन पदाधिकारी आदि कई विभाग के अधिकारी सूचना के बाद भी इस बैठक में उपस्थित नहीं हुए हैं। बीडीओ ने कहा कि श्रम प्रवर्तन पदाधिकारी अकबरपुर प्रखण्ड में तैनात हैं। लेकिन उन्हें रजौली का भी प्रभार भी मिला हुआ है। समन्वय समिति की बैठक की सूचना पूर्व में हीं तिथि निर्धारित कर भेजने के बाद भी उक्त विभाग के पदाधिकारी गण उपस्थित नहीं हुए हैं। जिसके कारण अनुपस्थित अधिकारीयों द्वारा समन्वय

समिति समीक्षात्मक बैठक की अवहेलना करने से संबंधित प्रतिवेदन जिलाधिकारी के पास भेजी जाएगी। बीडीओ ने कहा कि स्वास्थ्य विभाग के प्रखंड चिकित्सा पदाधिकारी सौरभ कुमार निराला को सवैयाटांड़ पंचायत के बसरौन में समुदायिक भवन में जगह उपलब्ध कराई गई है। जिसमें चिकित्सा पदाधिकारी ने एक सप्ताह के अंतराल में हेल्थ सब सेंटर खोलने को लेकर भरोसा दिलाया है। साथ ही सवैयाटांड़ पंचायत के सपही में एक हेल्थ सब सेंटर पूर्व से संचालित हो रही है। इसके लिए भी पंचायत सरकार भवन में जगह उपलब्ध करा दी गई है। जिसमें यह हेल्थ सब सेंटर संचालित होकर सुदूरवर्ती जंगली क्षेत्र के गांव के लोगों को स्वास्थ्य लाभ दिलाएगी। बीडीओ ने सभी विभागों के बीच आपसी समन्वय स्थापित करते हुए जन समस्याओं को दूर करने के लिए निर्देश दिये हैं।

मॉडर्न इंग्लिश स्कूल के छात्र गुलशन कुमार बने जिला टॉपर

जि संवाददाता

नवादा। हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी केन्द्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड (सी.बी.एस.ई) की दसवीं बोर्ड परीक्षा में नवादा जिले के मॉडर्न इंग्लिश स्कूल के विद्यार्थियों नें अपना दबदबा कायम रखते हुए जिले में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन किया और हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी अपनी श्रेष्ठता कायम रखी है। मॉडर्न इंग्लिश स्कूल, कुंती नगर के छात्र गुलशन कुमार ने 98.20 प्रतिशत लाकर जिले में शीर्ष स्थान प्राप्त किया और विद्यालय एवं अपने परिजनों का नाम रौशन किया है। गुलशन कुमार ने सामाजिक विज्ञान विषय में शत प्रतिशत अंक प्राप्त किए जबकि गणित तथा विज्ञान में 97, अंग्रेजी में 99 तथा हिंदी में 98 अंक प्राप्त किया। वहीं अभिषेक आनंद तथा अर्चिता कुमारी दोनों ने एक समान 97.20 प्रतिशत अंकों के साथ संयुक्त रुप से दूसरा तथा 96.60 प्रतिशत अंक के साथ सुधांशु वैभव ने तीसरा स्थान प्राप्त कर शानदार प्रदर्शन किया है। विद्यालय

के 98 विद्यार्थियों ने 90 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त कर शानदार उपलब्धि हासिल की है। अभिषेक आनंद तथा अमूल राज ने विज्ञान और आदित्य राज ने गणित विषय में शत प्रतिशत अंक प्राप्त किया। मॉडर्न शैक्षणिक समूह के अध्यक्ष डॉ अनुज कुमार सिंह ने परिणाम पर खुशी व्यक्त की और सभी सफल विद्यार्थियों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी मॉडर्न के विद्यार्थियों ने बेहतरीन प्रदर्शन किया है। यह विद्यार्थियों और सभी शिक्षकों की मेहनत और लगन का परिणाम है। मौके पर उपस्थित विद्यालय के प्राचार्य गोपाल चरण दास, न्यू एरिया शाखा के उप प्राचार्य सुजय कुमार, कुंती नगर शाखा के उप प्राचार्य मिथिलेश कुमार एवं अन्य शिक्षकों ने मिठाई खिलाकर विद्यार्थियों को बधाई दी एवं उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। इस अवसर पर शिक्षक मणिकांत मिश्रा, मुकेश कुमार, रौशन मिश्रा, दीपक प्रुष्टि, नीरज मिश्रा, विजय अकेला, बी.एन.झा, विपुल कुमार, अखिलेश कुमार, इंद्रजीत मिश्रा, मुख्य अकाउंटेंट समीर सौरभ तथा सैकड़ों विद्यार्थी उपस्थित थे।

पहली कक्षा के 1633 शिक्षकों का चहक प्रशिक्षण आज से

निज संवाददाता

नवादा। जिले में आज से प्रखंड स्तर पर सरकारी प्राइमरी स्कूलों के पहली कक्षा के शिक्षकों के लिए चहक प्रशिक्षण कार्यक्रम की शुरुआत की जा रही है। डायट के प्राचार्य विनय कुमार सिंह चौधरी ने बताया कि चहक प्रशिक्षण में प्रखंडों के 1633 प्रारंभिक शिक्षक शामिल होंगे। प्रखंड के प्रत्येक स्कूल से एक-एक शिक्षक को एक दिन का प्रशिक्षण दिया जाएगा। स्कूली बच्चों में पढ़ाई के प्रति रूचि बरकरार रखने को चहक प्रशिक्षण कार्यक्रम की शुरुआत की जा रही है। इस कार्यक्रम के लिए शिक्षक प्रशिक्षित किए जाएंगे। प्रशिक्षण कार्यक्रम आज से 16 मई तक चलेगा। बिहार शिक्षा परियोजना परिषद के निर्देश पर रेडिनेस मॉड्यूल चहक के कार्यान्वयन के लिए जिले के शिक्षकों को बैच में एक दिवसीय प्रशिक्षण बीआरसी में दिया जाएगा। कक्षा1 के बच्चों को साक्षरता के साथ-साथ संख्या ज्ञान हो, इसके लिए बिहार शिक्षा परियोजना परिषद ने यह कदम उठाया है। दरअसल इस प्रशिक्षण का मुख्य उद्देश्य बच्चों को विद्यालय के प्रति सहज बनाना है। इसके साथ प्रशिक्षु शिक्षकों को बच्चों के बीच अपनापन विकसित करने, गाने, हंसने, खेलने वाली पढ़ाई करने में तैयार करने के लिए प्रशिक्षण दिया जाएगा।

आंधी-बारिश और ओले से पान की खेती को नुकसान

नवादा (नि.सं.)। बारिश और आंधी के साथ ही ओले गिरने से पान की खेती को लाखों का नुकसान पहुंचा है। जिले भर में पान किसानों को इस बारिश से क्षति हुई है लेकिन हिसुआ और पकरीबरावां प्रखंड में बड़ा नुकसान हुआ है। लगभग 10 एकड़ में पान का बरेठा गिर गया है जबकि ओले की चपेट में आने से पान के पत्ते काले पड़ गए हैं। प्राकृतिक आपदा से त्रस्त पान किसानों ने आपदा प्रबंधन विभाग से वस्तुस्थिति का आकलन कर क्षतिपूर्ति राशि दिलाने की मांग की है।

कपड़ा कारोबारी से लूटपाट, बदमाशों ने किया हमला

निज संवाददाता

खुसरूपुर। बिहार के पटना जिले में खुसरूपुर थाना क्षेत्र के हेमजापुर फोरलेन सड़क पर रविवार की देर शाम में बेखौफ अपराधियों ने असलहे के बल पर स्कूटी सहित ढाई लाख रुपये लूट लिया और भाग निकले। प्राप्त जानकारी के अनुसार, पटना सिटी के कपड़ा कारोबारी राजीव कुमार खुसरूपुर से तगादा की राशि लेकर पटना सिटी के लिए देर शाम निकले थे। तगादा का करीब ढाई लाख रुपया स्कूटी में था। बताया गया कि राजीव जैसे ही फोरलेन पर पहुंचे, पहले से घात लगाए बाइक सवार

तीन अपराधियों ने असलहे का भय दिखाकर स्कूटी रुकवा दी। राजीव को मारपीट कर जख्मी कर नीचे गड्ढे में धकेल दिया और स्कूटी लेकर भाग गए। पीड़ित राजीव ने पुलिस को बताया कि लूट की घटना को अंजाम देने के बाद अपराधी आसानी से हथियार लहराते हुए फरार हो गए। इस मामले में पीड़ित की ओर से थाने में लूट की प्राथमिकी दर्ज कराई गई है। पुलिस मामले की छानबीन कर रही है। बताते चलें कि पुलिस का मानना है कि प्रत्येक रविवार को पटना सिटी से कपड़ा कारोबारी स्वयं या उनका मुंशी बकाया वसूली के लिए तगादा करने बाजार आते हैं। इस बात की भनक अपराधियों को पहले से थी। थानाध्यक्ष अरविंद कुमार ने बताया कि अपराधी सुनसान इलाका होने का लाभ उठाकर लूटपाट की घटना को अंजाम दिया करते हैं। पीड़ित कारोबारी के आवेदन पर प्राथमिकी दर्ज कर लिया गया है। मामले की जांच की जा रही है।

तेजप्रताप ने कार्यकर्ता को दिया धक्का

निज संवाददाता

पटना। राजद सुप्रीमो लालू यादव की बेटी मीसा भारती के नामांकन में तेजप्रताप यादव को एक कार्यकर्ता पर गुस्सा आ गया। उन्होंने भरे मंच से उसे धक्का दे दिया। वो नीचे गिर गया। मीसा ने तेजप्रताप को समझाने की कोशिश, लेकिन वो नहीं माने। इसके बाद राबड़ी और मीसा मंच पर सामने आ गए और लोगों का ध्यान अपनी ओर करने लगे। तेजप्रताप फिर नहीं माने वे कार्यकर्ता की ओर गुस्से में दौड़े। मंच पर मौजूद नेताओं ने उन्हें रोका। इसके बाद तेजप्रताप और उस कार्यकर्ता को नेता घेरकर खड़े हो गए। कार्यकर्ता का नाम विपिन है। गलती से उसका पैर तेजप्रताप के पैर पर चढ़ गया। इसके बाद उन्हें गुस्सा आ गया और धक्का दे दिया। मीसा के नॉमिनेशन के बाद पटना के एसकेएम हॉल में सभा हो

रही थी, जहां ये वाकया हुआ। इधर नामांकन सभा में तेजस्वी ने पीएम मोदी के रोड शो को लेकर नीतीश पर हमला बोला। उन्होंने कहा कि रोड शो के दौरान ऐसा लगा कि बीजेपी ने नीतीश कुमार को बंधक बना लिया था। वहीं, मीसा भारती ने कहा कि 10 वर्षों से देश पर पीएम राज कर रहे हैं। देश की जनता ने उन्हें दो बार मौका दिया। काम किया होता तो उन्हें कल रोड शो करने की जरूरत नहीं पड़ती।वो काम करते तो रोड शो की जरूरत नहीं पड़ती। नॉमिनेशन के लिए वो मां राबड़ी देवी और पिता लालू प्रसाद और भाई तेजप्रताप यादव के साथ तीसरी बार इस सीट से नामांकन करने हिंदी भवन पहुंची थीं। नामांकन से पहले मीसा ने मनेर विधानसभा में संत गगन बाबा की पूजा की। जिस पर कहा कि हिंदू धर्म और सनातन धर्म में किसी भी शुभ कार्य को करने से पहले अपने भगवान और ईष्ट देव की पूजा होती है और आज हमने भी संत गगन बाबा का आशीर्वाद लिया है। एसकेएमसीएच में आशीर्वाद कृष्ण मेमोरियल हॉल में जन आशीर्वाद सभा का आयोजन किया गया है। नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव भी इस सभा में शामिल होने पहुंचे हैं। मीसा भारती ने आगे कहा कि इस दौरे से महागठबंधन को फर्क नहीं पड़ने वाला है। सिर्फ हाथ हिलाने से और मीडिया में एक न्यूज बना देने से कोई फायदा नहीं हुआ है। इस रोड शो से बिहार की जनता को परेशानी ही हुई है। उन्होंने कहा कि इससे ना तो रोजगार मिलेगा ना ही महंगाई कम होगी। पाटलिपुत्र सीट पर मीसा भारती की टक्कर बीजेपी के रामकृपाल यादव से है। किसी जमाने में रामकृपाल यादव लालू यादव के काफी करीबी माने जाते थे। एक वक्त था जब रामकृपाल यादव और मीसा भारती को 'चाचा-भतीजी' के तौर पर देखा जाता था।

पकरीबरावां एवं धमौल थाने में भी हुआ गुंडा परेड

पकरीबरावां (नवादा) (नि. सं.)। क्षेत्र में शांति व विधि व्यवस्था बनाए रखने के उद्देश्य से रविवार को पकरीबरावां थाना एवं धमौल थाना में गुंडा परेड कराया गया। एसपी के निर्देश पर पकरीबरावां थाना में थानाध्यक्ष अजय कुमार व धमौल थाना में थानाध्यक्ष हिमांशु पप्पू की देखरेख में परेड कराया गया। परेड में दोनों थाना क्षेत्र के एक दर्जन से अधिक आरोपित उपस्थित हुए। परेड के दौरान उन्हें क्षेत्र में शांति बनाए रखने की बात कही गई। उन्हें सभ्य बनने के साथ ही सही तरीके से जीवन जीने की नसीहत दी गई। पकरीबरावां थानाध्यक्ष ने बताया कि लूट/डकैती एवं अन्य मामलों में आरोपित लोगों, जिनका नाम गुंडा पंजी में दर्ज है, उन्हें थाना बुलाकर परेड कराया गया है।

इंट्रा-डे की जगह म्यूच्युअल फंड में निवेश ज्यादा लुभा रहा बिहारवासियों को

निज संवाददाता

पटना। कोरोना संक्रमण के बाद शेयर बाजार में तेजी का रूख बरकरार है। संक्रमण के बाद बिहार के लोगों में इंट्रा डे ट्रेडिंग की जगह म्यूच्युअल फंड और आईपीओ में निवेश करने का ट्रेंड तेजी से बढ़ा है। हालत यह है कि बिहार के गांवों तक म्युच्यूअल फंड और सिस्टमेटिक इन्वेस्टमेंट प्लान(एसआईपी) की पहुंच हो गई है। वहीं शहरों में आईपीओ में निवेश का चलन बढ़ा है। समृद्धि इन्वेस्टमेंट के एमडी संजय कुमार बताते हैं कि कोरोना के बाद शेयर बाजार से जुड़े युवाओं, नौकरी-पेशा वाले कर्मियों और व्यवसायी शेयर बाजार में निवेश करने लगे हैं। वहीं शेयर बाजार के जानकार अंजनी सुरेका बताते हैं कि अब इंट्रा डे(एक दिन में खरीदने और बेचने वाले शेयर) का काम पहले की तुलना में काफी कम हो गया है। कोरोना संक्रमण के बाद बिहार के डी-मैट अकाउंटों की संख्या में 20 प्रतिशत से ज्यादा की बढ़ोतरी हुई है। सीए आशीष रोहतगी बताते हैं कि राज्य में लगभग 67 लाख डिमैट अकाउंट है। शेयर बाजार विशेषज्ञों के अनुसार शेयर बाजार में राज्य के निवेशकों की संख्या लगभग 40 प्रतिशत की दर से बढ़ रही है। निवेशकों के मामले में बिहार, आंध प्रदेश (66 लाख), हरियाणा(57.50 लाख), असम (36 लाख), झारखंड(29 लाख), छत्तीसगढ़ (19.50 लाख), हिमाचल(10 लाख) आदि राज्यों से आगे है। आशीष बताते हैं कि बिहार में अभी काफी संभावना है। बड़े ब्रोकरेज फर्म अब कम सघनता वाले राज्यों को ज्यादा फोकस कर रहे हैं। इसमें यूपी और बिहार शामिल है। ज्यादातर डिजिटल ब्रोकर हिन्दी व अन्य क्षेत्रीय भाषाओं में शेयर बाजार की जानकारी दे रहे हैं और नए लोगों को बाजार से जोड़ रहे हैं। निवेशक अपने निवेश को लेकर जागरूक हुए हैं। राजधानी के निवेशक शेयर बाजार में उछाल से उत्साहित हैं। पीसी कॉलोनी की शिक्षिका अलका कुमारी कहती हैं कि वे कोरोना के बाद बैंक और पोस्ट ऑफिस में पैसा जमा करने की जगह म्युच्यूअल फंड में एसआईपी के माध्यम से निवेश कर रही हैं। इस दौरान उन्हें उम्मीद से ज्यादा लाभ मिला है। वे लंबी अवधि के लिए निवेश कर रही हैं। फिलहाल शेयर बाजार में निफ्टी 22 हजार से ज्यादा और बीएसई शेयर इंडेक्स 73 हजार के पार पहुंच गया है। बाजार के जानकारों के अनुसार आने वाले कुछ वर्षों में शेयर बाजार में और उछलने की संभावना जता रहे हैं।

बैंककर्मी ने ही ग्राहकों के साथ कर डाला खेल

निज संवाददाता

पटना। बिहार की राजधानी पटना में दानापुर कैंट स्थित पंजाब नेशनल बैंक के उप-शाखा प्रबंधक ने दर्जनों ग्राहकों के खाते से पैसों को पहले दूसरे खाते में और बाद में एक निजी बैंक के अपने खाते में स्थानांतरित कर लिया। 12 बार में उसने 87 लाख रुपये की धोखाधड़ी की। बैंक के आंतरिक ऑडिट में इस जालसाजी का खुलासा हुआ। इसके बाद शाखा प्रबंधक सुदामा प्रसाद गुप्ता ने आर्थिक अपराध इकाई (ईओयू) में उप शाखा प्रबंधक रोहित राज व अमन राज के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कराई है। अमन राज पटना के सालिमपुर के निवासी हैं। जानकारी के अनुसार, पीएनबी में उप शाखा प्रबंधक के पद पर तैनात रोहित



राज ने कई बार में बैंक के ग्राहकों के खाते से थोड़ी-थोड़ी राशि अमन राज के खाते में स्थानांतरित की थी। इसके बाद 12 बार में इस धनराशि को रोहित राज ने सगुना मोड़ स्थित कोटक महिंद्रा बैंक के अपने निजी खाते में स्थानांतरित कर लिए थे। बैंक के ऑडिट में इसका खुलासा होने के बाद अधिकारियों के होश उड़ गए। इसके बाद शाखा प्रबंधक को दोनों के खिलाफ आर्थिक अपराध इकाई में मामला दर्ज कराने को कहा गया था। अब 87 लाख रुपये वापस लेकर बैंक के ग्राहकों के खाते में दोबारा जमा किए जा रहे हैं।

गोनावां में घर पर फायरिंग, 24 घंटे में आरोपित धराया

नवादा (नि.सं.)। बदमाशों ने नवादा नगर थाना क्षेत्र में स्थित एक घर के आगे कई राउंड फायरिंग की। घटना शुक्रवार की देर रात करीब 01 बजे नगर थाना क्षेत्र के गोनावां में स्थित रामकरन कुमार के घर के मुख्य दरवाजे पर की बतायी जाती है। परिजनों द्वारा दी गयी सूचना पर डायल 112 की टीम मौके पर पहुंची। मौके से कारतूस का एक खोखा बरामद किया गया। पुलिस की एक टीम ने प्राथमिकी दर्ज कर 24 घंटे के भीतर मुख्य आरोपित मनोज सिंह को शहर से गिरफ्तार कर लिया। बताया जाता है कि घटना के वक्त रात में रामकरण व घर के आसपास के सभी लोग सो रहे थे।

एक तरफ खाता खोलने का दबाव, दूसरी तरफ जीत बचाए रखने की चुनौती

निज संवाददाता

पटना। बिहार में लोकसभा के छठे चरण में आठ सीटों पर 25 को मतदान होना है। जिन सीटों पर चुनाव होना है उनमें वाल्मीकि नगर, पूर्वी चंपारण, पश्चिम चंपारण, शिवहर, गोपालगंज, सिवान, महाराजगंज और वैशाली हैं। ये सभी सीटें फिलहाल एनडीए गठबंधन के पास हैं। इन आठ सीटों में एक तरफ तो खाता खोलने का दबाव है तो दूसरी ओर जीत बनाए रखने की चुनौती। बीते 10 वर्षों से महागठबंधन अलग-अलग राजनीतिक दलों का गठजोड़ बना यहां से जीत के प्रयास कर रहा है, लेकिन सफलता उससे दूर रही है। छठे चरण की इन आठ सीटों पर बीते 10 वर्षों की बात करें तो यहां से महागठबंधन के तमाम प्रयास लोकसभा चुनाव के दौरान फेल होते रहे हैं। 2019 के लोकसभा चुनाव के आंकड़े बताते हैं कि आठ में चार सीट पश्चिम चंपारण, पूर्वी चंपारण, शिवहर और महाराजगंज में भाजपा के उम्मीदवार जीते थे। जबकि तीन सीटों वाल्मीकि नगर, सिवान और गोपालगंज सीटों पर जदयू उम्मीदवार जीते थे। वहीं, लोजपा ने वैशाली सीट पर जीत दर्ज कराई थी। 2019 में वाल्मीकि नगर में जदयू उम्मीदवार का मुकाबला कांग्रेस से था। पश्चिम और पूर्वी चंपारण में राष्ट्रीय लोक समता पार्टी के उम्मीदवार भाजपा के सामने थे। शिवहर, वैशाली, गोपालगंज, महाराजगंज, सिवान पर जीत का जिम्मा राजद उम्मीदवारों पर था, लेकिन इन सभी सीटों पर एनडीए उम्मीदवारों ने विरोधियों को शिकस्त देकर सीटें अपने नाम कर ली थी। इसके पूर्व 2014 के चुनाव में सात सीटों वाल्मीकि नगर, पूर्वी और पश्चिम चंपारण, शिवहर, गोपालगंज, सिवान, महाराजगंज पर भाजपा ने अपने उम्मीदवार उतारे थे जबकि वैशाली सीट पर लोजपा उम्मीदवार रामा किशोर सिंह मैदान में थे। मुकाबले की बात करें तो वाल्मीकि नगर और गोपालगंज में भाजपा का मुकाबला कांग्रेस से था। पश्चिम चंपारण में जदयू भाजपा आमने-सामने थे। जबकि अन्य पांच सीटों पर मुकाबले में राजद खड़ा था, लेकिन पहले 2014 और इसके बाद 2019 में हुए लोकसभा चुनाव में इन सीटों पर भाजपा और लोजपा की रणनीति के आगे और मोदी लहर में विरोधी एक भी सीट जीत नहीं पाए। 2024 के लोकसभा चुनाव में इस बार वाल्मीकि नगर में जदयू उम्मीदवार के सामने राजद होगा। पूर्वी चंपारण और पश्चिम चंपारण सीट पर भाजपा के दो कद्दावर उम्मीदवारों के सामने पूर्वी चंपारण में वीआइपी जबकि पश्चिम चंपारण में कांग्रेस उम्मीदवार होंगे। गोपालगंज में भी जदयू का सामना वीआइपी उम्मीदवार से होगा। महाराजगंज में भाजपा की लगातार तीसरी जीत रोकने का जिम्मा इस बार कांग्रेस के पास है। इन सीटों के अलावा सिवान, वैशाली और शिवहर में एनडीए की जीत के रथ को रोकने का दारोमदार राजद उम्मीदवार के पास होगा। छठे चरण के इस चुनाव में दोनों गठबंधनों के लिए रण का मैदान आसान नहीं। यह जरूर है कि भाजपा अधिकांश सीटों पर जीत दर्ज कराती रही है। जाहिर है उसके पास अपनी सीटें बचाए रखने की चुनौती है। लेकिन तमाम दबाव के बाद भी महागठबंधन दस वर्ष बाद अपना खाता खोलने के लिए जी जान लगा रहा है।

डिप्लोमा सर्टिफिकेट प्रवेश प्रतियोगिता परीक्षा के लिए 21 मई तक रजिस्ट्रेशन

निज संवाददाता

पटना। बिहार संयुक्त प्रवेश प्रतियोगिता परीक्षा पर्षद (बीसीईसीईबी) ने कहा है कि डिप्लोमा सर्टिफिकेट प्रवेश प्रतियोगिता परीक्षा (डीसीईसीई) 2024 के लिए रजिस्ट्रेशन फार्म 21 मई तक भर सकते हैं। चालान से पेमेंट की अंतिम तिथि 22 मई है। आवेदन फार्म में 24 से 26 मई रात 11:59 बजे तक सुधार कर सकते हैं। इस परीक्षा के माध्यम से राज्य के सरकारी पालिटेक्निक कालेजों में पॉलिटेक्निक डिप्लोमा के साथ-साथ इंटर एवं मैट्रिक स्तरीय पैरा मेडिकल कोर्स में नामांकन होगा। बीसीईसीईबी ने स्पष्ट किया है कि 21 मई तक पूर्णरूपेण भरे गए आवेदन में यदि किसी अभ्यर्थी के आवेदन के डाटा में कोई त्रुटि रह जाती है तो वे अपने भरे हुए डाटा को 24 एवं 26 मई के बीच सुधार सकते है। इसके बाद सुधार का कोई मौका नहीं दिया जाएगा।



गुंडा परेड में अपराध से दूर रहने की दी गई नसीहत

नवादा (नि.सं.)। नगर थाना समेत जिले के विभिन्न थानों में रविवार को गुंडा परेड का आयोजन किया गया। इसमें जिले के विभिन्न गंभीर मामलों मसलन लूट, डकैती, हत्या आदि में शामिल आरोपितों ने भाग लिया। इसी संदर्भ में नगर थाने में गंडा परेड आयोजित किया गया। नगर थानाध्यक्ष अविनाश कुमार के नेतृत्व में एसआई हिमांशु कुमार समेत विभिन्न पुलिस पदाधिकारियों ने आरोपितों की अद्यतन गतिविधियों का आकलन किया। आरोपितों से पूछताछ की गयी व इनके वर्तमान व्यवसाय व कार्यकलाप का ब्योरा लिया गया। इस दौरान पुलिस अधिकारियों ने आरोपितों का नाम व पता दर्ज किया तथा इन्हें अपराध, शराब आदि से दूर रहने का सुझाव दिया। साथ ही निर्देशित किया कि पुलिस द्वारा बुलाये जाने पर वे थाने में सदेह के एसपी कार्तिकेय के शर्मा के निर्देश पर जिले में जेल से छूटे गये आरोपितों के सत्यापन का लगातार इनकी अद्यतन गतिविधियों से अपडेट रहने के निर्देश दिये गये हैं।

- **आरोपितों से पूछताछ की गयी व इनके वर्तमान व्यवसाय व कार्यकलाप का ब्योरा लिया गया।**

उपस्थित होंगे। बता दें कि नवादा कार्य किया जा रहा है। पुलिस को

संक्षिप्त समाचार

आर्कटिक व हिमालय पर हुए शोध को समझेंगे छात्र

भागलपुर। भागलपुर सीबीएसई ने स्कूली बच्चों को पर्यावरण संरक्षण और जलवायु परिवर्तन की जानकारी देने के उद्देश्य से पाठ्यक्रम में नए विषय को जोड़ने का निर्णय लिया है। सीबीएसई के अनुसार हाईस्कूल के विद्यार्थियों को आर्कटिक, अंटार्कटिका और हिमालय पर हुए अनुसंधान में भारत के विकास की बारीकियों को समझाया जाएगा। इसमें विद्यार्थियों को आर्कटिक और हिमालय क्षेत्र में चल रहे शोध का उल्लेख रहेगा। स्कूल के बच्चों को पृथ्वी विज्ञान के क्षेत्र में हो रहे नवीनतम विकास को शामिल करने के लिए एनसीईआरटी का भी सहयोग लिया जाएगा। केंद्रीय पृथ्वी विज्ञान मंत्रालय भी स्कूली पाठ्यक्रम में इन क्षेत्रों में अनुसंधान के महत्व को समझाने के एनसीईआरटी से सहयोग मांगा है। इसके लिए एनसीईआरटी की ओर से समिति का गठन कर पाठ्यक्रम में शामिल किए जाने वाले विषय को अंतिम रूप दिया जाएगा। कोरोना महामारी के दौरान विद्यार्थियों पर से पढ़ाई का बोझ कम करने के लिए चैप्टर को हटाए गए थे। इस सत्र से स्कूली पाठ्यपुस्तकों में पर्यावरण संरक्षण और जलवायु परिवर्तन के बारे में विद्यार्थियों को नई जानकारी और इस क्षेत्र में हुए शोध से भी विद्यार्थियों को अवगत कराया जाएगा। सीबीएसई के अनुसार, स्कूली बच्चों में पर्यावरण से जुड़ी नई जानकारी और इसके सरंक्षण के विभिन्न माध्यम को बताने के लिए भी पाठ्यक्रम में नए विषय जोड़े जाएंगे। साथ ही पृथ्वी विज्ञान के नवीनतम विकास को शामिल किया जाएगा।

बाल विवाह को खत्म कर बेहतर समाज का निर्माण करें

भागलपुर। मातृ दिवस के अवसर पर शहर के विभिन्न सामाजिक-सांस्कृतिक संस्था के सदस्यों ने रविवार को अलग-अलग इलाके में परिचर्चा का आयोजन किया। जनप्रिय संस्था के सदस्यों ने परबत्ती में बाल विवाह, स्वास्थ्य और सामाजिक प्रभाव विषय पर परिचर्चा आयोजित किया। जनप्रिय के निदेशक गौतम कुमार ने कहा कि बाल विवाह बचपन खत्म कर देता है। यह कुप्रथा समाज की जड़ो तक फैली है, बुराई, लैंगिक असमानता, भेदभाव का ज्वलंत उदाहरण हैं। डॉ. मनोज कुमार ने कहा कि बाल विवाह बच्चों की शिक्षा, स्वास्थ्य और संरक्षण पर नकारात्मक प्रभाव डालता है। अमरीना सेराज ने कहा कि बाल विवाह से किशोरियों में गर्वावस्था की समस्याएं, लिंग आधारित हिंसा और यौन संचारित संक्रमण का खतरा बढ़ जाता है। महिला समिति की संयोजक रेखा कुमारी ने कहा बाल विवाह जैसे कुप्रथा को खत्म करके ही एक बेहतर समाज का निर्माण कर सकते है। मौके पर साधना देवी, पिरामल फाउंडेशन के आजाद सोहेल, डॉ. जयंत जलद, सुमन देवी, राजा सागर निषाद, पिंकी देवी, लालो देवी सहित अन्य लोग मौजूद थे। मौके पर चंदन कुमार, लाल बिहारी शर्मा, श्रवण कुमार ने भी कविता का पाठ किया।

सीताचरण गांव के मतदान केंद्र संख्या 12 पर गंगा नदी को पार कर गई पोलिंग पार्टी

मुंगेर। मुंगेर मुंगेर लोकसभा क्षेत्र में आज 13 मई को मतदान होना है। जिसे लेकर रविवार को जिला के 2029 बूथों पर जिला मुख्यालय स्थित वज्रगृह केंद्र डीजे कॉलेज से ईवीएम को लेकर पोलिंग पार्टी और पुलिस जवान अपने-अपने क्षेत्र के मतदान केंद्र के लिए रवाना हुए। जिला के सभी बूथों पर सुबह 7 बजे से मतदान शुरू होगा, जो कि शाम 6 बजे तक होगा। इसके बाद सभी ईवीएम को सील कर पूरी सुरक्षा के साथ वज्रगृह केंद्र तक लाया जाएगा। इसमें से मुंगेर विधानसभा क्षेत्र का एक मतदान केंद्र ऐसा है, जहां पोलिंग पार्टी और पुलिसकर्मियों को गंगा की तेजधार के बीच पार करना पड़ा, तब जाकर दियारा क्षेत्र स्थित मतदान केंद्र तक पहुंचे। मुफस्सिल थाना क्षेत्र के जाफर नगर पंचायत के सीताचरण गांव में अवस्थित आंगनबाड़ी केंद्र को बूथ संख्या 12 बनाया गया है। इस मतदान केंद्र तक पहुंचने के लिए पोलिंग पार्टी और पुलिस जवानों को गंगा पार कराया गया। इसके लिए प्रशासनिक स्तर पर दो मोटरबोट और लाइफ जैकेट के साथ एसडीआरएफ टीम को लगाया गया था।

तीन वर्ष बाद घरेलू दर्शकों के सामने खेल रहे नीरज

मुंगेर। ओलिंपिक चैंपियन नीरज चोपड़ा शुरू होने वाले राष्ट्रीय फेडरेशन कप एथलेटिक्स प्रतियोगिता में आकर्षण का केंद्र होंगे। लेकिन कई अन्य शीर्ष खिलाड़ियों की अनुपस्थिति के कारण चार दिन तक चलने वाली इस प्रतियोगिता की चमक थोड़ी कम हो गई है। खेल प्रवक्ता महमूद आलम ने बताया कि 26 वर्षीय खिलाड़ी तीन वर्ष बाद पहली बार किसी घरेलू प्रतियोगिता में हिस्सा लेंगे। इससे पहले चोपड़ा ने फेडरेशन कप में ही 21 मार्च 2021 को भाग लिया था और तब उन्होंने 87.80 मीटर भाला फेंक कर स्वर्ण पदक जीता था। उस दौरान लोगों में खासा उत्साह भी दिखा।

पीरपैंती में खाना बनाने के दौरान लगी आग, तीन घर जल कर राख

पीरपैंती। प्रखंड की बंधुजयराम पंचायत के गोविंदपुर गांव में रविवार को खाना बनाने के दौरान मो. सज्जाद के घर में आग लग गई। इस घटना में मो. सज्जाद के अलावा मो. आजाद और मो. रब्बिल के घर तथा उसमें रखा सारा सामान जल कर राख हो गया। आग की लपटें देख ग्रामीण जुट और मशक्कत के बाद किसी तरह आग पर काबू पाया। मो. सज्जाद ने बताया कि इस घटना में घर में रखे सिलाई मशीन, पंखे और 10 हजार रुपए जल कर राख हो गए। वहीं अन्य दो लोगों को काफी नुकसान हुआ है। घटना की जानकारी पाकर पंचायत के मुखिया प्रतिनिधि बासुकी साह मौके पर पहुंचे और पीड़ित परिवारों को सांत्वना दी। उन्होंने तत्काल पीड़ितों को सूखा राशन उपलब्ध कराया। सूचना अंचल प्रशासन और थाना को दी। सूचना पर हल्का कर्मचारी बीरेंद्र कुमार पहुंचे और क्षति का आंकलन कर रिपोर्ट तैयार की। बताया गया कि पीड़ित परिवारों को सहायता राशि दी जाएगी।

पीरपैंती में रेलवे ट्रैक पर मिला वृद्ध का शव, नहीं हुई पहचान

पीरपैंती। शिवनारायणपुर-पीरपैंती रेलखंड के बीच पोल संख्या 256/6 के पास रविवार को चांदपुर गांव के समीप डाउन ट्रैक पर करीब 60 वर्षीय अज्ञात वृद्ध का क्षत-विक्षत शव पुलिस ने बरामद किया है। ग्रामीणों ने शव को देखा और पुलिस को सूचना दी। इसके बाद एसआई राहुल कुमार पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे और शव की पहचान के लिए आसपास के लोगों से पूछताछ की, लेकिन किसी ने शिनाख्त नहीं की। इसके बाद पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भागलपुर भिजवा दिया। विक्षत शव था। मृतक धोती और गंजी पहने हुए था। थानाध्यक्ष नीरज कुमार ने बताया शव की पहचान के लिए आसपास के थानों में फोटो भेजा गया है। पोस्टमार्टम के बाद शव को 72 घंटे तक सुरक्षित रखा जाएगा। इसके बाद भी पहचान नहीं हुई तो अंतिम संस्कार कर दिया जाएगा।

मैदान में 12 उम्मीदवार, 11 पुरुष तो एक महिला प्रत्याशी

मुंगेर। मुंगेर/लखीसराय मुंगेर लोकसभा सीट पर सोमवार को मतदान होगा। इस बार 12 प्रत्याशी चुनावी मैदान में हैं। जिसमें 11 पुरुष और एक महिला उम्मीदवार शामिल हैं। इनमें एनडीए से जदयू प्रत्याशी राजीव रंजन उर्फ ललन सिंह और इंडी गठबंधन की राजद प्रत्याशी अनीता कुमारी के बीच सीधा मुकाबला होने की संभावना है। जिले के 20 लाख 34 हजार 612 मतदाता इनके भाग्य का फैसला करेंगे। जिसमें 29890 मतदाता पहली बार वोट डालेंगे। मुंगेर लोकसभा सीट के तहत छह विधानसभा क्षेत्र आते हैं। इनमें मुंगेर, जमालपुर, सूर्यगढ़ा, लखीसराय, मोकामा और बाढ़ विधानसभा क्षेत्र हैं। अभी इनमें से एक विधानसभा क्षेत्र जमालपुर में इंडिया गठबंधन का कब्जा है। बांकी पांच पर एनडीए के विधायक या उसे समर्थन देने वाले विधायक काबिज हैं। बता दें कि मुंगेर लोक सभा में पूर्व में तीन विधान सभा पर एनडीए तो तीन पर महागठबंधन का कब्जा था। मगर सूर्यगढ़ा और मोकामा के राजद विधायक के पाला बदल लेने से अब इंडिया गठबंधन के पाले में एक ही सीट रह गई। अब इस बार देखना दिलचस्प होगा कि किस गठबंधन को नफा और किसको नुकसान होगा। यह मुंगेर लोक सभा क्षेत्र के करीब 20.34 लाख मतदाता तय करेंगे और परिणाम 04 जून को पता चलेगा। 2019 में मुंगेर लोक सभा चुनाव से जदयू के राजीव रंजन सिंह उर्फ ललन सिंह विजयी रहे थे। उन्हें 51.51% यानी 528762 मत मिले थे। जबकि कांग्रेस की नीलम देवी को 35.15% यानी 360825 मत मिले थे।

बूथ संख्या 304 पर पुलिस और ग्रामीणों के बीच झड़प, SHO-चौकीदार समेत कई ग्रामीण जख्मी

निज संवाददाता। मुंगेर

मुंगेर के बहिरामा मतदान केंद्र संख्या -304 पर पुलिस और ग्रामीणों के बीच हिंसक झड़प हुई है। इसमें हलसी थानाध्यक्ष विजय कुमार, एक चौकीदार समेत कुछ ग्रामीण गंभीर रूप से जख्मी हो गए हैं। जानकारी मिलने के बाद डीएम और एसपी रवाना हो गए हैं। वहीं, शाम 3 बजे तक मुंगेर में 43.55% मतदान हुआ है। बिहार के डिप्टी सीएम विजय कुमार सिन्हा ने बूथ संख्या - 190 पर मतदान किया। इस दौरान पत्रकारों से बातचीत करते हुए कहा कि लोकतंत्र की मजबूती के लिए हर नागरिक को मतदान करना चाहिए। वहीं, मुंगेर लोकसभा के मतदान केंद्र संख्या 312 पर धूप की वजह से एक भी मतदाता नहीं दिखे हैं। इस वजह से मतदान केंद्र पर सन्नाटा पसरा हुआ दिखा। पुलिसकर्मी भी सोते हुए नजर आए।

पर्ची नहीं मिलने को लेकर विवादः वहीं, मतदान केंद्र संख्या 145, 146 पर मतदान शुरू हो गया है। यहां असमाजिक तत्वों ने पथराव किया था। बीएलओ की ओर से पर्ची नहीं दिए जाने के कारण लोगों में नाराजगी थी। पुलिस ने लाठीचार्ज भी किया। मौके पर से दो युवक को हिरासत में लिया गया है। इधर, दोपहर 1 बजे तक 35.09% वोटिंग हुई है। यहां के मतदान केंद्र संख्या 196 पर मुंगेर विधानसभा के भाजपा विधायक प्रणव कुमार पत्नी के साथ मतदान करने के लिए पहुंचे।

7 बजे शुरू हुआ मतदानः लोकसभा चुनाव के चौथे चरण में हॉट सीट मुंगेर में सुबह 7 बजे से मतदान शुरू हो गया है। मुंगेर में एक पिठासीन अधिकारी की हार्ट अटैक से मौत हो गई है। सदर अस्पताल के चिकित्सक ने पुष्टि की है। 6 विधानसभा मुंगेर, जमालपुर, सूर्यगढ़ा, लखीसराय, बाढ़ और

मोकामा में वोटिंग को लेकर सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए गए हैं। सूर्यगढ़ विधानसभा में आने वाले 109 बूथों पर शाम 4 बजे तक ही वोटिंग होगी। इन बूथों को नक्सल प्रभावित माना गया है। यहां एनडीए प्रत्याशी ललन सिंह और महागठबंधन से बाहुबली अशोक महतो की पत्नी अनीता महतो के बीच सीधी टक्कर है। चुनाव के बीच पूर्व विधायक और बाहुबली अनंत सिंह की एंट्री से मुकाबला और दिलचस्प हो गया है।

20,41142 वोटर्स करेंगे फैसलाः मुंगेर लोकसभा सीट चुनाव को लेकर कुल 20,41142 मतदाता प्रत्याशियों के भाग्य का फैसला करेंगे। महिला मतदाताओं की संख्या 1082239 है और पुरुष मतदाताओं की संख्या 958851है। वहीं पहली बार वोट डालने वाले मतदाताओं की संख्या 29890 है। मुंगेर में कुल 2029 मतदान केंद्र बनाए गए हैं। जिसमें 119 बूथों को संवेदनशील बताया गया है।

सुरक्षा के पुख्ता इंतजामः लोकसभा चुनाव को लेकर मुंगेर पुलिस एक्टिव मोड में है। जिला के शहरी, दियारा और ग्रामीण क्षेत्र के अलावा गंगा नदी और जंगली इलाकों में पुलिस की चौकसी कर रही है। मतदान शांतिपूर्ण हो इसे लेकर पुलिस ने मास्टर प्लान के तहत अर्धसैनिक बल के अलावे सीआरपीएफ एसएसबी और जिला बल पुलिस के तैनाती की गई है।

जंगली इलाकों में ड्रोन से निगरानीः जंगली इलाकों में अर्धसैनिकों बलों की तैनाती के साथ ड्रोन कैमरे से निगरानी की जाएगी। वहीं दियारा इलाके में घुड़सवार पुलिस बल को लगाया गया है। गंगा में हेमजापुर से लेकर घोरघट तक एसडीआरफ के साथ पुलिस जवानों गश्ती करेंगे। सभी क्लस्टर पॉइंट पर क्यूआरटी टीम को लगाया गया है। नक्सल इलाके के सभी बूथों पर जिला पुलिस के अलावा अर्ध सैनिक बलों को लगाया गया है। जंगल में चार ड्रोन कैमरा से निगरानी की जाएगी। इसके अलावे ड्रोन टेक टीम, एआरजी टीम जमालपुर एवं चीता-14 करेली के साथ क्षेत्र में भ्रमण करते रहेंगे।

12 प्रत्याशी मैदान में, जिसमें 7 निर्दलीयः मुंगेर लोकसभा क्षेत्र में इस बार 12 प्रत्याशी मैदान में हैं। लेकिन मुख्य रूप से मुकाबला एनडीए प्रत्याशी ललन सिंह और महागठबंधन की तरफ से अशोक महतो की पत्नी अनीता महतो के बीच माना जा रहा है। चुनाव के बीच पूर्व विधायक ललन सिंह की एंट्री से मुंगर सीट का मुकाबला और दिलचस्प हो गया है।

मारवाड़ी युवा मंच ने सहारा वृद्धाश्रम में मनाया मदर्स-डे

निज संवाददाता। भागलपुर

मारवाड़ी युवा मंच ने सहारा वृद्धाआश्रम में रह रही माताओं के साथ मदर्स-डे मनाया। परिवार से दूर अकेले जीवन यापन कर रही माताओं का सम्मान किया गया। सदस्यों ने सभी वृद्ध माताओं को अपने हाथों से बने इडली, सांभर, चटनी, मिठाई, नमकीन, जूस दिया। मातृदिवस पर वृद्ध माताओं ने केक भी काटी। सभी को उपहार स्वरुप साड़ी दिया गया। मौके पर मारवाड़ी युवा मंच के विकास खांडेलिया, अश्विनी खटोड़,अध्यक्ष सोनम खटोड़, ऋषिका मावंडिया, नूतन छापोलिका,अर्चना मावनंडिया, निधि राजगड़िया, निकिता सूचन्ति, रूबी बाजोरिया, स्वाति अग्रवाल, शगुन सिंघानिया, बुलबुल खेमका, अंजलि

शर्मा मौजूद थी।

आज सभी माताओं का दिन हैः रूपा रानीः कंपनीबाग स्थित किलकारी बिहार बाल भवन में मातृ दिवस मनाया गया। 243 माताएं व 563 बच्चों ने भागीदारी ली। कार्यक्रम समन्वयक रूपा रानी ने कहा कि मां बच्चों की पहली गुरु होती है, आज का दिन सभी माताओं का दिन है। बच्चों ने मां को सम्बोधित कर कवितापाठ, संगीत, नाटक प्रस्तुत किया। इस अवसर पर सहायक लेखा अधिकारी सौरभ शिशिर, किलकारी के प्रशिक्षक कुंदन कुमार, देव कृष्ण व अन्य उपस्थित थे।

भागलपुर में सातवें दिन भी TMBU में प्रदर्शन, ढोल नगाड़े के साथ पहुंचे विद्यार्थी परिषद के सदस्य

निज संवाददाता। भागलपुर

भागलपुर में अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद द्वारा विश्वविद्यालय में फैले शैक्षणिक अराजकता भ्रष्टाचार एवं कुलपति के छात्र विरोधी नीतियों के खिलाफ लगातार कुलपति भगाओ विश्वविद्यालय बचाओ आंदोलन जारी है। इसी कड़ी में सोमवार को एबीवीपी कार्यकर्ता ने "बजेगा ढोल खुलेगा कुलपति का पोल" आंदोलन के तहत अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के दर्जन और छात्रों ने भागलपुर के तिलकामांझी भागलपुर विश्वविद्यालय के तहत बीएन महाविद्यालय इकाई में जमकर नारेबाजी किया और छात्रों ने कुलपति के खिलाफ ढोल बजाकर कुलपति के कई पोल खोलें।

अनियमितता को लेकर प्रदर्शनः वहीं बीएन कॉलेज के बाद टीएनबी महाविद्यालय इकाई में फिर मारवाड़ी महाविद्यालय इकाई में उसके बाद तिलकामांझी विश्वविद्यालय में प्रदर्शन किया गया। अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के द्वारा यह प्रदर्शन भी गति कई दिनों से किया जा रहा है और आज का यह प्रदर्शन काफी अनोखा था, जिसमें दर्जनों छात्रों ने अपनी सहभागिता दिलाई। वहीं, एबीवीपी कार्यकर्ता बोले आज विरोध प्रदर्शन का मुख्य उद्देश्य है विश्वविद्यालय में शैक्षणिक गतिविधि सुचारू रूप से व्याप्त हो। छात्रों के हित को ध्यान में रखते हुए नियम में तब्दीली की जाए सत्र सही समय पर चालू हो और सही समय पर समाप्त हो। छात्रों को सर्टिफिकेट सही समय पर मिले, मूलभूत सुविधाओं में सुधार की जाए जैसे कई मुद्दों को लेकर प्रदर्शन किया गया है, जिसमें प्रशासनिक गतिविधि में काफी अनियमितता को लेकर यह प्रदर्शन किया जा रहा है।

मतदान के दौरान पीठासीन पदाधिकारी की हार्ट अटैक से मौत, पत्नी बोली- दिल की बीमारी के बाद भी लगाई ड्यूटी

निज संवाददाता। मुंगेर

लोकसभा के चौथे चरण में मुंगेर में वोटिंग हो रही है। मतदान के बीच एक पीठासीन अधिकारी की मौत हो गई है। बताया जाता है कि हार्ट अटैक की वजह पीठासीन अधिकारी ओमकार कुमार चौधरी की मौत हो गई। घटना बूथ संख्या 210 की है। मृतक की पहचान टेटिया बंबर थाना क्षेत्र के छोटकी खरुई गांव निवासी ओमकार कुमार चौधरी(45) के रूप में की गई है। मृतक अपने गांव के प्राथमिक स्कूल में पंचायत टीचर के रूप में कार्यरत था।

छुट्टी के लिए दिया था आवेदन, नहीं हुई कोई सुनवाईः मतदान केंद्र पर मौजूद उनकी पत्नी और लोगों ने इसकी जानकारी परिजन सहित प्रशासनिक अधिकारी

को दी। मृतक की पत्नी रानी देवी ने अपने पति की मौत के लिए जिला प्रशासन को जिम्मेदार ठहराया है।

बीमार होने के बाद भी लगाई ड्यूटीः ओमकार की पत्नी रानी देवी ने बताया कि उन्हें पहले से हार्ट संबंधित बीमारी थी। जिसका इलाज भागलपुर से चल रहा था। डॉक्टरों ने ऑपरेशन कराने की सलाह दी थी, लेकिन पैसे नहीं होने से दवाई से काम चल रहा था। इसके साथ ही डॉक्टर ने बेड रेस्ट के लिए कहा था। इस बीच लोकसभा चुनाव में पीठासीन पदाधिकारी के रूप में बूथ संख्या 210 पर उनकी ड्यूटी लगा दी गई। जबकि मेडिकल रिपोर्ट के साथ जिला निर्वाचन पदाधिकारी को छुट्टी के लिए आवेदन दिया गया था। वह 12 मई को मतदान केंद्र पर पहुंच गए थे। पति की तबीयत ठीक नहीं होने के कारण पत्नी रानी देवी भी मतदान केंद्र पर पर मौजूद थी। सोमवार की सुबह 5 बजे शिक्षक के सीने में अचानक तेज दर्द हुआ। इसके बाद सदर अस्पताल लेकर जाने के दौरान हार्ट अटैक से मौत हो गई। वहां पहुंचते ही डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया।

किराना दुकानदार ने फंदे से लटक की आत्महत्या

निज संवाददाता। भागलपुर

भागलपुर के तातारपुर थाना क्षेत्र के दरगाह रोड में रविवार की देर रात किराना दुकानदार ने किचन में लगे पंखे से लटक कर आत्महत्या कर ली। खाना बनाने का बहाना बनाकर वे किचन में गए थे। काफी देर तक जब किराना दुकान पर वापस नहीं लौटे तो पत्नी ने खोजबीन शुरू की। पत्नी जैसे ही किचन में घुसी तो फंदे से लटका देखा। इसके बाद परिजनों की मदद से मायागंज अस्पताल ले जाया गया। यहां पर डॉक्टर से मृत घोषित कर दिया। मरने वाले की पहचान राजेंद्र प्रसाद शाह के बेटे विकास कुमार शाह (42) रूप में हुई है। मृतक विकास करीब 7 साल पहले कोलकाता में एक प्राइवेट नौकरी करता था। वहां एक लड़की से प्यार हो गया। जिसके बाद दोनों के

परिजनों की सहमति से 4 साल पहले शादी कराई गई। दपंती को एक पुत्र, एक पुत्री भी है।

मां पिता से अलग रहता था विकासः विकास मां पिता से अलग रहता था। किराना दुकान चला कर घर का भरण-पोषण करता था। मृतक के पिता राजेंद्र शाह ने बताया कि रोज करीब 5:00 बजे विकास दुकान पर बैठता था। रविवार को घर के पंखे का कंडेनसर बदलवाना था। जिसको लेकर विकास की दुकान पर गए थे। शाम में विकास दुकान पर नहीं दिखा तो पोते व्योम से पूछा तो उसने खाना खाने की जानकारी दी। मैने विकास के कमरे का दरवाजा खटखटाया तो अंदर कोई नहीं मिला। कुछ देर बाद पत्नी ने दरवाजा खोल कर देखा तो विकास का शव पंखे से लटक रहा था। घटना की जानकारी अन्य स्वजनों को दी गई।

कृषि विश्वविद्यालय सबौर में जागरूकता कार्यक्रम का समापन

निज संवाददाता। भागलपुर

भागलपुर में बिहार कृषि विश्वविद्यालय के नेचर क्लब द्वारा संचालित मिशन लाइफ अभियान के तहत पर्यावरण जागरूकता का साप्ताहिक कार्यक्रम के लिए 6 से 12 मई, 2024 के दौरान आयोजित कंपोस्ट बायोगैस उत्पादन पर विचार हेक्टून पर एक सप्ताह के जागरूकता कार्यक्रम का समापन रविवार को बिहार कृषि विश्वविद्यालय सबौर के मिनी सभागार में किया गया। सत्र की अध्यक्षता डॉ आर के सोहाने, निदेशक प्रसार शिक्षा अभियान सभा ने की। समापन सत्र के दौरान कुल सचिव डॉ एम हक, प्राचार्य, बिहार कृषि महाविद्यालय डॉ एस एन राय तथा अध्यक्ष, पादप कार्यिकी एवं जैव रसायन डॉ संजय कुमार उपस्थित थे। इस, कार्यक्रम में विश्वविद्याल के तीन महाविद्यालय के छात्र छात्रा उपस्थित हुए। डॉ सोहने ने कहा को छात्रों को मिशन लाइफ के सात उद्देश्यों को अपने जीवन में अपनाने का आग्रह किया। उन्होंने छात्रावास की रसोई से अपशिष्ट पदार्थ का पुनः उपयोग कर खाद एवं बायोगैस उत्पादन के लिए प्रोत्साहित किया।

उन्होंने इस बात को स्पष्ट रूप से कहा कि विश्वविद्यालय परिसर को प्लास्टिक मुक्त होना चाहिए एवं केवल बायोडिग्रेडेबल वस्तुओं का ही उपयोग होना चाहिए। मंच पर उपस्थित सम्मानित जनों ने आने वाली पीढ़ी की भलाई के लिए पर्यावरण को संरक्षण पर अपने दृष्टिकोण और विचार व्यक्त किये। इससे पहले मिशन लाइव कार्यक्रम के पांचवें दिन विश्वविद्यालय के नव निर्मित लेक्चर थिएटर में यूजी के छात्रों के लिए निबंध लेखन प्रतियोगिता आयोजित की गई।

निबंध प्रतियोगिता का भी आयोजनः प्रतियोगिता दोपहर 3:00 बजे शुरू हुई। निबंध प्रतियोगिता का विषय मृदा अपरदन, मरुस्थलीकरण एवं भूमि पुनर्जन था। उक्त प्रतियोगिता में बिहार कृषि विश्वविद्यालय, वानिकी एवं पर्यावरण विज्ञान महाविद्यालय तथा कृषि जैव प्रौद्योगिकी महाविद्यालय, सबौर के 28 विद्यार्थियों ने भाग लिया। इस प्रतियोगिताओं के लिए गठित निर्णायक समितियां ने मौके पर ही परिणाम संकलित किया। कार्यक्रम के छठे दिन बी ए यू, सबौर के नवनिर्मित लेक्चर थिएटर में भागलपुर के विभिन स्कूल के बचों के लिए भाषण, फोटोग्राफी, स्लोगन, निबंध लेखन, मॉडल तथा पेंटिंग प्रतियोगिताएं आयोजित की गई।

पूर्व रेलवे

निविदा सूचना सं. : ईएल/एचडब्ल्यूएच/25/21 (सूचना)/581, दिनांकः 10.05.2024, मंडल रेल प्रबंधक, पूर्व रेलवे, हावड़ा, डीआरएम बिल्डिंग, रेलवे स्टेशन के पास, हावड़ा-711101 द्वारा निम्नलिखित विद्युत कार्य के निष्पादन के लिए खुली ई-निविदाएँ आमंत्रित की जाती हैं: **क्रम सं. 1, निविदा सं. ईएल-एचडब्ल्यूएच-25-21-3259-आर3, कार्य का नाम** : हावड़ा स्टेशन में मेन बुकिंग ऑफिस में एसी पैकेज यूनिट का प्रावधान और सबवे बुकिंग ऑफिस में एसी पैकेज यूनिटों की मरम्मत/पुनर्निर्माण। **निविदा मूल्य :** रु. 59,59,846/-, **बोली प्रतिभूति (बयाना राशि जमा):** रु. 1,19,200/-, **समापन अवधि:** 180 दिन। **क्रम सं. 2, निविदा सं. ईएल-एचडब्ल्यूएच-25-21-3281, कार्य का नाम** : विद्युत/सा. विभाग के अंतर्गत डीआरएम बिल्डिंग कॉम्प्लेक्स, हावड़ा सहित हावड़ा मंडल के तहत पावर सब-स्टेशन और एचटी/एलटी स्विच रूमों की फॉयर सेफ्टी ऑडिट। **निविदा मूल्य :** रु.25,14,232/- **बोली प्रतिभूति (बयाना राशि जमा):** रु. 50,300/- **समापन अवधि:** 120 दिन। **निविदा की अंतिम तिथि और समय:** दिनांक 31.05.2024 को 15.00 बजे। यदि निविदा आमंत्रण सूचना में उल्लिखित अंतिम तिथि को किसी भी कारण से अवकाश/बंद/हड़ताल घोषित किया जाता है, तो ऑनलाइन निविदा की अंतिम तिथि नहीं बदली जाएगी क्योंकि आईआरईपीएस की वेबसाइट में किया गया आवेदन, निविदा की अंतिम तिथि और समय के बाद किसी भी प्रस्ताव को जमा करने की अनुमति नहीं देता है। तथापि निविदा की अंतिम तिथि और समय के बाद किसी भी सुविधाजनक दिवस को निविदाएँ ऑनलाइन खोली जाएंगी। निविदा का विवरण वेबसाइटः **www.ireps.gov.in** पर उपलब्ध है। निविदाकारों से अनुरोध किया जाता है कि अपने प्रस्ताव को उपर्युक्त वेबसाइट पर ऑनलाइन जमा करें।

HWH-53/2024-25

निविदा सूचना वेबसाइटः **www.er.indianrailways.gov.in/www.ireps.gov.in** पर भी उपलब्ध है

हमें यहाँ देखें : @EasternRailway
@easternrailwayheadquarter

पूर्व रेलवे

मंडल रेल प्रबंधक, पूर्व रेलवे, हावड़ा, डीआरएम बिल्डिंग, रेलवे स्टेशन के पास, हावड़ा-711101 (वरिष्ठ डीईएन/1/हावड़ा के क्षेत्रधिकार के लिए) द्वारा निम्नलिखित कार्यों के लिए सिंचाई/सीपीडब्ल्यूडी/एसईबी/एमईएस या किसी सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रम से पंजीकृत समेत समप्रकृति के कार्य के अनुभवी एवं अपेक्षित वित्तीय संपन्न निविदाकारों से निम्नलिखित ई-निविदा ऑनलाइन आमंत्रित की जाती हैः **क्रम सं. 1, एनआईटी सं. 16_2024-25, दिनांक 10.05.2024, कार्य का विवरण** : बैण्डेल ईएमयू कारशेड के रखरखाव के लिए फायर हाइड्रेंट पाइपलाइन। **अनुमानित मूल्य :** रु. 46,71,743.25, **बयाना राशिः** रु. 93,400/-**निविदा प्रपत्र का मूल्य :** शून्य। **क्रम सं. 2, एनआईटी सं. 18_2024-25, दिनांक 10.05.2024, कार्य का विवरण** : बैण्डेल कारशेड में पिट लाइन 1, 2 एवं 3 के लिए जीरो लेवल ट्रैक हेतु ट्रैक पैरामीटर की उन्नति। **अनुमानित मूल्य :** रु. 23,34,761.56, **बयाना राशिः** रु. 46,700/-, **निविदा प्रपत्र का मूल्य :** शून्य। **समापन अवधि :** 06 (छह) माह (क्रम सं. 1 एवं 2 प्रत्येक के लिए)। यदि निविदा आमंत्रण सूचना में उल्लिखित अंतिम तिथि को किसी भी कारण से अवकाश/ बंद/हड़ताल घोषित किया जाता है, तो ऑनलाइन निविदा की अंतिम तिथि नहीं बदली जाएगी क्योंकि आईआरईपीएस की वेबसाइट में किया गया आवेदन, निविदा की अंतिम तिथि और समय के बाद किसी भी प्रस्ताव को जमा करने की अनुमति नहीं देता है। तथापि निविदाओं का ऑनलाइन खोला जाना अगले कार्यदिवस में किया जाएगा। **निविदा की अंतिम तिथि और समय** : दिनांक 31.05.2024 को 14.00 बजे। निविदा का विवरण वेबसाइट : **www.ireps.gov.in** पर उपलब्ध है। निविदाकारों से अनुरोध किया जाता है कि अपने प्रस्ताव को उपर्युक्त वेबसाइट पर ऑनलाइन जमा करें। **ईएमडी और टीडीसी का भुगतान**-ई-निविदा प्रणाली के मामले में, बयाना राशि जमा (ईएमडी) और निविदा कागजात की लागत (टीडीसी) का भुगतान, केवल नेट बैंकिंग या पेमेंट गेटवे के माध्यम से स्वीकार किया जाएगा। कोई मैनुअल प्रस्ताव स्वीकार्य नहीं होगा।

HWH-55/2024-25

निविदा सूचना वेबसाइट **www.er.indianrailways.gov.in/www.ireps.gov.in** पर भी उपलब्ध है

हमें यहाँ देखें : @EasternRailway
@easternrailwayheadquarter

विचार-मंथन

संपादकीय

कठघरे में टीके

कोरोना के टीके कोविशील्ड को लेकर छिड़ा विवाद थमने का नाम नहीं ले रहा है, तो यह स्वाभाविक ही है। इस टीके की निर्माता कंपनी एस्ट्राजेनेका ने अपने टीकों को वापस लेने की पहल की है। खासकर, टीके वैक्सजेवरिया पर सुरक्षा चिंताओं के बीच कंपनी की पहल को अलग-अलग नजरिये से देखा जा रहा है। यह कंपनी अपने टीकों की शिकायतों से परेशान है और टीके को वापस लेने से जहां उसकी चिंता घटेगी, वहीं दूसरी ओर, लोगों की शिकायतों में भी इजाफा हो सकता है। खास बात यह है कि सुप्रीम कोर्ट जल्द ही कोविशील्ड के दुर्लभ दुष्प्रभावों पर सुनवाई करने वाला है। हालांकि, सुनवाई की तारीख अभी तय नहीं है, पर यह बड़ी बात है कि प्रधान न्यायाधीश डीवाई चंद्रचूड़ ने वैक्सीन के दुष्प्रभावों की जांच के लिए एक विशेषज्ञ पैनल की मांग वाली याचिका को स्वीकार कर लिया है। यह याचिका अधिवक्ता विशाल तिवारी ने दायर की है और इसमें शीर्ष अदालत से प्रभावित नागरिकों के लिए वैक्सीन क्षति भुगतान व्यवस्था बनाने की मांग की गई है। सर्वोच्च न्यायालय ने अगर मंजूर कर लिया, तो केंद्र सरकार को भारत में भी टीका दुष्प्रभाव क्षतिपूर्ति तंत्र बनाना पड़ेगा। महामारी के दौरान टीकाकरण अभियान के चलते गंभीर रूप से अक्षम हुए लोगों की खोज होनी चाहिए और एक विस्तृत सूची बननी चाहिए। हालांकि, यह काम आसान नहीं है। ध्यान देने की बात है, कोरोना पीड़ितों या मृतकों के परिजन को मुआवजा देने का फैसला केंद्र सरकार ने किया था। ऐसे बच्चों के लिए भी विशेष प्रबंध किए गए थे, जो कोरोना के समय अनाथ हो गए थे। अब अगर टीकों के दुष्प्रभावों से पीड़ित लोगों या मृतकों को मुआवजा मिलता है, तो यह एक कल्याणकारी राज्य (भारत) के लिए सकारात्मक फैसला होगा। भारतीयों को सतर्क रहना चाहिए, कहीं ऐसा न हो कि देश या क्षेत्र के हिसाब से एस्ट्राजेनेका पक्षपात करने लगे। अगर यूरोप में मुआवजा दिया जाता है, तो एशिया या भारत में क्यों नहीं ध्यान देने की बात है, भारत में लोगों को कोविशील्ड की 175 करोड़ से अधिक खुराकें दी जा चुकी हैं। भारत में भी एस्ट्राजेनेका की टीका संबंधी स्वीकारोक्ति के बाद चिंता का आलम है। कंपनी ने स्वीकार किया है कि टीके से रक्त का थक्का जमने का खतरा है और इस वजह से ब्रिटेन में कंपनी को मुकदमे का सामना करना पड़ रहा है। वैसे, कंपनी अभी भी अपने दामन को पाक-साफ बताने में लगी हुई है और वह यूरोप में लग रहे आरोपों को तभी स्वीकार करेगी।

डेयरियों में मिलावट का कारोबार

जैसे-जैसे कृषि व्यवस्था यंत्र आधारित होती गई है, पशुपालन का मकसद शुद्ध रूप से व्यावसायिक होता गया है। दुग्ध उत्पादन एक बड़े कारोबार का रूप ले चुका है। खासकर शहरों में दूध और दुग्ध उत्पाद की लगातार बढ़ती मांग के मद्देनजर दुधारू पशुओं के पालन और दुग्ध उत्पादन को प्रोत्साहित किया जाता है। हालांकि देश के ज्यादातर राज्यों ने सहकारी दुग्ध समितियां गठित कर दी हैं, कई कंपनियां भी थैली का दूध और दुग्ध उत्पाद बेचती हैं। मगर बहुत सारे लोग शुद्धता के आग्रहवश अपने मुहल्ले की डेयरी या दूधिया से दूध लेना बेहतर समझते हैं। इस तरह के दूध का कारोबार करने वालों के बारे में लंबे समय से मिलावट करने का तथ्य उजागर है। यहां तक कि नकली दूध का कारोबार भी चलता है। मगर अधिक से अधिक दूध उत्पादन की चाह में जिस तरह गाय-भैंसों और अन्य दुधारू पशुओं को दवा देकर उनका हार्मोन बढ़ाया जाता है, वह एक अलग त्रासद पक्ष है। दवा देकर हार्मोन बढ़ाने से पशुओं में दूध की मात्रा तो बढ़ जाती है, मगर उनकी सेहत पर पड़ने वाला प्रतिकूल प्रभाव उनके लिए भयावह होता है। ऐसे पशु जब दूध देना बंद कर देते हैं, तो उन्हें अनेक तकलीफदेह बीमारियां घेर लेती हैं। पशुओं को दवा देकर उनका हार्मोन बढ़ाने और अधिक से अधिक दूध खींचने को दिल्ली उच्च न्यायालय ने पशु क्रूरता माना है। अदालत ने अधिकारियों को आदेश दिया है कि वे राजधानी की डेयरियों में हार्मोन पैदा करने के लिए आक्सीटोसिन नामक दवा के उपयोग का पता लगाएं और ऐसे लोगों के खिलाफ कार्रवाई करें। अदालत ने खुफिया विभाग से आक्सीटोसिन के उत्पादन और वितरण के स्रोतों की पहचान करने को भी कहा है। छिपी बात नहीं है कि शहरों में चलाई जाने वाली डेयरियों में दुधारू पशुओं को एक संसाधन की तरह रखा जाता है। बहुत सारी डेयरियों में तो पशुओं के बैठने, घूमने-फिरने तक की पर्याप्त जगह नहीं होती। इसलिए अदालत ने यह भी कहा है कि डेयरियों में उचित जल निकासी, पशुओं के घूमने के लिए पर्याप्त खुली जगह, बायोगैस संयंत्र आदि सुनिश्चित कराए जाने चाहिए।

मोदी के लिए अपरिहार्य कैसे बने अमित शाह

आर.के. सिन्हा
पूर्व सांसद, राज्य सभा

अमित शाह राजधानी में अपने साउथ ब्लॉक के दफ्तर में जब काम करते होंगे, तब उनके जेहन में भी देश के पहले उपप्रधानमंत्री और गृह मंत्री सरदार पटेल का ख्याल अवश्य आता होगा। लौह पुरुष सरदार पटेल नें भी इसी साउथ ब्लॉक में बने गृह मंत्री कार्यालय से ही से देश की आंतरिक सुरक्षा को एक नई दिशा दी थी। वे भी बोलने में कम और काम करने में अधिक यकीन करते थे। अमित शाह का एक गुण यह भी है कि वे किसी अनावश्यक विवाद को खत्म करने में देर नहीं करते। दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने शायद सोचा होगा कि वे अमित शाह को देश का भावी प्रधानमंत्री बताकर एक विवाद खड़ा कर देंगे। पर उनकी यह मंशा सफल नहीं हुई, क्योंकि अमित शाह ने साफ कर दिया कि नरेन्द्र मोदी ही 2029 तक देश के प्रधानमंत्री बने रहेंगे।

अमित शाह ने पहले भाजपा के संगठन में रहते हुए और फिर केन्द्रीय गृह मंत्री के रूप में अपनी अमिट छाप छोड़ी है। भाजपा अध्यक्ष रहते हुए उनके संगठनात्मक कौशल को सबने देखा, लेकिन जो लोग उन्हें गुजरात के दिनों से जानते थे, वे बहुत हैरान नहीं हुए। फिर, 2019 में, वह केंद्रीय गृह मंत्री बने, और इसके साथ ही शुरू हुआ कई बड़े फैसलों को लेने का दौर। पिछले पांच वर्षों में, अमित शाह ने आंतरिक सुरक्षा को नया रूप दिया है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की देखरेख में भारतीय दंड विधान (आईपीसी), दंड प्रक्रिया संहिता (सीआरपीसी) और साक्ष्य अधिनियम को बदला गया। अमित शाह मानते हैं कि कोई भी कानून 50 साल के बाद पुराना हो जाता है। 1860 से 2023 तक आईपीसी, सीआरपीसी और साक्ष्य अधिनियम में कोई परिवर्तन नहीं हुआ था। आपको याद होगा जब जब भारत अपना 75वां स्वाधीनता दिवस मना रहा था, तब प्रधानमंत्री मोदी ने लाल किले की प्राचीर से पांच संकल्प किए थे। नए आपराधिक कानून उनमें से एक को पूरा करते हैं। सरकार ने नए कानूनों को भारतीय न्याय संहिता, भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता और भारतीय साक्ष्य अधिनियम नाम दिया है। गृह मंत्री के रूप में अमित, शाह को प्रधानमंत्री का विश्वास और पूरा भरोसा प्राप्त है। वास्तव में, जब कोई राजनीतिक या सरकारी मुद्दा प्रधानमंत्री मोदी के समक्ष लाया जाता है, तो कहा जाता है कि वह उस व्यक्ति से अमित शाह से भी सलाह लेने के लिए कहते हैं। 2019 में, गृह मंत्री बनने के तीन महीने बाद, अमित शाह संविधान के अनुच्छेद 370 को निरस्त करने के सरकारी कदम में सबसे आगे थे।

इसके लिए कुशल राजनीतिक सूझबूझ की आवश्यकता थी। उन्हें प्रधानमंत्री मोदी का पूरा समर्थन हासिल था। चार साल बाद, सुप्रीम कोर्ट ने फैसले की वैधता को बरकरार रखा, जो कि भाजपा ने भारत के अंतिम एकीकरण में सबसे बड़ी बाधा के रूप में देखा था। अमित शाह 2019 के नागरिकता संशोधन अधिनियम (सीएए) की पीछे प्रेरक शक्ति भी रहे हैं, जिसका उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि अफगानिस्तान, बांग्लादेश और पाकिस्तान के उत्पीड़ित हिंदू, सिख, बौद्ध, जैन, पारसी और ईसाई - जो 31 दिसंबर, 2014 को या उससे पहले भारत में प्रवेश कर चुके हैं - उन्हें भारतीय नागरिकता दी जाए। लोकसभा चुनाव की घोषणा के बाद आशंका थी कि सीएए को विपक्ष मुद्दा बनायेगा। पर यह नहीं हुआ। इसकी बेशक एक बड़ी वजह यह रही कि अमित शाह देश के मुसलमानों को भरोसा देता रहे कि सीएए कानून का उनसे कोई लेना-देना है। याद करें कि राजधानी के शाहीन बाग में सीएए के खिलाफ महिलाओं ने लंबा धरना दिया था। धरने देने वाली महिलाएं कह रही थीं कि सीएए के बहाने मुसलमानों को प्रताड़ित किया जाएगा। धरना कोविड के फैलने के कारण सरकार ने सख्ती से बंद करवा दिया था। उस समय धमकी दी जा रही थीकि सीएए के खिलाफ धरना फिर शुरू होगा। पर यह नहीं हुआ। गृह मंत्री अमित मोदी बार-बार मुसलमानों को भरोसा देते रहे कि सीएए से उन्हें घबराने की कोई वजह नहीं है। इसका सकारात्मक असर हुआ। जब केन्द्र सरकार ने सीएए की पिछली 11 मार्च को अधिसूचना जारी की तो एक बार लगा कि इसका विरोध होगा।

पर कहीं कुछ नहीं हुआ। लोकसभा चुनाव की घोषणा से पहले सीएए की अधिसूचना के बाद उम्मीद थी कि कांग्रेस और अन्य विपक्षी दल सीएए को लागू करने के मसले को लोकसभा चुनाव में उठाएंगे। सीएए, एनआरसी और धारा 370 जैसे मुद्दे काँग्रेस के घोषणापत्र से ही गायब हैं।

'सीएए पर दिल्ली से शुरू हुआ विरोध प्रदर्शन देश के अन्य हिस्सों में फैल गया था और जल्दी ही यह हिंदू-मुस्लिम विवाद में बदला था। दिल्ली में सार्वजनिक संपत्ति को खूब नुकसान पहुंचाया गया और विरोध प्रदर्शन हिंसक भी हुए थे। एक लोकतांत्रिक देश में हर मुद्दे पर विरोध का अधिकार है, लेकिन क्या सार्वजनिक संपत्ति को नुकसान पहुंचाने का भी हक है। जबकि विधेयक में पहले दिन से कहा गया था कि यह केवल उन शरणार्थियों पर लागू किया जाएगा जो "धर्म के आधार पर उत्पीड़न के कारण भारत में शरण लेने के लिए मजबूर थे। खैर, अमित शाह की सरपरस्ती में, आंतरिक आतंकवाद का खतरा भी कम हुआ है। इस्लामिक स्टेट का उदय, पहले सीरिया और बाद में अफगानिस्तान में, चरमपंथी प्रवृत्ति वाले कई युवाओं को विदेशी जमीन में युद्ध लड़ने के लिए देश से बाहर जाते हुए देखा गया। इससे 2014 में कट्टरपंथ और ऑनलाइन ब्रेनवॉशिंग के नए खतरों के बारे में चिंता पैदा हुई थी, लेकिन गृह मंत्रालय और खुफिया एजेंसियां आज इनसे निपटने के लिए बेहतर तरीके से तैयार हैं। छत्तीसगढ़, बिहार और झारखंड के नक्सल प्रभावित राज्यों में, सुरक्षा बल धीरे-धीरे उन क्षेत्रों में वापस आ रहे हैं जिन्हें कभी रेड जोन माना जाता था। लोकसभा चुनाव 2024 के प्रचार के दौरान गृह मंत्री अमित शाह ने कहा है कि नक्समलवाद के खिलाफ हमारी जंग जारी रहेगी। लोकसभा चुनावों से ठीक पहले नक्स लियों पर एक बहुत बड़ा ऑपरेशन हुआ, ऐसा पिछले साल दिसंबर महीने में भी देखने को मिला था। अमित शाह कह रहे हैं कि भाजपा के कमिटमेंट में कोई बदलाव नहीं आया है। फिर वो चाहे, नक्सुलवाद के खिलाफ हो या आतंकवाद के खिलाफ। आतंकवाद और नक्सदलवाद लोकतांत्रिक तरीके नहीं हैं और इन्हें समाप्ति कर देना चाहिए।

पहले आम चुनाव में बलिया ने दिखाए बागी तेवर

(उमेश चतुर्वेदी)

आजादी के बाद का पहला ही चुनाव था..आजादी के आंदोलन की अगुआ रही कांग्रेस की पूरे देश में तूती बोल रही थी। तपे-तपाए नेताओं के आभामंडल से भारतीय राजनीतिक क्षितिज दैदीप्यमान था, इसके बावजूद पंडित नेहरू देश की राजनीतिक धुरी बने हुए थे..चुनावों में नेहरू जहां भी जाते, वहां भीड़ लग जाती। आम चुनावों के बीच तमाम तरह से मुद्दे छाये हुए हैं.. कुछ जगहों पर बाहरी उम्मीदवार को लेकर स्थानीय वोटर और पार्टी कार्यकर्ता नाराज हैं। ऐसी कहानियां तमाम पार्टियों की हैं। कभी पार्टी अनुशासन का भय दिखाकर तो कहीं पुचकार कर कार्यकर्ताओं को मनाया जा रहा है। ताकि वे समर्थक वोटरों को मतदान केंद्र तक ला सकें। लेकिन कई जगह वोटरों को मनाना पार्टियों के लिए टेढ़ी खीर साबित हो रहा है। तो कई जगहों पर बाहरी उम्मीदवार के पीछे स्थानीय कार्यकर्ता अभिभूत नजर आ रहे हैं। जितनी भारत की संस्कृति विविधरंगी है, जितना बहुरंगी अपना समाज है, उतने ही रंग चुनाव में भी दिख रहे हैं। आजादी के बाद का पहला ही चुनाव था..आजादी के आंदोलन की अगुआ रही कांग्रेस की पूरे देश में तूती बोल रही थी। तपे-तपाए नेताओं के आभामंडल से भारतीय राजनीतिक क्षितिज दैदीप्यमान था, इसके बावजूद पंडित नेहरू देश की राजनीतिक धुरी बने हुए थे..चुनावों में नेहरू जहां भी जाते, वहां भीड़ लग जाती। लेकिन उसी नेहरू की बात को बलिया ने एक नहीं सुनी। ठीक उसी अंदाज में कांग्रेसी आलाकमान से बगावत कर दिया, जिस अंदाज में एक दशक पहले अंग्रेजों से बलिया का शासन छीन लिया था। दूसरे आम चुनाव में पंडित नेहरू ने गोविंद मालवीय को बलिया में कांग्रेस का उम्मीदवार बनाकर मैदान में उतार दिया था। गोविंद मालवीय कोई मामूली शख्सियत नहीं थे। काशी हिंदू विश्वविद्यालय के संस्थापक, कांग्रेस और हिंदू महासभा के अध्यक्ष रहे पंडित मदनमोहन मालवीय के बेटे थे। गोविंद मालवीय की भी ख्याति मशहूर शिक्षाविद् के रूप में थी। नेहरू को लगा कि महामना मालवीय की प्रतिष्ठित विरासत और कांग्रेसी साख के साथ गोविंद मालवीय बलिया से चुनावी नैया पार लगा ले जाएंगे। नेहरू ने तब बलिया के कांग्रेस नेताओं से सलाह लेना भी उचित नहीं समझा। बलिया के वरिष्ठ पत्रकार अशोक जी बताते हैं कि दरअसल बलिया की कांग्रेस कमेटी ने पहले चुनाव की उम्मीदवारी के लिए दो लोगों मुरली मनोहर श्रीवास्तव और उनके पिता और मशहूर पत्रकार दुर्गा प्रसाद गुप्त के नाम सुझाए थे। लेकिन कांग्रेस आलाकमान ने संविधान सभा के सदस्य रहे और कुछ ही दिन पहले काशी हिंदू विश्वविद्यालय के कुलपति पद से हटे गोविंद मालवीय को उम्मीदवार बना दिया। बलिया के लोगों को यह नागवार गुजरा। उन्हें गोविंद मालवीय की उम्मीदवारी मंजूर नहीं हुई। ऐसा नहीं कि बलिया के लोग महामना मालवीय को नहीं जानते थे। ऐसा भी नहीं कि गोविंद मालवीय के बारे में स्थानीय लोगों को पता नहीं था। लेकिन बलिया को बाहरी उम्मीदवार मंजूर नहीं था। बलिया के कांग्रेसी नेताओं और कार्यकर्ताओं ने कांग्रेस के तत्कालीन आलाकमान के सामने स्थानीय उम्मीदवार देने की मांग रखी। लेकिन उनकी मांग नकार दी गई। नेहरू ने गोविंद मालवीय की उम्मीदवारी हटाने से इनकार कर दिया। बलिया के लोगों को यह बात नागवार लगी। बयालिस के आंदोलन में अंग्रेजों से आजादी हासिल कर लेने वाले बलिया के लोगों को बाहरी उम्मीदवार पसंद नहीं आया। बलिया के गांवों, चट्टी-चौराहों पर बाहरी उम्मीदवार की चर्चा आम हो गई। गोविंद मालवीय से लोगों को निजी तौर पर किसी को एतराज नहीं था। लेकिन बलिया को ऐसा लगा कि बाहरी उम्मीदवार एक तरह से उनके स्वाभिमान को चुनौती है। बलिया में बाहरी बनाम स्थानीय की चर्चा आम हो गई। गांव-गांव एक राय बनती चली गई कि स्थानीय उम्मीदवार को ही वोट देना है। बलिया के कांग्रेस कार्यकर्ताओं और नेताओं पर स्थानीय उम्मीदवार देने का दबाव बढ़ने लगा।

सुडोकू पहेली — क्रमांक- 5369

1		8			6	4		
		6		9		8		7
5								
2	6	9	5				8	
			4		9			
	8				2	7	9	1
								5
6		4		7		2		
		1	2			9		3

नियम : प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक अंक भरे जाने आवश्यक हैं, इनका क्रमवार होना आवश्यक नहीं है। आड़ी व खड़ी पंक्ति में एवं 3x3 के वर्ग में अंक की पुनरावृत्ति न हो, पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते।

सुडोकू पहेली क्र. 5368

8	3	6	9	5	7	1	2	4
2	7	1	3	8	4	9	6	5
5	9	4	1	2	6	8	7	3
3	2	7	4	6	1	5	9	8
9	1	8	5	7	3	6	4	2
6	4	5	2	9	8	7	3	1
7	6	2	8	4	5	3	1	9
1	8	9	7	3	2	4	5	6
4	5	3	6	1	9	2	8	7

आज का राशिफल

मेष
आज का दिन शुभ है और भाग्य आपका साथ देगा। जीवन के सभी क्षेत्रों में प्रगति की दिशा में आगे बढ़ेंगे। योजनाओं से संबंधित प्रस्तावों को मंजूरी दी जाएगी। भुगतान मिलने के बाद आप व्यवसायिक कार्यक्रम को आगे बढ़ाएंगे। आपको कमाई के उम्दा अवसर मिलते रहेंगे। घटनाएं आपके अनुकूल रहेंगी।

वृष
आज आपको कोई बड़ा प्रस्ताव मिलेगा। किसी के बहकावे में न आएं। शाम से लेकर रात तक किसी सामाजिक कार्यक्रम में शामिल होने का आपको अवसर प्राप्त होगा। आज के दिन आपको अपनी सेहत पर ध्यान देने की जरूरत है। खराब खान-पान से बचें और आलस्य का भी त्याग करें। किसी भी वस्तु की अधिकता हानिकारक हो सकती है।

मिथुन
आज का दिन शुभ है और आज आप कोई जरूरी योजना आरंभ कर सकते हैं। इसके सफलतापूर्वक पूरा होने में एक साल लग सकता है। आर्थिक लाभ की उम्मीद कर सकते हैं। आपके धन में वृद्धि के योग हैं और आपको पैसों के मामले में फालतू खर्च से बचने की सलाह है।

तुला
आज का दिन खुशियों से भरा होगा। आपको लाभ होगा और आपका मन प्रसन्न होगा। विलासितापूर्ण माहौल का लुफ्त उठाएंगे। बड़ी मात्रा में पैसा हाथ में आने से आप संतुष्टि महसूस करेंगे। रात्रि में कुछ जरूरी लोगों पर आपका खर्च हो सकता है। ध्यान दें और अपने ऊपर नियंत्रण रखें।

वृश्चिक
आज आपको हर तरफ से पूरी तरह से हर प्रकार का सहयोग प्राप्त होगा आप विभिन्न कार्यों में सक्रियतापूर्वक भाग लेंगे। आप अपने संसाधनों को एकजुट करने में सफल रहेंगे। सायंकाल का समय अध्यात्म में बीतेगा और आपके लिए लाभ के योग बन रहे हैं। रात में कोई तोहफा या सरप्राइज आपको मिल सकता है।

धनु
आज लाभ होगा और आप एक परियोजना को पूरा करने में सफल रहेंगे। किसी महान व्यक्ति के हस्तक्षेप से पारिवारिक विवाद का समाधान हो जाएगा। आपकी रचनात्मक क्षमता बढ़ेगी। परिस्थितियों का आकलन करें और फिर दिल और दिमाग की बात सुनकर फैसला लें। आर्थिक मामलों में भाग्य आपका साथ देगा।

कर्क
आज आर्थिक लाभ होगा और रुके कार्य पूर्ण होंगे। अन्तर्मन की पुकार को सुनें तो कोई फैसला करें। हर मामले में अतिवादी से बचें। जीवन के कड़वे अनुभवों से सबक सीखें। अतीत को भूलकर वर्तमान में कदम आगे बढ़ाएं। आज आपके कार्यक्षेत्र में अप्रत्याशित बदलाव की संभावना है। आपके धन में वृद्धि के योग हैं।

सिंह
आज आर्थिक लाभ होगा। जो उम्मीदें संजो रखी हैं, उनके पूरा न होने पर आप खिन्न रहेंगे। निजी संबंधों के कुछ मामलों में विवाद की स्थिति उत्पन्न हो सकती है। एक बात आज विशेष रूप से नोट कर लें कि जीवन में जब भी आपको आवश्यकता पड़ेगी तब आपके काम आपके दोस्त ही आएंगे।

कन्या
आज आर्थिक लाभ होगा और आज आप कुछ बदलाव के बारे में सोच रहे हैं। आज आप किसी कठिन दौर से गुज़र सकते है। आज आप किसी मामले में बड़ी सच्चाई का सामना करेंगे और शाम के वक्त किसी बात को लेकर आपके मन में घबराहट हो सकती है। सच्चाई का सामना करेंगे।

मकर
आज का दिन मिलाजुला रहेगा। शारीरिक और मानसिक रूप से परेशान होने के बावजूद आप जो भी कार्य साहस के साथ करेंगे, उसमें सफलता मिलेगी। कार्यक्षेत्र और परिवार में कठिनाइयों का सामना करना पड़ेगा। इनका सामना आप साहस के साथ करेंगे और विजेता बनकर उभरेंगे। आपके धन में वृद्धि के योग हैं आपका भाग्य साथ देगा।

कुंभ
आज सेहत और वित्तीय संसाधनों पर ध्यान देने की जरूरत है। दूसरे लोगों के कार्य के लिए ज्यादा वक्त और ऊर्जा बर्बाद न करें। आपको काफी दौड़भाग करनी पड़ सकती है। आज समाज में भी आपका महत्व बढ़ेगा। मूड में उतार-चढ़ाव पर नज़र रखें। आपके धन में वृद्धि के योग हैं और आपको भाग्य का साथ मिलेगा।

मीन
आज आपके धन में वृद्धि होगी। आपके लिए भाग्यशाली दिन है और आपके कार्य सफल होंगे। आपके जीवन में परेशानियां हो सकती हैं। आप जीवन में तीन भूमिकाएं निभाएंगे। बेहतर होगा कि हर भूमिका को अलग-अलग रखें, उन्हें आपस में मिलाएं नहीं, अन्यथा आप संशयग्रस्त हो जाएंगे। सायंकाल का समय मनोरंजन में व्यतीत होगा।

वर्ग पहेली 5369

1	2	3	■	4	5	■	■
6			7			8	■
■	■	9		■	■	10	11
■	12			■	13		
14			■	15			■
16		■	17	■		■	18
■	19			■	20	21	
22		■		■	23		

संकेत: बाएं से दाएं
1. 22 जून 1906 को इस देश ने अपना ध्वज अपनाया (3)
4. प्रतिबिंब, प्रतिरूप, शनिमाता (2)
6. शीघ्रता, अतिशीघ्र, आंख झपकते (7)
9. सिलवट, सिकुडन, शक्ति (2)
10. एक नक्षत्र जिसमें पांच तारे है (2)
12. अलंकृत होना, शोभित होना (3)
13. छुप जाना, भागना, पलायन (3)
14. कमची, चाप, स्प्रिंग, कमान (3)
15. सौत, सहपत्नी, प्रतिकूला (3)
16. पराग के कण, धूल, गर्द (2)
19. प्रेरणा उत्पन्न करने वाला, प्रणोदक, संचलनकर्ता (3)
20. नामधारण करने वाला, नामधारी, नामयुक्त (3)
22. ताश के खेल का एक प्रकार (2)
23. घटना, मुकदमा, संदर्भ (3)

ऊपर से नीचे
1. झाड़ू देना, बुहारना (अंग्रेजी) (2)
2. कश्मीर की प्रसिद्ध झील (2)
3. वह चोरी जो दीवार में बड़ा छेद करके हुई चोरी (5)
4. मुद्रत प्रति, सादृश्य आभास, छापीगिरी (2)
5. हिमालय पर्वत का एक जंगली बैल जिसकी पूंछ का चमर बनता है (2)
7. झलाई करना, टांका लगाना (3)
8. यह ईरान की राजधानी है (4)
11. हैसियत, परत, भूपर्पटी, मानक (2)
12. मिलनसार, लोकप्रिय, लोकप्रेमी (5)
13. वह गद्य या पद्य का लेख जो किसी विजय केसुअवसर पर लिखा जाए (5)
14. महसूल, टैक्स, हाथ, हस्त (2)
17. यह घाना देश की राजधानी है (3)
18. रूक-रूक कर अस्पष्ट उच्चारण करके बोलने वाला वाला (3)
21. मेरा या मेरी (संस्कृत) (2)

वर्ग पहेली 5368 का हल

ब्रा	जी	ल	■	सा	■	र	स
ड	■	ग	■	ग	ज	ब	ल
का	नू	न	■	■	मी	■	व
स्टिं	■	व	क्र	■	र	प	ट
ग	ज	ट	■	फां	■	ट	■
■	य	■	आ	स	पा	स	■
शू	द्र	■	ब	■	र	न	वे
र	थ	■	रू	स	■	■	णी

स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक श्रीराम अम्बष्ट द्वारा भास्कर प्रिंटिंग प्रेस, (डी वी कार्पो. लि.) उड़ान टोला, दानापुर कैंट, शिवाला रोड, खगौल, पटना में मुद्रित एवं सोन वर्षा वाणी बिल्डिंग, क्लब रोड, औरंगाबाद (बिहार) से प्रकाशित
संपादक- श्रीराम अम्बष्ट, उप संपादक- **साकेत अम्बष्ट** फोन/फैक्स-06186-226116 मो.-9934957121, E-mail : sonevershavani@gmail.com, **RNI-BIHHIN/1998/3009**

संक्षिप्त समाचार

सीता हर भारतीय नारी की आदर्श है : वीरेंद्र विमल

रांची, एजेंसी। सेवा भारती व विश्व हिंदू परिषद के सौजन्य से बिरसा चौक स्थित सेवा निकेतन में सेवा भारती, रांची महानगर अध्यक्ष चंद्रकांत रायपत की अध्यक्षता में माता सीता का जन्मोत्सव मनाया गया। साथ ही सह स्वावलंबन केंद्र का प्रमाण पत्र वितरण कार्यक्रम हुआ। विहिप के क्षेत्र मंत्री वीरेंद्र विमल ने कहा कि मां सीता हर भारतीय नारी का आदर्श हैं। मौके पर स्वावलंबन केंद्र की बहनों ने अपना अनुभव साझा करते हुए कहा कि सेवा भारती के माध्यम से संचालित स्वावलंबन प्रशिक्षण केंद्र हमें आत्मनिर्भर बनने का अवसर मिलता है। कार्यक्रम में महिलाओं का उत्साहवर्धन करते हुए सेवा भारती की ट्रस्टी पूनम आनंद ने कहा कि आज अभावग्रस्त महिलाएं प्रशिक्षण प्राप्त कर स्वरोजगार कर रही हैं और अपने परिवार को आर्थिक संबल प्रदान कर रही हैं। मौके पर 22 महिलाओं को स्वावलंबन प्रशिक्षण का प्रमाण पत्र प्रदान किया गया। इसके पूर्व विषय प्रवेश दुर्गा वाहिनी की प्रांत प्रमुख दीपा रानी कुंज ने किया। अतिथियों का परिचय विहिप के प्रांतीय मंत्री मिथिलेश्वर मिश्र ने किया। संचालन किशोरी विकास केंद्र आयाम की सपना सिंह ने किया।

नर्सें पूरा जीवन दूसरे की सेवा में कर देती हैं समर्पित : दीपाली पाराशर

रांची, एजेंसी। मांडर स्थित भारथी ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशन द्वारा संचालित सतीश कुमार सिन्हा मेमोरियल कॉलेज ऑफ नर्सिंग और भारथी कॉलेज ऑफ नर्सिंग द्वारा अंतरराष्ट्रीय नर्सेज डे के मौके पर लैंप लाइटनिंग का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में आरयू के कुलपति डॉ. अजीत कुमार सिन्हा, संस्थान की अध्यक्ष छवि सिन्हा, सचिव नितिन पाराशर और शैक्षणिक सचिव दीपाली पाराशर उपस्थित थे। डॉ. अजीत कुमार सिन्हा ने छात्रों के उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए अपने कर्तव्यों का ईमानदारी से निर्वहन करने का संदेश दिया। कहा कि देश का भविष्य युवाओं पर आश्रित है, इन्हें संजोकर रखें। सचिव नितिन पाराशर ने कहा कि जिंदगी भर बीमार और रोगियों की सेवा करने वाली फ्लोरेंस के संघर्ष के कारण आज अस्पतालों में नर्सों को सम्मानित दर्जा मिला है। इस बात पर विश्वास किया जाता है कि रोगी केवल दवाओं से ठीक नहीं होते, बल्कि दवाओं से ज्यादा देखभाल की जरूरत होती है, जो नर्सें करती हैं। शैक्षणिक सचिव दीपाली पाराशर ने कहा कि त्याग व समर्पण की भावना से लिप्त नर्सें हमारा भविष्य हैं। पूरा जीवन दूसरे की सेवा में समर्पित कर देती हैं। सरकार ने भी नर्सिंग ऑफिसर का दर्जा देकर उनको सम्मानजनक स्थान देने का प्रयास किया। कार्यक्रम में व्याख्याता निहारिका श्रीवास्तव, राकेश राय, विवेक राज जयसवाल, रोहिणी, एंजेला गाड़ी, प्रतिमा कुजूर उपस्थित थे।

प्रधान सचिव ने कहा- सरकारी अस्पताल भी निजी अस्पताल के साथ करें प्रतिस्पर्धा

रांची, एजेंसी। आज बढ़ती आबादी को बेहतर स्वास्थ्य सेवा उपलब्ध कराना एक चुनौतीपूर्ण कार्य है। इसे लेकर केंद्र व राज्य सरकारें गंभीर हैं। कई योजनाएं लागू की गई हैं। हम चाहते हैं कि सरकारी अस्पताल भी निजी अस्पताल के साथ प्रतिस्पर्धा करें। ये बातें रविवार को परिवार कल्याण विभाग के प्रधान सचिव अजय कुमार सिंह ने बरियातू रोड स्थित महावीर भवन में आयोजित कृत्रिम हाथ वितरण शिविर में कहीं। वे बतौर मुख्य अतिथि मौजूद थे। यह शिविर भगवान महावीर हॉस्पिटल एंड रिसर्च सेंटर और रोटरी क्लब, जयपुर मेजेस्टी के सौजन्य से लगाया गया। इसमें 34 दिव्यांगजनों को एलन-4 प्रॉस्थेटिक हैंड लगाए गए। इस मौके पर रामपाल गंगवाल के पौत्र अरिहंत जैन ने दो दिव्यांगजनों को व्हील चेयर प्रदान किया। डॉ. प्रभात कुमार, शांतिलाल गंगवाल, अनिल कुमार शर्मा, पदम कुमार छाबड़ा, गोविंद राम सरावगी, संतोष पाटनी, पुनीत पोद्दार, गोवर्धन गाड़ोदिया, विनय सरावगी, बसंत मितल, डॉ वीके जैन, डॉ आलोक जैन, राजकुमार केडिया, नरेन्द्र पंड्या, रामपाल गंगवाल, नरेन्द्र गंगवाल, सुभाष विनायका, पंकज सेठी, संजय पाटनी व अन्य मौजूद थे। कार्यक्रम का संचालन प्रदीप बाकलीवाल ने किया। भगवान महावीर मेडिका हॉस्पिटल के अध्यक्ष पूरनमल जैन कहा कि इस शिविर का उद्देश्य दिव्यांगजनों के जीवन को सुलभ बनाना है।

प्रिंस खान गिरोह पर अब होगा एक्शन, तैयारी में पुलिस; गुर्गों की बनी लिस्ट

धनबाद, एजेंसी। लोकसभा चुनाव समाप्त होने के बाद पुलिस फिर से वासेपुर गिरोह पर नकेल कसने की कोशिश में जुटेगी। पुलिस ने इसके लिए अभी से तैयारी कर ली है। फिलहाल, पुलिसकर्मी चुनाव ड्यूटी में व्यस्त हैं, अगले सप्ताह से दूसरे जिले से अतिरिक्त सुरक्षा बल भी धनबाद पहुंचने लगेंगे। इसे लेकर जिलास्तर पर तैयारी हो चुकी है। वहीं, प्रिंस गिरोह पर शिकंजा कसने के लिए एक स्पेशल टीम का गठन किया गया है। यह टीम प्रिंस के साथ-साथ गोपी खान की भी तलाश कर रही है। इधर, हाल में ही प्रिंस के खास कथित मेजर के रंगदारी भरे ऑडियो को लेकर गोपी खान के खिलाफ भी सरायढेला थाने में प्राथमिकी हुई है। वासेपुर, भूली, पांडरपाला समेत विभिन्न इलाकों में प्रिंस गिरोह के जितने भी करीबी लोग हैं, उन्हें तलाशा जा रहा है। पुलिस द्वारा तैयार की गई सूची में कई लोग ऐसे हैं, जो प्रिंस खान के लिए जमीन का कारोबार करते हैं, उन सभी की तलाश एसओजी कर रही है। इसके अलावा प्रिंस व गोपी पर कानूनी शिकंजा कसने के लिए उसके पुराने केस भी खंगाले जा रहे हैं।

कैश कांड के बाद कांग्रेस बना रही चंपाई सोरेन सरकार में मंत्री आलमगीर आलम से दूरी

रांची, एजेंसी। झारखंड में कुछ दिनों पहले नोटों का पहाड़ मिला था। कैश गिनते-गिनते कई मशीनें गरमा गईं। अब तक ईडी ने 35 करोड़ रुपए से ज्यादा कैश जब्त किए हैं। दरअसल, करीब 32 करोड़ रुपए चंपाई सोरेन सरकार में मंत्री आलमगीर आलम के निजी सचिव के नौकर के घर में मिला। ईडी ने नौकर और निजी सचिव को पहले ही गिरफ्तार कर लिया है। कैश कांड के बाद आलमगीर आलम अलग-थलग पड़ गए हैं। वह कांग्रेस या इंडिया गठबंधन के किसी भी प्रोग्राम में नहीं दिख रहे हैं। ऐसे में उन्हें रविवार को एक और झटका लगा। ईडी ने उन्हें समन भेज दिया है। उन्हें 14 मई को पूछताछ के लिए बुलाया गया है।

अलग-थलग पड़े आलमगीर : झारखंड की मौजूदा गठबंधन सरकार में दूसरे पोजीशन के नेता और कांग्रेस कोटे के मंत्री आलमगीर आलम इंडिया गठबंधन की तमाम बड़ी जनसभाओं से अलग-थलग देखे जा रहे हैं। छह मई को राजधानी में कांग्रेस प्रत्याशी यशस्विनी सहाय ने नामांकन किया था। नामांकन के बाद हुई जनसभा में आलमगीर आलम दिखे थे। उसके बाद से वे इंडिया गठबंधन की तमाम बड़ी जनसभाओं से अलग-थलग देखे जा रहे हैं। यहां तक कि जब कांग्रेस के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष राहुल गांधी जब 07 मई को सिंहभूम और गुमला में जनसभा को संबोधित करने झारखंड दौरे पर थे, तब भी आलमगीर वहां नदारद थे।

कांग्रेस क्यों बना रही दूरी? : जनसभा में उनकी अनुपस्थिति कई तरह के सवाल को भी खड़ा कर रही थी। दरअसल कांग्रेसी मंत्री की सभी तरह की जनसभा से दूरी पार्टी की एक रणनीति का हिस्सा बताया जा रहा है। लोकसभा चुनाव के ठीक बीचों-बीच इनके करीबियों के यहां ईडी की कार्रवाई और 35 करोड़ रुपए से अधिक की नकदी के बाद इंडिया गठबंधन पर भ्रष्टाचार का आरोप लगाने का भाजपा को एक बड़ा मुद्दा मिल गया।

पीएम मोदी ने भी उठाया मुद्दा : प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी तक ने अपनी जनसभा में इस बात को प्रमुखता से उठाया है। माना जा रहा है कि इसे देखते हुए कांग्रेस के शीर्ष नेतृत्व के आदेश पर ही इंडिया गठबंधन के तमाम बड़े कार्यक्रमों से आलमगीर आलम को दूर रहने की सलाह दी गई। कांग्रेस या गठबंधन के सभी सहयोगी दल यह नहीं चाहते थे कि चुनावी प्रचार-प्रसार के दौरान भाजपा को उन्हें घेरने का कोई मुद्दा मिले।

इंडिया गठबंधन में शामिल दलों की मिलीजुली प्रतिक्रिया : इंडिया गठबंधन में शामिल दलों की ओर से आलमगीर आलम को लेकर मिलीजुली प्रतिक्रिया मिल रही है। कुछ नेता साफ तौर पर आलमगीर के समर्थन में हैं तो कुछ नेताओं को यह भी कहते सुना जा रहा है कि जांच के आधार पर कार्रवाई होनी चाहिए। हालांकि सूबे की सियासत में भ्रष्टाचार का मुद्दा गरम बना हुआ है। भाजपा के हमलों का इंडिया गठबंधन के नेता जवाब देने की रणनीति बना रहे हैं।

सशक्त महिला संस्थान ने वृद्ध आश्रम में केक काटा मनाया मदर्स डे

गिरिडीह, एजेंसी। मदर्स डे मौके पर आदर्श महिला कॉलेज क्लास और सशक्त महिला संस्थान की सदस्याएं वृद्धाश्रम पहुंची और आश्रम में रहने वाली वृद्ध महिलाओं के साथ मिलकर मदर्स डे को सेलिब्रेट किया। इस दौरान केक कटिंग करने के साथ ही आश्रम की वृद्ध महिलाओं को जलपान कराया। इस दौरान उनके बीच उपहार स्वरूप साड़ियां भी वितरण की गई। इस दौरान महिलाओं ने गीत संगीत का भी कार्यक्रम किया।

इस दौरान सशक्त महिला संस्थान की सचिव व योग शिक्षिका पुष्पा शक्ति ने कहा कि घर परिवार से दूर अपने बच्चों से दूर अपने बच्चों की याद में एक किनारे वृद्धा आश्रम में पड़ी हुई है। उनके दुःख दर्द को जानने का हम लोगों ने बांटने का प्रयास किया जान ही मुख्य उद्देश्य था। मौके पर सशक्त महिला संस्थान की कोषाध्यक्ष सपना राय, सदस्य रेखा सिन्हा, लक्ष्मी छाया, आदर्श महिला कॉलेज की योग साधक आशा चौरसिया, सीमा लाल, मधु सिंह, सुपर्णा मुखर्जी, पुष्पलता त्रिवेदी, सीमा देवी इत्यादि ने कार्यक्रम में बढ़ चढ़ कर भाग लिया।

श्रीश्री के जन्मदिवस पर वृद्धा आश्रम में सेवा

धनबाद, एजेंसी। श्रीश्री रविशंकर के 68वें जन्मदिवस पर धनबाद के अनुयायियों ने विभिन्न सेवा कार्य किए। रविवार को लालमणि वृद्धा आश्रम में मदर्स डे मनाया। सेवा कार्य में आर्ट ऑफ लिविंग की प्रशिक्षिका सोनाली सिंह, सोनी कुमारी के साथ वॉलंटियर सुतापा मंडल, जूही महतो, निर्मला गुप्ता, अमित शरण, कंचन शरण, सहित अन्य मौजूद थे।

चेकनाका पर वाहन जांच कर रहे अधिकारियों से मारपीट मामले में दो गिरफ्तार

गिरिडीह , एजेंसी। वाहन जांच के दौरान वाहन चालक द्वारा जांच अधिकारियों संग मारपीट करने के आरोपी राजधनवार थाना क्षेत्र के मझंलाडीह निवासी सुचिता सिंह का पुत्र सुभाष एवं बुधवाडीह निवासी सहदेव राय के पुत्र विक्रम कुमार को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। घटना जिले के बिरनी-सरिया मुख्य मार्ग पर बरमसिया चेक पोस्ट पर शुक्रवार की रात घटित हुई थी। सीओ सारांश जैन 10 अन्य कर्मचारियों के साथ चेक पोस्ट पर वाहन जांच कर रहे थे। इसी बीच सरिया की ओर से आ रही एक कार को रोकने का इशारा किया गया, लेकिन कार चालक कार रोकने के बजाय बैरिकेड को तोड़ते हुए आगे निकल गया। इस दौरान कर्मचारियों व पेट्रोलिंग पार्टी ने पीछा करते हुए आदर्श कॉलेज गंगापुर के पास कार को रोका। पूछताछ के दौरान कार सवार दो युवकों ने गाली गलौज करते हुए बड़े-बड़े नेताओं से पहचान होने की धोंस दिखाने लगे।

बस स्टैंड के पास से कोयला लदे दो हाइवा जब्त, तीन गिरफ्तार

धनबाद, एजेंसी। अवैध कोयले के कारोबार की सूचना पर कार्रवाई करते हुए बरटांड़ बस स्टैंड से पुलिस की टीम ने कोयला लदे दो हाइवा को पकड़ा। हाइवा पर सवार तीन लोगों को मौके से गिरफ्तार किया गया। शनिवार की देर रात हुई छापेमारी की अगुवाई डीएसपी लॉ एंड ऑर्डर दीपक कुमार कर रहे थे। रविवार को तीनों आरोपियों को जेल भेज दिया गया।

डीएसपी ने बताया कि एसएसपी हृदीप पी जनार्दनन को गुप्त सूचना मिली हाइवा से कोयले की तस्करी हो रही है। एसएसपी के निर्देश पर धनबाद और बैंक मोड़ थाना की पुलिस के साथ मिल कर सड़क पर चेकिंग लगाई गई। दोनों हाइवा एना कोलियरी आउटसोर्सिंग से बैंक मोड़ होते हुए गोविंदपुर की तरफ जा रही थी। हाइवा में 40 टन कोयला लदा था। हाइवा पर सवार गोविंद कर्मकार, संतोष भुइयां और नारायण बाउरी को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस को जानकारी मिली है कि चोरी में अशोक सिंह और पिंटू सिंह शामिल थे। पुलिस उन दोनों को खोज रही है। कार्रवाई के दौरान धनबाद थाना प्रभारी प्रमोद पांडेय और बैंक मोड़ थाना प्रभारी वकार हुसैन आदि उपस्थित थे।

बर्थडे पार्टी से लौट रहे 2 किशोर सड़क हादसे का हुए शिकार, इलाज के दौरान मौत

दुमका, एजेंसी। नगर थाना क्षेत्र के गांधी मैदान के पास शनिवार की रात करीब दो बजे अज्ञात वाहन की टक्कर से 16 साल के प्रियांसु सोरेन की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि 16 वर्षीय प्रेम फ्रासिंस सोरेन ने रविवार की दोपहर मेडिकल कालेज अस्पताल में इलाज के क्रम में दम तोड़ दिया।

दोनों रात को जामा के बीचकोड़ा गांव में रहने वाले दोस्त मानवेल की बर्थ डे पार्टी मनाने के बाद दोस्त की ही बाइक से घर से लौट रहे थे। प्रियांसु जामा के भुटोकोरिया गांव का रहने वाला था और महुआडंगाल में मामा के घर रहकर पढ़ाई करता था।

जबकि प्रेम जामा के ही जामदली पहाड़पुर का रहने वाला था और सरूवा में नानी के साथ रहकर पढ़ाई कर रहा था। दोनों ने इसी साल नेशनल स्कूल से मैट्रिक की परीक्षा पास की थी। पोस्टमार्टम के बाद शवों को स्वजन के सुपुर्द कर दिया गया। मौत के बाद दोनों के घर में मातम छा गया।

जामदली पहाड़पुर आंगनबाड़ी केंद्र में सेविका प्रेम की मां नमिता किस्कू ने बताया कि दोनों बच्चे आपस में दोस्त थे और एक साथ मैट्रिक की परीक्षा पास की थी। शनिवार को बीचकोड़ा में रहने वाले उनके दोस्त अमानवेल का बर्थ डे था। उसने दोनों को पार्टी में बुलाया था। बाइक नहीं होने पर दोनों ने जाने से मना कर दिया।

इस पर इमानवेल ने कहा कि वे किसी तरह से यहां आ जाएं और वापस जाने के लिए अपनी मोटरसाइकिल दे देगा। इसके बाद दोनों जाने के लिए तैयार हुए। किसी तरह से शाम को बीचकोड़ा पहुंच गए। देर रात तक पार्टी मनाने के बाद दोनों इमानवेल की बाइक से घर लौट रहे थे, इसी क्रम में गांधी मैदान के पास किसी वाहन ने ठोकर मार दी। हादसे की सूचना मिलने के बाद नगर थाना की पुलिस मौके पर पहुंची और दोनों घायलों को इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया। जहां चिकित्सक ने जांच के बाद प्रियांसु को मृत घोषित कर दिया।

जबकि दूसरे की हालत नाजुक होने की वजह से भर्ती कर लिया। उसके सर में गहरी चोट थी। करीब नौ घंटे तक चले इलाज के बाद उसकी भी मौत हो गई।

होल्डिंग टैक्स को लेकर आया बड़ा अपडेट ! 30 जून तक करें जमा, तो मिलेगी इतनी छूट

जमशेदपुर, एजेंसी। मानगो नगर निगम क्षेत्र में रहने वाले लोग यदि 30 जून 2024 से पूर्व अपना होल्डिंग टैक्स जमा कर देते हैं तो उन्हें 15 प्रतिशत की छूट दी जाएगी। इस संबंध में जानकारी देते हुए मानगो नगर निगम के अपर नगर आयुक्त रंजीत लोहरा ने बताया कि इस संबंध में अधिक से अधिक राजस्व संग्रहण को लेकर संबंधित कर्मचारियों व पदाधिकारियों हिदायत दी गई कि अधिक से अधिक राजस्व का संग्रहण करें। इसके लिए जरूरत पड़े तो कॉलोनी, सोसायटी में शिविर लगाकर राजस्व का संग्रहण करें। उन्होंने आम लोगों से अपील किया गया कि जो भी लोग 30 जून 2024 से पूर्व यदि होल्डिंग टैक्स जमा करते हैं तो उन्हें अधिकतम 15 प्रतिशत तक की छूट दी जाएगी। उन्होंने बताया कि यदि संग्रहणकर्ता को घर पर बुलाकर कर भुगतान करते हैं तो उन्हें पांच प्रतिशत छूट दी जाएगी। इसके अलावा स्वयं कार्यालय पर आकर यदि करदाता टैक्स का भुगतान करते हैं तो उन्हें 2.5 प्रतिशत की छूट दी जाएगी। आनलाइन माध्यम से जमा करने पर पांच प्रतिशत की अतिरिक्त छूट दी जाएगी। अपर नगर आयुक्त रंजीत लोहरा ने बताया कि मानगो नगर निगम क्षेत्र की महिलाएं, वरिष्ठ नागरिक, दिब्यांग थर्ड जेंडर एवं भारतीय सेवा स्थल जल एवं वायु में काम करने वालों को पांच प्रतिशत की अतिरिक्त छूट दी जाएगी। उन्होंने बताया कि 350 वर्ग फीट के भवन को टैक्स नहीं देना पड़ेगा, लेकिन उनका मूल्यांकन किया जाएगा।

इशिता व जिया के पिता की अपील- नाबालिग को न दें गाड़ी, नम आंखों से लोगों ने दी श्रद्धांजलि

धनबाद, एजेंसी। मेमको मोड़-बिनोद बिहारी चौक आठ लेन में असर्फी अस्पताल के पास दुर्घटना स्थल पर रविवार को इशिता होरो और जिया होरो को कैंडल जला कर श्रद्धांजलि अर्पित की गई। छह मई को इसी स्थान पर स्कूटी से जा रही दोनों बहनों को कातिल स्कार्पियो ने रौंद दिया था। श्रद्धांजलि सभा में पहुंचे शिक्षकों और अन्य संगठन के लोगों ने स्पीडी ट्रायल चला कर स्कार्पियो सवार दोनों आरोपियों को कड़ी से कड़ी सजा दिलाने की मांग की। गमगीन माहौल में लोगों को संबोधित करते हुए बच्चियों के पिता जय होरो ने कहा कि इस घटना से हर माता-पिता को सीख लेनी चाहिए कि वे नाबालिग बच्चों को चारपहिया या बाइक की चाभी न दें।

पिता ने रोते हुए कहा कि आज आपलोगों को देख कर ऐसा प्रतीत हो रहा है कि मेरी दोनों बच्चियां अब समाज की बच्चियां बन गईं। अब बच्चियां कभी वापस नहीं आएंगी। गुनहगारों को सजा मिलनी चाहिए। जय होरो ने कहा कि दोनों फूल सी बेटियों को मैंने बड़े ही लाड़-प्यार से पाला था। वे हमारे आंखों के तारे थीं, उन्हें परिवार से अलग कर दिया। इस तरह की अकाल मृत्यु किसी दुश्मन के घर में भी न हो। उन्होंने इस घटना को आतंकवादी घटना से जोड़ते हुए कहा कि ये लोग भी कसाब की तरह ही हैं। उनलोगों ने स्कार्पियो रूपी हथियार चलाया है। इसलिए बच्चे को ऐसे हथियार की चाभी न दें। मौके पर पहुंचे लोगों ने न्याय दिलाने तक जय होरो का साथ देने का भरोसा दिया।

नम आंखों से लोगों ने दी श्रद्धांजलि

इशिता और जिया की दर्दनाक मौत से शिक्षक नेता पिता जय होरो और मां तनु होरो ही नहीं बल्कि शिक्षक समाज और धनबाद का एक बड़ा वर्ग अभी तक नहीं उबर पाए हैं। दोनों बहनों की आत्मा शांति के लिए उनके मां और पिता के साथ शिक्षक और कई अन्य संगठनों के लोग जुटे। दोनों बहनों की तस्वीर पर माल्यार्पण किया गया। शाम करीब साढ़े छह बजे लोगों ने कैंडल जला कर श्रद्धांजलि दी। चर्च के पादरी ने पवित्र ग्रंथ बाइबल की वर्स को पढ़ कर आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की। सभा में झारोटेफ के राज्य अध्यक्ष विक्रांत सिंह, महासचिव उज्ज्वल तिवारी, सुधा शर्मा, संध्या रानी आदि उपस्थित थे।

कबाड़ में बम : तराजू पर तौलते वक्त हुआ जोरदार धमाका, तीन बच्चे समेत चार की मौत; चार अन्य गंभीर रूप से घायल

मेदिनीनगर, एजेंसी। घायलों में मृतक इश्तियाक की पत्नी महरूमा, बेटा मजीद अंसारी, बेटी रुखसाना खातून व अफसाना खातून शामिल है। सभी घायलों का मेदिनीराय मेडिकल कॉलेज सह अस्पताल लाया गया, जहां उनका इलाज चल रहा है।

बताया गया कि इश्तियाक अंसारी गांव-गांव घूम कर आइसक्रीम के बदले कबाड़ की खरीद करता था। रविवार को भी वह आइसक्रीम के बदले कबाड़ की खरीद कर आया था। उस कबाड़ में डीजल पंप सेट का सक्शन पाइप था। संभवतः उसमें बम था।

उसको जैसे ही अन्य कबाड़ के साथ तौलने के लिए तराजू पर चढ़ाया, उसमें जोरदार विस्फोट हो गया। जिसमें इश्तियाक अंसारी समेत उपरोक्त तीन बच्चों की मौत हो गई।

मृत वारिस अंसारी के पिता अकबर अंसारी ने बताया कि इश्तियाक अंसारी आइसक्रीम बेचता था। शाम को लौटने पर वह बच्चों को बचा हुआ आइसक्रीम देता था। इसलिए उसके आने पर बच्चे चले थे।

बच्चे रविवार को आइसक्रीम के लालच में उसके घर गए थे, इस दौरान हादसा हो गया। जिसका शिकार इश्तियाक के साथ-साथ बच्चे हो गए। इस संबंध में मनातू थाना प्रभारी ने बताया कि पुलिस मामले की छानबीन कर रही है। छानबीन के बाद ही स्पष्ट हो सकेगा कि उसका क्या कारण है।

सहयोग फाउंडेशन और विप्र सेना के कार्यक्रम में बच्चों ने मोहा मन

धनबाद, एजेंसी। सहयोग फाउंडेशन और विप्र सेना की ओर से रविवार को धैया स्थित आमंत्रण में मदर्स डे मनाया गया। इसमें बच्चों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत कर सबका मन मोह लिया। इस दौरान संस्था की अध्यक्ष नीतू तिवारी, सीआईएसएफ के डीआईजी विनय काजला, सुमन काजला, सहायक नगर आयुक्त संतोषिनी मुर्मू, झाखंड चुनाव आयोग की आइकन श्वेता किन्नर, राष्ट्रीय जनता कामगार संघ की महामंत्री आसनी सिंह, कांग्रेस महिला प्रदेश अध्यक्ष गुंजन सिंह, झारखंड राज्य बाल संरक्षण आयोग के पूर्व सदस्य सुनील वर्मा, लक्ष्मी श्रीवास्तव, रजनी, अर्चना सिन्हा, तारा पाठक सहित दर्जनों लोग उपस्थित थे।

कार्यक्रम की शुरुआत अदिति तिवारी ने गणेश वंदना से की। इसके बाद प्रिय चटर्जी, आरोही घोष, स्वरा मेहता, एलिना, टूक टूक, श्रुति, काशवी कश्यप एवं एक्सट्रीम यंगस्टर क्रू के सदस्यों ने शानदार प्रस्तुति से सबका मन मोह लिया। डीआईजी विनय काजला ने कहा कि मां से बड़ा कुछ नहीं हो सकता है। आज मोबाइल घरों को तोड़ रहा है। ऐसे कार्यक्रम से हम संस्कार बनाए रख सकते हैं।

वोट प्रतिशत बढ़ाने की अपील

कार्यक्रम में स्वीप के तहत सहायक नगर आयुक्त संतोषिनी मुर्मू ने लोगों को मतदान के लिए शपथ दिलायी। उन्होंने कहा कि 25 मई को मतदान देकर देश ने नव निर्माण में हाथ बटाएं। कार्यक्रम में प्रीति भाटिया, आशा झा, सुभद्रा झा, प्रमिला तिवारी, कृति तिवारी, मृत्युंजय ओझा सहित दर्जनों लोग उपस्थित थे।

संक्षिप्त समाचार

अयोग्यों को चुन लिया गया, कॉलेजियम से खफा हिमाचल के 2 जज, सुप्रीम कोर्ट का दरवाजा खटखटाया

शिमला, एजेंसी। कॉलेजियम के तहत हिमाचल प्रदेश के दो जिला न्यायाधीशों ने सवाल खड़े किए हैं। उन्होंने इस संबंध में सुप्रीम कोर्ट का दरवाजा खटखटाया है। दोनों न्यायाधीशों ने अपने नामों पर विचार किए जाने की मांग की है। आरोप लगाए जा रहे हैं कि हाईकोर्ट कॉलेजियम ने सुप्रीम कोर्ट कॉलेजियम की सलाह को भी नजरअंदाज किया है और जूनियर्स के नामों को आगे बढ़ाया है।

रिपोर्ट के अनुसार, बिलासपुर और सोलन के जिला न्यायाधीश चिराग भानू और अरविंद मल्होत्रा ने सुप्रीम कोर्ट में रिट याचिका दाखिल की है। इस याचिका के जरिए उन्होंने शीर्ष न्यायालय से 4 जनवरी के प्रस्ताव के अनुसार हाईकोर्ट कॉलेजियम को उनके नामों पर दोबारा विचार करने निर्देश जारी करने की मांग की है। दोनों न्यायाधीशों का कहना है कि उनके नामों पर दोबारा विचार करने के सुप्रीम कोर्ट कॉलेजियम के फैसले के बाद केंद्रीय कानून मंत्री का भी हाईकोर्ट के मुख्य न्यायाधीश को पत्र गया था। इस पत्र के जरिए हाईकोर्ट के चीफ जस्टिस से सिंह और मल्होत्रा के नामों पर दोबारा विचार करने का अनुरोध किया गया था। न्यायाधीशों का कहना है कि कानून मंत्री के पत्र और सुप्रीम कोर्ट कॉलेजियम की सलाह को दरकिनार कर दिया। खास बात है कि बीते साल 12 जुलाई को हाईकोर्ट जज के तौर पर नियुक्ति के लिए हाईकोर्ट कॉलेजियम ने सिंह और मल्होत्रा के नामों की सिफारिश की थी। खबर है कि इसे शुरू में रोक दिया गया था। 4 जनवरी को भारत के मुख्य न्यायाधीश डीवाई चंद्रचूड़ की अगुवाई वाले कॉलेजियम ने उनके नामों पर दोबारा विचार के लिए एचसी कॉलेजियम को भेजा।
अब याचिकाकर्ताओं का कहना है कि हाईकोर्ट कॉलेजियम ने उनके नामों को जानबूझकर हटा दिया है। साथ ही दावा किया है कि उनकी वरिष्ठता को नजरअंदाज करते हुए दो अयोग्य जूनियर अधिकारियों के नामों की सिफारिश हाईकोर्ट जज के तौर पर की है।

क्या कांग्रेस के हो जाएंगे शरद पवार और उद्धव ठाकरे? -शशि थरूर

तिरुअनंतपुरम, एजेंसी। कांग्रेस सांसद शशि थरूर ने कहा है कि जिन पार्टियों की विचारधारा एक जैसी है उन्हें ग्रैंड ओल्ड पार्टी कांग्रेस में ही शामिल हो जाना चाहिए। मुंबई में एक प्रेस कॉन्फ्रेंस को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा, जहां तक बात है कि छोटी पार्टियों के मर्जर की तो मुझे भी लगता है कि अगर विचारधारा एक जैसी है तो फिर अलग-अलग क्यों रहना। अब आगे देखिए क्या होता है। बता दें कि हाल ही में एनसीपी-एसपी चीफ शरद पवार ने कहा था कि अगले ही कुछ सालों में क्षेत्रीय दल कांग्रेस के साथ मिल जाएंगे।

तिलक भवन में प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान शशि थरूर ने कहा कि देश का माहौल बदल गया है और 4 जून के इंडिया गठबंधन की सरकार बनने जा रही है। उन्होंने कहा, यह लोकसभा चुाव कोई सामान्य चुनाव नहीं है। भाजप ने संविधान और लोकतंत्र को ताक पर रख दिया है। विविधिता का खुलेआम अपमान किया जा रहा है। तीन चरणों के मतदान में ही माहौल बदल गया है। दिल्ली से भाजपा की सरकार जा रही है और 4 जून को इंडिया गठबंधन सत्ता में आ रहा है।
कांग्रेस नेता ने भाजपा पर आरोप लगाया कि नागरिकता के मामले में भी वह धर्म ले आए। उन्होंने कहा प्रधानमंत्री जिस तरह की भाषा का इस्तेमाल सार्वजनिक रूप करते हैं, वैसी भाषा हम बंद कमरे में भी नहीं बोलते।

दिल्ली-मेरठ एक्सप्रेसवे पर क्रॉसिंग रिपब्लिक के पास निकास का रास्ता खुला

दिल्ली से आने वाले वाहनों को होगी सुविधा

नई दिल्ली, एजेंसी। नेशनल हाईवे अथॉरिटी ऑफ इंडिया (एनएचएआई) ने रविवार को दिल्ली-मेरठ एक्सप्रेसवे पर क्रॉसिंग रिपब्लिक सोसाइटी से आगे निकास रास्ता खोल दिया। इससे दिल्ली की तरफ से आने वाले वाहन चालकों को राहत मिलेगी। वह इस कट से एक्सप्रेसवे से बाहर आ सकेंगे। एक्सप्रेसवे से बाहर निकलने के लिए लोगों को इससे पहले डासना तक 10 किलोमीटर लंबा अतिरिक्त चक्कर काटना पड़ रहा था। यहीं पर दो सप्ताह पहले प्रवेश का रास्ता भी खोला गया है। मेरठ एक्सप्रेसवे पर क्रॉसिंग रिपब्लिक सोसाइटी और आसपास के क्षेत्र में रहने वाले लोगों के लिए प्रवेश और निकास का स्थान नहीं था। इस कारण दिल्ली की तरफ जाने के लिए वाहन चालकों को एनएच-9 पर चलना पड़ रहा था। एनएच-9 पर वाहनों का दबाव रहने से जाम लगता था। सुबह और शाम भीषण जाम से लोगों को परेशानी उठानी पड़ रही थी। दिल्ली की तरफ से एक्सप्रेसवे से आने वाले वाहन चालकों के लिए क्रॉसिंग रिपब्लिक सोसाइटी के पास बाहर निकलने के लिए निकास स्थान नहीं था। वाहन चालकों को बाहर आने के लिए डासना तक करीब दस किलोमीटर अतिरिक्त सफर करना पड़ रहा था। लोग डासना से वापस की तरफ जाते थे। इस तरह आसपास के लोगों को काफी परेशानी उठानी पड़ रही थी। स्थानीय लोग निकास और प्रवेश रास्ते की मांग कर रहे थे। इसके लिए लोगों ने केंद्रीय मंत्री

वीके सिंह को ज्ञापन दिया था। वीके सिंह ने एनएचएआई अधिकारियों के साथ निरीक्षण कर निकास और प्रवेश स्थान बनाने के निर्देश दिए थे। फरवरी में निर्माण कार्य का शिलान्यास किया गया। एनएचएआई ने दो सप्ताह पहले क्रॉसिंग रिपब्लिक सोसाइटी के पास प्रवेश रास्ता वाहन चालकों के लिए खोला था। दिल्ली की तरफ से आने वाले लोगों के लिए दस दिन पहले निकास स्थान बनाने का काम शुरू हुआ था। यह रास्ता क्रॉसिंग रिपब्लिक सोसाइटी से आगे एबीईएस कॉलेज के पास बनाया है।

एनएच-9 पर वाहनों का दबाव कम होगा

नए निकास और प्रवेश स्थान बनने से एनएच-9 पर वाहनों का दबाव कम होने की उम्मीद है। इससे लोगों को राहत मिलेगी। सुबह और शाम वाहनों का दबाव होने से जाम लगा रहता है, लेकिन अब वाहन आसानी से मेरठ एक्सप्रेसवे पर प्रवेश कर सकेंगे।

केंद्रीय मंत्री के प्रयास से लोगों को मिली सुविधा

मेरठ एक्सप्रेसवे पर क्रॉसिंग रिपब्लिक के पास निकास और प्रवेश स्थान के लिए वीके सिंह ने एनएचएआई अधिकारियों को कहा था। इसके बाद अधिकारियों ने डिजाइन तैयार किया। मंत्रालय से मंजूरी होने के बाद कार्य शुरू कराया गया। एनएचएआई के अधिकारी धीरज सिंह मेरठ एक्सप्रेसवे पर निकास रास्ता वाहन चालकों के लिए खोल दिया गया है। इससे पहले प्रवेश रास्ता खोला गया था। अब वाहन चालकों को राहत मिलने लगी है।

अहमदाबाद एयरपोर्ट को भी बम से उड़ाने की धमकी

सीआईएसएफ अलर्ट, बढ़ाई गई सुरक्षा

नई दिल्ली, एजेंसी। दिल्ली में उस वक्त हड़कंप मच गया जब राष्ट्रीय राजधानी के 21 अस्पतालों में बम होने की धमकी का ई-मेल भेजा गया। इसके बाद पुलिस, दमकल और बम स्क्वॉड की टीमों ने छानबीन की लेकिन उन्हें कुछ भी नहीं मिला। इसी तरह अहमदाबाद एयरपोर्ट को भी बम से उड़ाने की धमकी रविवार को ई-मेल के जरिए मिली। इसके बाद सुरक्षा कर्मियों ने एयरपोर्ट परिसर की तलाशी ली। हालांकि यह अफवाह साबित हुई। इस दौरान कुछ भी संदिग्ध नहीं मिला।

पुलिस आयुक्त जीएस मलिक ने कहा कि धमकी भरा ई-मेल दोपहर में सरदार वल्लभभाई पटेल अंतरराष्ट्रीय एयरपोर्ट की आधिकारिक ई-मेल आईडी पर एक अज्ञात व्यक्ति द्वारा भेजा गया था। इसके बाद सुरक्षा कर्मियों ने पूरे हवाईअड्डे को खंगाला। धमकी अफवाह निकली क्योंकि कुछ भी संदिग्ध नहीं मिला। एयरपोर्ट के एक अधिकारी ने कहा- बम की धमकी की जानकारी मिलते ही सीआईएसएफ तुरंत हरकत में आ गया। दोपहर में पूरे हवाईअड्डे की गहन तलाशी ली गई लेकिन कुछ भी नहीं मिला। एहतियात के तौर पर सुरक्षा बढ़ा दी गई है।

बता दें कि राजधानी दिल्ली के 21 अस्पतालों में बम होने की धमकी का ई-मेल भेजा गया। इनमें बुराड़ी अस्पताल और संजय गांधी अस्पताल ने सबसे पहले करीब दोपहर 3 बजे ई-मेल देखकर पुलिस को सूचित किया। छानबीन के दौरान सामने आया कि ये मेल अन्य अस्पतालों को भी भेजा गया है। इसके बाद संबंधित अस्पतालों को पुलिस ने इसकी जानकारी दी। संजय गांधी अस्पताल और बुराड़ी अस्पताल को भेजे गए मेल में इन अस्पतालों के ई-मेल को भी शामिल किया गया था।

दिल्ली अग्निशमन सेवा विभाग ने रविवार को बताया कि आईजीआई हवाईअड्डे को भी ई-मेल भेजकर बम से उड़ाने की धमकी मिली। बता दें कि इसी तरह 11 दिन पहले, एक मई को दिल्ली-राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र (एनसीआर) में 150 से ज्यादा स्कूलों को ईमेल मिला था जिसमें उन्हें बम से उड़ाने की धमकी दी गई थी। इसकी वजह से छात्रों और अभिभावकों में दहशत फैल गई थी। अधिकारियों को जांच के दौरान कुछ भी आपत्तिजनक नहीं मिला था।

जंगपुरा हत्याकांड

घर की नौकरानी निकली दिल्ली के डॉक्टर के मर्डर की मास्टरमाइंड, लूटपाट के लिए रची थी साजिश

नई दिल्ली, एजेंसी। राजधानी दिल्ली के पॉश इलाके जंगपुरा इलाके में 63 वर्षीय डॉक्टर योगेश चन्द्र पॉल की हत्या के मामले में पुलिस ने मृतक के घर काम करने वाली नौकरानी सहित तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों में 62 वर्षीय बसंती, हिमांशु जोशी और आकाश जोशी शामिल हैं। हिमांशु और आकाश दोनों सगे भाई हैं। पुलिस ने दोनों के पास से 55 हजार रुपये और ज्वेलरी बरामद की है। गिरफ्तार आरोपियों ने बताया कि वारदात की मास्टरमाइंड बसंती है। उसने अपनी सहेली के साथ मिलकर पूरी साजिश रची थी। इसके बाद अपने जानकारों के साथ मिलकर वारदात को अंजाम दिया। फिलहाल पुलिस फरार आरोपियों की तलाश में छापेमारी कर ही है। सभी आरोपी नेपाल भाग गए हैं। पुलिस अधिकारी ने बताया कि गत शुक्रवार शाम करीब 6-30 बजे जंगपुरा सी 14 में रहने वाली महिला डॉक्टर ने पुलिस को अपने पति की हत्या की सूचना दी थी। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर 63 वर्षीय डॉक्टर योगेश चन्द्र के शव को कब्जे में लेकर जांच शुरू की थी। नौकरानी बसंती को हिरासत में लिए जाने के बाद उसने बताया कि पूरी वारदात उसकी मुखबिरी पर हुई थी और वही इस वारदात की मास्टरमाइंड है। दो आरोपियों को पुलिस ने हरिद्वार से दबोच लिया, जबकि अन्य आरोपी फिलहाल नेपाल भाग गए हैं।

क्लीनिक से पीछा कर रहे थे आरोपी

बीरबल रोड स्थित डॉक्टर के क्लीनिक के पास के लगे सीसीटीवी कैमरे की फुटेज से पुलिस को पता चला कि 10 मई की दोपहर जब डॉक्टर घर के लिए निकले तो दो आरोपियों ने उनका पीछा शुरू कर दिया। कॉलोनी के सीसीटीवी की फुटेज में दिखा कि आरोपी डॉक्टर के घर के अंदर जाने के बाद कुछ ही देर में अंदर चले गए और फिर करीब 3.05 बजे घर से तीन लोग निकलते हुए दिखाई दिए। पुलिस ने संदिग्धों की पहचान की। 5 बजे एक महिला को आरोपियों के साथ देखा। आरोपियों के बारे में जानकारी जुटाने पर पता चला कि वह डॉक्टर के घर काम करने वाली बसंती के जानकार हैं।

दिल्ली में अवैध पार्किंग पर होगा ऐक्शन

मेयर ने एमसीडी कमिश्नर से 5 दिन में मांगी रिपोर्ट

नई दिल्ली, एजेंसी। मेयर शैली ओबेरॉय ने एमसीडी कमिश्नर ज्ञानेश भारती को पत्र लिखकर दिल्ली में अवैध पार्किंग के खिलाफ कार्रवाई करने को कहा है। आधिकारिक बयान के मुताबिक, मेयर शैली ओबेरॉय ने आयुक्त से संबंधित अधिकारियों को दिल्ली के सभी अवैध पार्किंग स्थलों की पहचान करने और उनकी लिस्ट तैयार करने, उनके खिलाफ कार्रवाई करने और पांच दिनों के भीतर ऐक्शन टेकन रिपोर्ट सौंपने का निर्देश देने को कहा है। मेयर शैली ओबेरॉय ने पत्र में कहा है कि मेरे संज्ञान में आया है कि दिल्ली के विभिन्न हिस्सों में बहुत सारी अवैध पार्किंगें चल रही हैं। ये अवैध पार्किंगें ट्रैफिक जाम की वजह बन रही है। इससे आम लोगों के लिए परेशानी और असुविधा हो रही है। ये अवैध पार्किंगें निगम की छवि भी खराब कर रही हैं। इससे दिल्ली नगर निगम को राजस्व का भारी नुकसान भी हुआ है। मेयर शैली ओबेरॉय ने कहा है कि ऐसे में यह जरूरी है कि दिल्ली में चल रही विभिन्न अवैध पार्किंगों की पहचान की जाए और सभी अवैध पार्किंगों की एक सूची तैयार की जाए ताकि इनके खिलाफ कार्रवाई की जा सके। सभी अवैध पार्किंगों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जानी चाहिए। इस संबंध में पांच दिनों के भीतर ऐक्शन टेकन रिपोर्ट मेयर कार्यालय को सौंपने के लिए संबंधित अधिकारी को निर्देश दिया जाए। बयान में यह भी कहा गया है कि मीडिया रिपोर्टों पर संज्ञान लेते हुए नगर निगम आयुक्त से अवैध पार्किंग के खिलाफ कार्रवाई की मांग कर रहा है। बयान में यह भी बताया गया है कि सुभाष नगर, करोल बाग, गफ्फार मार्केट, अजमल खान रोड समेत अन्य बाजारों में ऐसी अवैध पार्किंग की सूचना मिली है।

पाकिस्तान आईएमएफ के साथ करेगा अर्थव्यवस्था बढ़ाने की चर्चा, वित्त मंत्री औरंगजेब ने निजीकरण को बताया जरूरी

इस्लामाबाद , एजेंसी। आईएमएफ का प्रतिनिधिमंडल अगले सप्ताह नकदी संकट से जूझ रहे पाकिस्तान के अधिकारियों से मुलाकात करेगा। अधिकारियों ने रविवार को बताया कि इस दौरान बेहतर शासन और मजबूत आर्थिक वृद्धि की आधारशिला रखने पर चर्चा की जाएगी।

पिछले महीने पाकिस्तान ने अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष के साथ तीन अरब डॉलर का सहायता कार्यक्रम पूरा किया और कर्ज न चुका पाने (डिफॉल्ट) वाली श्रेणी से बाहर आ गया। इस्लामाबाद के राहत पैकेज के लिए अनुरोध करने के बाद वॉशिंगटन स्थित वैश्विक ऋणदाता का एक दल बातचीत करने शुक्रवार को पाकिस्तान पहुंचा। पाकिस्तान में आईएमएफ के स्थानीय प्रतिनिधि एस्तेर पेरेज रुइज ने कहा, आईएमएफ के प्रतिनिधिमंडल के प्रमुख नाथन पोर्टर के नेतृत्व में एक दल अगले चरण की चर्चा के लिए अगले सप्ताह अधिकारियों से मुलाकात करेगा।

दिल्ली हाईकोर्ट ने बाल यौन शोषण में ट्रायल कोर्ट का फैसला पलटा, आरोप मुक्त किए 2 लोगों को नोटिस जारी

नई दिल्ली, एजेंसी। दिल्ली हाईकोर्ट ने बाल यौन शोषण से जुड़े एक मामले में ट्रायल कोर्ट द्वारा आरोप मुक्त करने के फैसले को स्थगित कर दिया है। साथ ही आरोप मुक्त किए गए दो आरोपियों को नोटिस जारी किया है। कार्यवाहक मुख्य न्यायाधीश मनमोहन और न्यायमूर्ति मनमीत प्रीतम सिंह अरोड़ा की खंडपीठ ने कहा कि भले ही आपराधिक मामलों में जनहित याचिका पर आम तौर पर विचार नहीं किया जाता है, लेकिन ट्रायल कोर्ट द्वारा पारित आदेश में कई तथ्यों की अवहेलना की गई है। अदालत ने अपने फैसले में कहा है कि एडिशनल सेशन जज ने पॉक्सो अधिनियम की धारा 2 (डी) के तहत बच्चे की परिभाषा पर संज्ञान नहीं लिया।

इसी कानून की धारा 2(डी(ए)) के तहत बाल अश्लीलता(बाल पोर्नोग्राफी) का प्रावधान है। अदालत ने कहा कि किसी बच्चे से जुड़ी या किसी बच्चे को चित्रित करने वाली कोई भी स्पष्ट यौन सामग्री बाल पोर्नोग्राफी की परिभाषा के अंतर्गत आएगी, जिससे यह पता चलता है कि किसी बच्चे की भागीदारी का केवल प्रथम दृष्टया अनुमान ही पर्याप्त है। मामला अब रोस्टर के अनुसार एकल-न्यायाधीश के समक्ष सूचीबद्ध किया जाएगा।

यह है मामला

विशेष न्यायालय (पॉक्सो) कड़कड़डूमा द्वारा पारित आदेश के खिलाफ तुलिर चैरिटेबल ट्रस्ट नामक संगठन द्वारा दिल्ली हाईकोर्ट के समक्ष जनहित याचिका (पीआईएल) दायर की गई थी। बाल यौन शोषण सामग्री से जुड़े 73 वीडियो उनके उपकरणों से बरामद होने के बाद सीबीआई ने इस मामले में दो लोगों को आरोपी बनाया था। उन पर आईटी अधिनियम की धारा 67 बी (बच्चों को यौन कृत्यों में स्पष्ट रूप से चित्रित करने वाली सामग्री को प्रकाशित या प्रसारित करने के लिए सजा), धारा 15 (2) (किसी भी रूप में अश्लील सामग्री रखना) के तहत आरोप पत्र दायर किया गया था।

सड़क किनारे बस में गुजारनी पड़ी यात्रियों को रात, यमुनोत्री समेत चारों धामों में भीड़ से आफत

देहरादून, एजेंसी। केदारनाथ-बदरीनाथ चारधाम में तीर्थ यात्रियों की भारी भीड़ से आफत हो गई है। श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ने की वजह से शनिवार रात से ही सभी व्यवस्थाएं पटरी से उतर गई थी। यात्रियों की संख्या में अप्रत्याशित रूप से इजाफा होने से यात्रियो को जगह जगह रास्तों में ही रोक दिया गया। कई जगह यात्रियों को रात बस में ही गुजारनी पड़ी। रविवार को डामटा, दोबाटा, बड़कोट, गंगानी, खरादी, उपली खरादी, कुथनौर और पालीगाड़ आदि स्थानों पर यात्री वाहनों को रोक लिया। देहरादून में विकासनगर में भी वाहनों को रोका गया। जिससे बाहर से यात्री परेशान नजर आए। यमुनोत्री में श्रद्धालुओं को हुजूम उमड़ने से शनिवार रात से प्रशासन के हाथपांव फूल गए। सरकार ने यमुनोत्री के लिए प्रतिदिन यात्री सीमा नौ हजार तय की है। लेकिन यात्री दोगुने से भी ज्यादा पहुंच गए। यात्रियों की आमद लगातार बढ़ने से वाहनों को रास्ते में ही रुकवाना शुरू कर दिया गया। इसके कारण डामटा, दोबाटा, बड़कोट, गंगानी, खरादी, उपली खरादी, कुथनौर और पालीगाड़ आदि स्थानों जाम की स्थिति पैदा हो गई। आज दोपहर दो बजे तक जगह जगह जाम की स्थिति बनीं रही। यमुनोत्री धाम में शुक्रवार, शनिवार के मुकाबले रविवार को स्थिति काफी नियंत्रित है।

टी20 विश्व कप से पहले टॉम मूडी ने टीम इंडिया पर उठाए सवाल!

नई दिल्ली, एजेंसी। टी20 विश्व कप नजदीक आने के साथ ही पूर्व ऑस्ट्रेलियाई क्रिकेटर टॉम मूडी ने सवाल उठाया है कि क्या भारत विश्व कप जीतने के लिए उस स्तर का क्रिकेट खेल पाएगा, जो वर्ल्ड चैंपियन बनने के लिए जरूरी है। टी20 वर्ल्ड कप 1 जून से वेस्टइंडीज और अमेरिका में निर्धारित है, जबकि आईपीएल 26 मई को समाप्त होगा।

आईपीएल 2024 के लिए आधिकारिक टीवी ब्रॉडकास्टर स्टार स्पोर्ट्स के क्रिकेट विशेषज्ञ और कमेंटेटर टॉम मूडी ने आईएएनएस को बताया, ऑस्ट्रेलिया ने ऐतिहासिक रूप से इन आईसीसी प्रतियोगिताओं में बहुत प्रदर्शन किया है क्योंकि वे बड़े टूर्नामेंट अच्छा खेलते हैं। इसमें कोई संदेह नहीं है कि भारत को एक बहुत मजबूत टीम मिली है और उनके पास बहुत सारे मैच विनर हैं, लेकिन सवाल यह है कि क्या वे इस टीम को इतने कम समय में स्टेबल बना सकते हैं। आईपीएल के तुरंत बाद वर्ल्ड कप का आगाज होना है और टीम के पास तैयारियों के लिए ज्यादा समय नहीं होगा। आईपीएल के लीग चरण के समापन के बाद टीम इंडिया के खिलाड़ियों का पहला

बैच अमेरिका के लिए रवाना होगा। नॉकआउट चरण में आगे बढ़ने वाले खिलाड़ी आईपीएल 2024 फाइनल के बाद टीम में शामिल होंगे। इससे कई लोगों के मन में सवाल उठ रहा है कि क्या खिलाड़ी नई परिस्थितियों के साथ इतने कम समय में तालमेल बिठा पाएंगे।

टॉम मूडी ने कहा, इस स्तर पर यह कहना बहुत मुश्किल है, लेकिन मुझे लगता है कि यह विश्व कप जैसा ही होगा। हमें अभी तक यह समझ में नहीं आया है कि अमेरिका में परिस्थितियां कैसी होंगी। वहां ड्रॉप-इन पिचें होंगी। अभी नहीं पता कि वे तेज और उछाल भरी होंगी या स्पिन को सपोर्ट करेंगी या धीमी होंगी। हमें अभी यह समझना होगा कि वे पिचें किस टीम को सूट करेंगी। भारत अपने सभी ग्रुप चरण के मैच अमेरिका में खेलेगा। वह अपने ग्रुप ए मुकाबलों में आयरलैंड, पाकिस्तान, अमेरिका और कनाडा से भिड़ेंगे। अगर भारतीय टीम आगे क्वालीफाई करेगी तो उन्हें नॉकआउट चरण के लिए कैरेबियाई देश जाना होगा। हालांकि, वहां की परिस्थितियां भारतीय टीम के लिए काफी हद तक परिचित होंगी।

चोटिल रमित टंडन स्क्वैश विश्व चैंपियनशिप से बाहर

नई दिल्ली, एजेंसी। भारत के रमित टंडन को मिस्र के काहिरा में स्क्वैश विश्व चैंपियनशिप में दुनिया के 7वें नंबर के खिलाड़ी मोहम्मद अल शोरबागी के खिलाफ दूसरे दौर के मैच में चोट लगने के कारण रिटायर होना पड़ा।

दुनिया के 36वें नंबर के खिलाड़ी रमित टंडन ने पहले गेम में पूर्व विश्व चैंपियन मोहम्मद अलशोरबागी को कड़ी टक्कर दी और 11-8 से गेम हारे। इसी दौरान उन्हें पिंडली में चोट लग गई। इसके बावजूद वह दूसरा गेम खेलने उतरे, लेकिन दर्द बढ़ने पर बीच में ही मैच छोड़ना पड़ा

उस समय वह 3-4 से पीछे थे। यह पूर्व विश्व नंबर 1 मिस्री-इंग्लिश खिलाड़ी के साथ टंडन का पहला मुकाबला था। टूर्नामेंट में सीधे प्रवेश पाने वाले विश्व नंबर 36 भारतीय ने पहले दौर में विश्व नंबर 57, अमेरिका के फ़राज खान पर 11-1, 11-3, 11-3 से आसान जीत दर्ज की थी।

सूर्यकुमार को लेकर गंभीर को है इस बात का पछतावा, खुद किया खुलासा

कोलकाता, एजेंसी। भारतीय टीम के स्टार बल्लेबाज सूर्यकुमार यादव लंबे समय से आईपीएल में मुंबई इंडियंस के लिए खेल रहे हैं और ना सिर्फ टीम के बल्लेबाजी क्रम मजबूती देते हैं बल्कि नेतृत्व करने की क्षमता भी रखते हैं। मुंबई में अपने शानदार प्रदर्शन से सूर्यकुमार यादव भारत की सीमित ओवर टीम में शामिल हुए और अब आईसीसी टी20 रैंकिंग में शीर्ष पर हैं। सूर्यकुमार मुंबई से पहले 2014 से 2017 तक कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) के लिए खेलते थे। उस वक्त केकेआर के कप्तान रहे गौतम गंभीर ने अब इस बात का खुलासा किया है कि उन्हें सूर्यकुमार की क्षमता ना पहचान पाने का मलाल है।

सूर्यकुमार ने मुंबई से शुरू किया था करियर

सूर्यकुमार ने 2012 से अपने आईपीएल करियर की शुरुआत की थी, लेकिन उन्होंने उस सीजन मुंबई के लिए सिर्फ एक ही मैच खेला था। इसके बाद मुंबई ने सूर्यकुमार को रिलीज कर दिया था और 2014 में वह केकेआर के साथ जुड़े। सूर्यकुमार के पहले ही सीजन में केकेआर ने गंभीर की कप्तानी में आईपीएल का खिताब जीता। सूर्यकुमार चार साल तक केकेआर से जुड़े रहे और 54 मैचों में 608 रन बनाए, लेकिन उनके ज्यादातर स्कोर निचले क्रम में बल्लेबाजी करते हुए आए।

सूर्यकुमार की बल्लेबाजी लाइनअप तय नहीं कर पाने का मलाल

केकेआर को अपनी कप्तानी में दो बार आईपीएल का खिताब दिलाने वाले गंभीर ने इस बात को स्वीकार किया कि अपने कार्यकाल में सूर्यकुमार की क्षमता और बल्लेबाजी लाइनअप तय नहीं कर पाने का उन्हें आज भी मलाल है। गंभीर ने कहा, एक लीडर की भूमिका सर्वश्रेष्ठ क्षमता की पहचान करना और उसे दुनिया के सामने लाने की होती है। अपने सात साल के कप्तानी के कार्यकाल में कोई एक चीज जिसका मुझे मलाल है वो सूर्यकुमार की क्षमता का अच्छे से इस्तेमाल नहीं कर पाना है। इसी कारण हम उसे संयोजन में निचले क्रम पर उतारते थे। आप किसी एक खिलाड़ी को ही नंबर तीन पर उतार सकते हो और एक कप्तान के तौर पर आपको प्लेइंग-11 में शामिल अन्य 10 खिलाड़ियों के बारे में भी सोचना होता है। सूर्यकुमार नंबर तीन पर अच्छा खेलते, लेकिन वह सातवें नंबर पर भी उसी तरह बल्लेबाजी करते थे।

गंभीर ने की सूर्यकुमार की तारीफ

गंभीर ने टीम के एक साथी के तौर पर सूर्यकुमार की काफी प्रशंसा की और बताया कि क्यों 2015 में उन्हें टीम का उपकप्तान बनाया था। गंभीर ने कहा, सूर्यकुमार टीम के प्रति समर्पित खिलाड़ी हैं। कोई भी अच्छा खिलाड़ी हो सकता है, लेकिन टीम के लिए समर्पित होना एक कठिन कार्य है। चाहे आप उन्हें छठे या सातवें नंबर पर खिलाएं या एकादश से बाहर कर दें, वह हमेशा मुस्कुराते हैं और टीम के लिए प्रदर्शन करने के लिए तैयार रहते हैं। इसलिए हमने उन्हें उपकप्तान नियुक्त किया था।

आईपीएल: 2024

दिल्ली के खिलाफ जीत के बाद जश्न में डूबे आरसीबी के खिलाड़ी

बेंगलुरु, एजेंसी। आरसीबी ने इस सीजन की शुरुआत अच्छी तरह नहीं की थी और लगातार छह मैच हारे थे जिससे उसके प्लेऑफ में पहुंचने की संभावना धूमिल हो गई थी। हालांकि, आरसीबी ने लगातार हार के बाद अपने खेल के तरीके को बदला और जीत की पटरी पर लौटने में सफल रही।

फाफ डुप्लेसिस की अगुआई वाली रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) की टीम ने रविवार को होम ग्राउंड पर दिल्ली कैपिटल्स के खिलाफ शानदार जीत दर्ज कर प्लेऑफ में जाने की अपनी उम्मीदें कायम रखी हैं। यह आरसीबी की लगातार पांचवीं जीत है और उसने खराब शुरुआत के बाद जबरदस्त वापसी की है। आरसीबी ने इस सीजन की शुरुआत अच्छी तरह नहीं की थी और लगातार छह मैच हारे थे जिससे उसके प्लेऑफ में पहुंचने की संभावना धूमिल हो गई थी। हालांकि, आरसीबी ने लगातार हार के बाद अपने खेल के तरीके को बदला और जीत की पटरी पर लौटने में सफल रही।

मैच में क्या हुआ?

आईपीएल 2024 के 62वें मैच में रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु ने दिल्ली कैपिटल्स को 47 रनों से हरा दिया। यह आरसीबी की लगातार पांचवीं जीत रही। पहले बल्लेबाजी करते हुए बेंगलुरु ने 20 ओवर में नौ विकेट गंवाकर 187 रन बनाए थे। रजत पाटीदार ने 32 गेंद में 52 रन और विल जैक्स ने 29 गेंद में 41 रन

की पारी खेली थी। विराट कोहली ने 27 रन बनाए थे। जवाब में दिल्ली की टीम 19.1 ओवर में 140 रन पर सिमट गई। ऋषभ पंत की जगह मैच में कप्तानी कर रहे अक्षर पटेल ने 39 गेंद में 57 रन बनाए। यश दयाल ने तीन और लोकी फर्ग्यूसन ने दो विकेट झटके।

प्लेऑफ की दौड़ में बरकरार आरसीबी

टीम अभी भी प्लेऑफ की रेस में बरकरार है। उसके 13 मैचों के बाद छह जीत और सात हार के साथ 12 अंक हैं। दिल्ली पर जीत के साथ टीम पांचवें स्थान पर पहुंच गई है। बेंगलुरु को आखिरी मैच 18 मई को चेन्नई सुपर किंग्स के खिलाफ चिन्नास्वामी में ही खेलना है। इस मैच पर दोनों ही टीमों की किस्मत निर्भर होगी।

चेन्नई की जीत पर आरसीबी प्लेऑफ की रेस से बाहर हो जाएगी। वहीं, अगर बेंगलुरु जीतती है तो उसे अच्छें अंतर से जीत हासिल करनी होगी, ताकि नेट रन रेट चेन्नई से बेहतर हो सके। इसके बाद भी बेंगलुरु को अन्य टीमों के नतीजों पर निर्भर रहना होगा।

जीत के बाद भावनाओं पर काबू नहीं रखे खिलाड़ी

दिल्ली के खिलाफ मिली जीत आरसीबी के लिए किसी जीवनदान से कम नहीं थी। अगर टीम दिल्ली के खिलाफ हार जाती तो उसके लिए आगे दरवाजे लगभग बंद हो जाते।

आरसीबी के खिलाड़ी इस बात से पूरी तरह परिचित थे, इसलिए जीत के बाद वे अपनी भावनाओं पर काबू नहीं रख सके और खिलाड़ियों ने ड्रेसिंग रूम में जीत का जश्न मनाया। आरसीबी के कोचिंग स्टाफ ने टीम के हर एक सदस्य की सराहना की जिन्होंने बेहतरीन प्रदर्शन किया। इसका वीडियो आरसीबी ने सोशल मीडिया हैंडल पर पोस्ट किया जिसमें कैमरन ग्रीन और रजत पाटीदार जैसे खिलाड़ी जश्न में डूबे नजर आ रहे हैं।

सीन विलियम्स ने कहा टी20 क्रिकेट को अलविदा, वनडे और टेस्ट में खेलना रखेंगे जारी

नई दिल्ली, एजेंसी। जिम्बाब्वे के स्टार ऑलराउंडर सीन विलियम्स ने टी20 अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास की घोषणा कर दी है। बाएं हाथ के बल्लेबाज ने बांग्लादेश में हाल ही में समाप्त हुई पांच मैचों की टी20 सीरीज के बाद यह फैसला लिया है। जिम्बाब्वे के स्टार ऑलराउंडर सीन विलियम्स ने टी20 अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास की घोषणा कर दी है। बाएं हाथ के बल्लेबाज ने बांग्लादेश में हाल ही में समाप्त हुई पांच मैचों की टी20 सीरीज के बाद यह फैसला लिया है। बांग्लादेश ने शुरुआती चार मैचों में जीत दर्ज की जबकि आखिरी मुकाबला जिम्बाब्वे ने जीता।

विलियम्स इस सीरीज के पहले और आखिरी मैच में खेलते नजर आए। रिपोर्ट्स के मुताबिक, वह वनडे और टेस्ट में खेलना जारी रखेंगे। जिम्बाब्वे के अधिकारी ने कहा, उन्होंने (विलियम्स) ने टी20 अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास लेने का फैसला किया और खेल के बाद अपने टीम के साथियों को अपने फैसले के बारे में सूचित किया। विलियम्स ने जिम्बाब्वे के लिए 81 टी20 अंतरराष्ट्रीय मुकाबले



खेले। इनमें उन्होंने 126.38 की स्ट्राइक रेट से 1691 रन बनाए। इसके अलावा उन्होंने 48 विकेट भी हासिल किए।

बांग्लादेश वर्सेस जिम्बाब्वे

जिम्बाब्वे ने आठ विकेट से जीता सीरीज का आखिरी मैच, बांग्लादेश को क्लीन स्वीप करने से रोका

ढाका, एजेंसी। कप्तान सिकंदर रजा और ब्रायन बेनेट की शानदार पारियों की मदद से जिम्बाब्वे ने रविवार को यहां पांचवें और अंतिम टी-20 मैच में 8 विकेट से जीत दर्ज करके बांग्लादेश को पांच मैच की श्रृंखला में क्लीन स्वीप नहीं करने दिया। बांग्लादेश ने 6 विकेट पर 157 रन बनाए। जिम्बाब्वे ने 18.3 ओवर में 2 विकेट पर 158 रन बनाकर जीत हासिल की।

बांग्लादेश ने इस तरह से यह सीरीज 4-1 से जीत ली। जिम्बाब्वे की पारी का आकर्षण कप्तान रजा और बेनेट के अर्धशतक रहे। रजा ने नाबाद 72 रन बनाए जबकि बेनेट ने 70 रन बनाए। दोनों ने दूसरे विकेट के लिए 75 रन की साझेदारी की जिससे जिंबाब्वे नौ गेंद शेष रहते ही जीत हासिल करने में सफल रहा।

इससे पहले बांग्लादेश की शुरुआत अच्छी नहीं रही और उसने 15 रन पर तीन विकेट गंवा दिए थे। महमुदुल्लाह (54) और कप्तान नजमुल (36) की पारियों से टीम सम्मानजनक स्कोर तक पहुंची। बेनेट ने 20 रन देकर दो विकेट लिए।

जडेजा आईपीएल में मैदान में बाधा डालने पर आउट होने वाले तीसरे खिलाड़ी, सैमसन ने इस तरह भेजा पवेलियन

चेन्नई, एजेंसी। आईपीएल 2024 के 61वें मैच में चेन्नई सुपर किंग्स का सामना राजस्थान रॉयल्स से हुआ। चेपॉक में खेले गए इस मुकाबले को सीएसके ने पांच विकेट से अपने नाम किया। हालांकि, मैच में चेन्नई की पारी के दौरान एक दिलचस्प वाकया भी देखने को मिला। रवींद्र जडेजा मैदान में बाधा डालने या फिर यूं कहें क्षेत्ररक्षण में बाधा डालने के लिए आउट करार दिए गए। आईपीएल में इस तरह से आउट होने वाले वह सिर्फ तीसरे खिलाड़ी बने। हालांकि, जडेजा के आउट होने से सीएसके को ज्यादा नुकसान नहीं हुआ और कप्तान ऋतुराज गायकवाड़ की नाबाद 42 रन की पारी और समीर रिज्वी के नाबाद 15 रन की बदौलत चेन्नई ने पांच विकेट से जीत हासिल की।

क्या है पूरा मामला?



राजस्थान ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए 20 ओवर में पांच विकेट गंवाकर 141 रन बनाए थे। जवाब में चेन्नई ने धीमी बल्लेबाजी की और एक वक्त चार विकेट गंवाकर 121 रन बना लिए थे। 16वें ओवर में आवेश खान गेंदबाजी के लिए आए।

तब ऋतुराज के साथ जडेजा क्रीज पर थे। ओवर की पांचवीं गेंद पर जडेजा ने थर्ड मैन पर शॉट खेला और रन के लिए दौड़ पड़े। एक रन लेने के बाद वह दूसरे रन के लिए दौड़े और आधे पिच तक दौड़ गए थे। हालांकि, ऋतुराज ने स्ट्राइक एंड से उन्हें वापस जाने के लिए कहा। तब तक सैमसन के ग्लव्स में गेंद आ चुकी थी और उन्होंने नॉन स्ट्राइक एंड पर थ्रो किया।

पाकिस्तान ने आयरलैंड के खिलाफ 16.5 ओवर में चेज किए 194 रन, बाबर सबसे कामयाब टी20 कप्तान

पाक वर्सेस ऑयरलैंड

डबलिन, एजेंसी। पहला मैच आयरलैंड ने पांच विकेट से अपने नाम किया था। अब सीरीज का निर्णायक मुकाबला 14 मई को खेला जाएगा। पाकिस्तान के टी20 कप्तान रहते हुए बाबर की यह 45वीं जीत थी। वह पाकिस्तान के सबसे कामयाब टी20 कप्तान हैं। पाकिस्तान ने तीन मैचों की टी20 सीरीज में जबरदस्त वापसी करते हुए दूसरा मैच सात विकेट से अपने नाम किया। डबलिन में खेले गए मुकाबले में टॉस हारकर पहले बल्लेबाजी करते हुए आयरलैंड ने 20 ओवर में सात विकेट गंवाकर 193 रन बनाए थे। लोर्कन टकर ने 51 रन की पारी खेली। जवाब में पाकिस्तान ने 16.5 ओवर में ही तीन विकेट गंवाकर लक्ष्य हासिल कर लिया। कप्तान बाबर आजम फेल रहे और खाता भी नहीं खोल सके। वहीं, मोहम्मद रिजवान ने 46 गेंद में 75 रन की नाबाद पारी खेली। फखर जमान ने 40 गेंद में 78 रन बनाए। आजम खान ने 10 गेंद में 30 रन की नाबाद पारी खेली। सीरीज 1-1 की बराबरी पर है। पहला मैच आयरलैंड ने पांच विकेट से अपने नाम किया था। अब सीरीज का निर्णायक मुकाबला 14 मई को खेला जाएगा। पाकिस्तान के टी20 कप्तान रहते हुए बाबर की यह 78 मैचों में 45वीं जीत थी। वह दुनिया के सबसे कामयाब टी20 कप्तान बन गए हैं। उनके रहते पाकिस्तान की टीम को 26 मैचों में हार मिली है। सात मैचों का कोई नतीजा नहीं निकला। बाबर ने युगांडा के कप्तान ब्रायन मसाबा का रिकॉर्ड तोड़ा। ब्रायन की कप्तानी में युगांडा ने 44 मैच जीते थे।

आयरलैंड की पारी

टॉस हारकर पहले बल्लेबाजी करने उतरी आयरलैंड के लिए लॉर्कन टकर ने सर्वाधिक 51 रनों की पारी खेली। दरअसल, सलामी बल्लेबाजी के लिए उतरे कप्तान पॉल स्टर्लिंग सिर्फ 11 रन और एंडी बलबरिनी 16 रन बनाकर पवेलियन लौटे। इसके बाद मोर्चा टकर और टेक्टर ने संभाला। दोनों के

बीच तीसरे विकेट के लिए 62 रनों की साझेदारी हुई जिसे अब्बास ने तोड़ा। टेक्टर 28 गेंदों में 32 रनों की पारी खेलकर आउट हुए। इस मैच में कर्टिस कैम्फर ने 22, जॉर्ज डॉकरेल ने 15 और मार्क डेयर ने नौ रन बनाए। वहीं, गेरेथ डलेनी 28 और ग्राहम ह्यूम दो रन बनाकर नाबाद रहे। पाकिस्तान के लिए शाहीन अफरीदी ने तीन और अब्बास अफरीदी ने दो विकेट लिए। वहीं, मोहम्मद आमिर और नसीम शाह को एक-एक सफलता मिली।

पाकिस्तान की पारी

194 रन के लक्ष्य का पीछा करने उतरी पाकिस्तान के लिए मोहम्मद रिजवान और फखर जमान ने विस्फोटक प्रदर्शन किया। दरअसल, टीम ने दो विकेट 13 रनों के स्कोर पर खो दिए थे। सईम अयूब छह और कप्तान बाबर आजम बिना कोई रन बनाए आउट हुए। इसके बाद मोर्चा रिजवान और जमान ने संभाला। दोनों के बीच तीसरे विकेट के लिए 140 रनों की साझेदारी हुई। जमान छह चौकों और छह छक्कों की मदद से 78 रन बनाने में कामयाब हुए। इसके बाद पांचवें नंबर पर बल्लेबाजी के लिए उतरे आजम खान ने रिजवान के साथ टीम को जीत दिलाई। सलामी बल्लेबाज 75 और आजम 30 रन बनाकर नाबाद रहे। आयलैंड के लिए मार्क डेयर, ग्राहम ह्यूम और बेन व्हाइट ने एक-एक विकेट चटकाया।

बतौर कप्तान सबसे ज्यादा टी20 अंतरराष्ट्रीय मैच जीतने वाले कप्तान

कप्तान	मैच	जीते
बाबर आजम	78	45
ब्रायन मसाबा	56	44
असगर अफगान	52	42
इयोन मोर्गन	72	42
रोहित शर्मा	54	41
एमएस धोनी	72	41

एक नजर

जानलेवा हमला मामले में आरोपी गिरफ्तार

ओबरा (औरंगाबाद) (नि.सं.)। शीर्ष आरोपियों के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान में ओबरा थाना की पुलिस ने भादंवि की धारा-341, 323, 307, 379, 354, 427, 504, 506/34 के तहत दर्ज कांड संख्या-161/24 के अभियुक्त नरौला निकसी मो. सद्दाम को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। पुलिस आगे की कार्रवाई में जुटी हैं।

वर्षीया विवाहिता की हत्या कर पति हुआ फरार

रफीगंज (औरंगाबाद) (नि.सं.)। रफीगंज थाना क्षेत्र के कुँवर बिगहा में 35 वर्षीय विवाहिता स्नेहा कुमारी को ससुराल वाले द्वारा पीट कर हत्या करने का मामला प्रकाश में आया है। सूचना मिलते ही थानाध्यक्ष गुफरान अली,अपर थानाध्यक्ष कविता कुमारी घटना स्थल पर पहुचकर शव को पोस्टमार्टम के औरंगाबाद भेज दिया। इस मामले में सोमवार को गया जिला के आंती थाना के काबर गांव निवासी मृतिका के पिता कुलदीप यादव ने पति ,ससुर एवं अन्य एक ब्यक्ति को नामजद अभियुक्त बनाया। उल्लेख किया है कि मेरी पुत्री की शादी 15 वर्ष पूर्व कुँवर बिगहा गांव मे हुयी थी। जिससे 10 वर्षीय पुत्र व 7 वर्षीय पुत्री है। थानाध्यक्ष गुफरान अली ने बताया कि मृतिका के पति दहेज उत्पीड़न मामले में पूर्व में भी जेल जा चुका है। स्नेहा की मौत किस कारण हुई है। इसका स्पष्ट नहीं हो पाई है। शरीर पर कोई भी दाग धब्बा नहीं है। आवेदन प्राप्त हुई है प्राथमिकी दर्ज कर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

देव में बड़ी संख्या में पहुंचे लोग, जाम

देव (औरंगाबाद) (नि.सं.)। देव सूर्य मंदिर में रविवार को बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने पूजा-अर्चना की और आशीर्वाद लिया। सुबह से लेकर देर शाम तक दर्शन के लिए भक्तों की कतार लगी रही। गया, रोहतास, अरवल, जहानाबाद समेत झारखंड प्रदेश के श्रद्धालु यहां पहुंचे। चिलचिलाती धूप में श्रद्धालु डटे रहे। कहा जाता है कि इस मंदिर में प्रवेश मात्र से देवलोक के दर्शन की अनुभूति होती है। कोई भी शुभ कार्य करने से पहले भक्त देव सूर्य मंदिर में पूजा-अर्चना करने पहुंचते हैं। न्याय समिति के कार्यकर्ता भीड़ को नियंत्रित करने में जुटे थे। पुलिस बल की तैनाती भी यहां थी।

नि :शुल्क विधिक सहायता प्रदान करने में पैनल अधिवक्ताओं की अहम भूमिका : सचिव

कार्यालय संवाददाता

औरंगाबाद। जिला विधिक सेवा प्राधिकार, औरंगाबाद के सचिव सुकुल राम ने सोमवार को प्राधिकार के प्रकोष्ठ में सूचीबद्ध पैनल अधिवक्ताओं के साथ बैठक की। बैठक में सचिव ने पैनल अधिवक्ताओं को प्राधिकार द्वारा प्रदान की गयी भूमिका को सराहा। कहा कि निःशुल्क विधिक सहायता में आपकी भूमिका काफी अहम है। आप लोग इसे निरंतर करते आ रहे हैं। विधिक जागरूकता कार्यक्रम के माध्यम से लोगो को हक और अधिकार से अवगत कराने के लिए आप लोग अपने क्षेत्र में विधिक जागरूकता कार्यक्रम आयोजित करते हुए समूचे क्षेत्र के लोगो को लाभान्वित करतें है। इससे प्राधिकार के प्रति लोगो में काफी विश्वास पैदा हुआ है। इस कार्य को आप लोगो को निरंतर करते रहना है। सचिव ने सभी पैनल अधिवक्ताओं को राष्ट्रीय लोक अदालत में अपने स्तर से पहल करते हुए अधिक से अधिक सुलहनीय वादों के निस्तारण के लिए सक्रिय सहभागिता हेतु निर्देशित किया। साथ ही उन्हें आगामी 13 जुलाई को आयोजित राष्ट्रीय लोक अदालत में अधिक से अधिक सुलहनीय आपराधिक वादों को अपने स्तर से चिन्हित कर निष्पादित कराने का निर्देश दिया। सचिव ने बैठक के पूर्व पैनल अधिवक्ताओं द्वारा पूर्ववर्ती आयोजित राष्ट्रीय लोक अदालत में अबतक के सबसे ज्यादा न्यायालय में लम्बित सुलहनीय वादों के निस्तारण में सहयोग के लिए प्रशंसा की। आगामी राष्ट्रीय लोक अदालत में जिले को सभी मामलें में सर्वश्रेष्ठ बनाने हेतु पूर्ण सहयोग की अपील की। इस पर सभी पैनल अधिवक्ताओं ने अपने स्तर से पहल करते हुए सुलहनीय वादों को राष्ट्रीय लोक अदालत के माध्यम से अधिक से अधिक निस्तारण करने में अपनी पूरी क्षमता के साथ सहयोग करने में अपनी सक्रिय भूमिका निभाने के लिए सहमति प्रदान करते हुए हरसंभव सहयोग का आश्वासन दिया। सचिव ने कहा कि 13 जुलाई को आयोजित होने वाले राष्ट्रीय लोक अदालत के लिए तैयारियां अनवरत की जा रही है और सभी न्यायालय से सुलहनीय वादों की सूची प्राप्त हुई है। सचिव ने इस बात का भी भरोसा दिया गया कि आगामी राष्ट्रीय लोक अदालत भी पूर्ण सफल तथा सर्वाधिक निस्तारण वाला रहेगा। सचिव ने भारत सरकार द्वारा पारित तीन नये कानूनों पर भी पैनल अधिवक्ताओं से विस्तृत चर्चा की ताकि पैनल अधिवक्ता पूर्व से ही उन कानूनों के तहत न्यायिक पहलुओं से अवगत रहें।

पोक्सो केस में कोर्ट ने सुनाई आरोपी को बीस साल कैद व पचास हजार के जुर्माना की सजा

कार्यालय संवाददाता

औरंगाबाद। औरंगाबाद व्यवहार न्यायालय के अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश(एडीजे) सह स्पेशल पोक्सो कोर्ट के न्यायाधीश लक्ष्मीकांत मिश्रा की अदालत ने सोमवार को एक मामले में आरोपी को 20 साल कैद और 50 हजार के जुर्माना की सजा सुनाई। कोर्ट ने यह सजा ओबरा थाना ओबरा कांड संख्या-104/18 में सज़ा के बिंदु पर सुनवाई करते हुए सुनाई। स्पेशल पीपी शिवलाल मेहता ने बताया कि अभियुक्त ओबरा थाना के रामपुर निवासी वीरमल गिरि को कोर्ट ने सज़ा सुनाई है। अभियुक्त को कोर्ट ने 10 मई को भादंवि. की धारा-376 और 04 पोक्सो एक्ट के तहत दोषी करार दिया था। इसी मामले में कोर्ट ने अभियुक्त को भादंवि. की धारा 376 और 04 पोक्सो एक्ट में 20 साल कैद और 50 हजार के जुर्माना की सजा सुनाई। जुर्माना नही देने की स्थिति में कोर्ट ने तीन माह के अतिरिक्त कारावास का प्रावधान किया है। अधिवक्ता सतीश कुमार स्नेही ने बताया कि वाद में नाबालिग पीड़िता सहित 06 की गवाही हुई थी। मामले की प्राथमिकी बतौर सूचक पीड़िता के पिता ने 08 मई 2018 को ओबरा थाना में प्राथमिकी दर्ज कराई थी।प्राथमिकी में कहा था कि 06 मई 2018 को सुबह में नाबालिग लड़की बाजार करने गई थी। जब वह शाम तक घर नहीं लौटी तब परिजनों ने उसकी खोजबीन शुरू की। काफी खोजबीन के बाद पता चला कि अभियुक्त ने अपने परिवार के सहयोग से गलत नीयत से अपहरण कर लिया है। इसी मामले में कोर्ट ने यह सजा सुनाई।

लो वोटिंग क्षेत्रों में चला मतदाता जागरूकता अभियान

कार्यालय संवाददाता

औरंगाबाद। लोकसभा आम निर्वाचन 2024 के तहत संपन्न होनेवाले काराकाट लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र में स्थित विभिन्न प्रखंडों में संबंधित क्षेत्रों के सभी वर्गों की शत प्रतिशत प्रतिभागिता एवं मतदान के प्रतिशत में वृद्धि तथा लो वीटी के अंतर्गत मतदान केंद्रों पर भारत निर्वाचन आयोग नई दिल्ली तथा मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी बिहार के निर्देशानुसार जिला निर्वाचन पदाधिकारी श्रीकांत शास्त्री के नेतृत्व में जिला स्तरीय, अनुमंडल स्तरीय एवं प्रखंड स्तरीय पदाधिकारियों का दल मतदाताओं से व्यक्तिगत रूप से मिलने के अतिरिक्त जागरूकता कार्यक्रम में भाग ले रहे हैं। इसके अतिरिक्त मतदाताओं से मिलकर लो वीटीआर के विभिन्न कारण के साथ-साथ समस्याओं से भी अवगत हो रहे हैं। इसी क्रम में सोमवार को जिला निर्वाचन पदाधिकारी श्रीकांत शास्त्री ने दाउदनगर प्रखंड में आयोजित मतदाता जागरूकता कार्यक्रम में भाग लिया। जिला निर्वाचन पदाधिकारी श्रीकांत शास्त्री के द्वारा ओबरा विधानसभा के दाउदनगर प्रखंड के अंतर्गत हाता मध्य विद्यालय पुराना शहर दाउदनगर मध्य भाग, राष्ट्रीय इंटर विद्यालय दाउदनगर दायां भाग, राष्ट्रीय इंटर विद्यालय दाउदनगर मध्य भाग, राजकीय मध्य विद्यालय तरारी उत्तर भाग, राजकीय मध्य विद्यालय तरारी दक्षिण भाग, राजकीय मध्य विद्यालय तरारी पश्चिमी भाग, राजकीय मध्य विद्यालय तरारी पूर्वी भाग पर मतदाताओं से मिलकर उनके समस्याओं को सुनते हुए अधिक से अधिक संख्या में मतदान करने की अपील की गई और प्रजातंत्र में मतदान के महत्व को बताते हुए जागरूक भी किया गया। इस मौके पर अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी दाउदनगर, भूमि सुधार उप समाहर्ता दाउदनगर, प्रखंड विकास पदाधिकारी दाउदनगर, अंचल अधिकारी, दाउदनगर, बाल विकास परियोजना पदाधिकारी दाउदनगर, जीविका के प्रखंड प्रबंधक आदि उपस्थित थे सके पूर्व प्रखंड मुख्यालय में आयोजित मतदाता जागरूकता कार्यक्रम को संबोधित करते हुए जिला निर्वाचन पदाधिकारी श्रीकांत शास्त्री ने बताया कि जीविका दीदी के द्वारा डोर टू डोर संपर्क अभियान से मतदान प्रतिशत को बढ़ाया जा सकता है। लो वीटीआर के क्षेत्र में जीविका दीदी प्रत्येक गांव के घर-घर में जाकर मतदाताओं से मिलकर अधिक से अधिक संख्या में लोकतंत्र की इस महापर्व में शामिल होने के लिए अनुरोध करेंगे उपस्थित जन समूह को संबोधित करते हुए जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने अपील किया की बताया कि प्रजातंत्र को मजबूत करने के लिए इस महापर्व में अधिक से अधिक लोग भाग लेकर अपनी उपस्थिति दर्ज करें।

उपभोक्ता फोरम के आदेश पर एनबीएफसी ने किया आंशिक भुगतान



औरंगाबाद (का.सं.)। जिला उपभोक्ता प्रतितोष आयोग, औरंगाबाद के सख्त निर्देश पर मजबूर होकर वेलफेयर बिल्डिंग एंड इस्टेटस प्रा. लि. की औरंगाबाद शाखा ने दावाकर्ता उपभोक्ता जसोईयां मोड़ निवासी राजेश कुमार साहू को चेक प्रदान किया। अधिवक्ता सतीश कुमार स्नेही ने बताया कि बताया कि आयोग के सदस्य बद्रीनारायण सिंह के सख्त निर्देश पर मजबुर होकर एनबीएफसी ने 40 हज़ार रुपए का आंशिक भुगतान किया है। अधिवक्ता ने बताया कि दावाकर्ता ने पांच साल में रकम दोगुना होने के लिए दो मोटी रकम फिक्स की थी। परिपक्वता अवधि पूरी होने पर पैसा वापसी में कंपनी ने टालमटोल किया तो मजबूरन पैसा वापसी के लिए दावाकर्ता ने जिला उपभोक्ता फोरम की शरण ली। इसी मामले में सोमवार को दावाकर्ता को 40 हजार रुपए का चेक प्रदान किया है।

चोरी का सोना खरीदने के आरोप में दुकानदार गिरफ्तार

अंबा (औरंगाबाद)(नि.सं.)। अंबा बाजार के शिवमणि ज्वेलर्स के प्रोपराइटर निरंजन कुमार वर्मा उर्फ गुड्डू को चोरी का सोना खरीदने के आरोप में कोलकाता पुलिस ने गिरफ्तार किया है। यह कार्रवाई अंबा पुलिस के सहयोग से की गई है। गिरफ्तारी के बाद कोलकाता पुलिस उसे अपने साथ ले गई है। वह रिसियप थाना क्षेत्र के बभनडीह गांव का निवासी है। जानकारी के अनुसार कुटुंबा थाना क्षेत्र के रसूलपुर निवासी गुड्डू कुमार कोलकाता के लाल बाजार में किसी आभूषण की दुकान में काम करता था। वहां से वह 502 ग्राम सोना चोरी कर फरार हो गया। इस आरोप में उसके विरुद्ध कोलकाता के बड़ा बाजार थाने में मामला दर्ज है। कोलकाता पुलिस की विशेष टीम ने ने गुड्डू को पूर्व में छत्तीसगढ़ से गिरफ्तार किया था।

120 लीटर अवैध शराब बरामद बाइक जब्त, तीन गिरफ्तार

कार्यालय संवाददाता

औरंगाबाद। अवैध शराब के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान में औरंगाबाद के अलग-अलग थानों की पुलिस ने भारी मात्रा में अवैध शराब बरामद किया है। इस क्रम में बारुण पुलिस ने कर्मकिला के पास 01 बाइक पर लदा कुल-50 लीटर महुआ शराब बरामद किया है। वही ओबरा पुलिस ने ओबरा देवी स्थान के पास से कुल- 20 लीटर देशी शराब के साथ नट मुहल्ला निवासी सुनील नट, रोहित कुमार एवं आकाश कुमार को गिरफ्तार किया है। इसी प्रकार सलैया थाना की पुलिस ने छापेमारी के दौराज कुल-50 लीटर देशी महुआ शराब बरामद किया है। तीनों मामलों में संबंधित थानों की पुलिस आगे की कार्रवाई में जुटी है।

लोस चुनाव को लेकर निकली गयी मतदाता जागरुकता रैली

निज संवाददाता

हसपुरा (औरंगाबाद)। हसपुरा प्रखंड में मतदाता जागरूकता रैली निकाल कर आगामी होने वाले लोकसभा चुनाव के लिए काराकाट लोक सभा के सभी मतदाताओं को रैली के माध्यम से जागरूक किया गया। रैली प्रखंड कार्यालय हसपुरा से मुख्य बाजार होते पुनः हसपुरा बाजार से वापस प्रखंड कार्यालय आ कर रैली के सभा कर समाप्त किया। जिसमे हसपुरा प्रखंड अंतर्गत सभी संकुल के जीवीका दीदी, सभी आंगनबाड़ी केंद्र के सहायिका, सेविका, आशा, हसपुरा प्रखंड के सभी पदाधिकारी, हसपुरा थानाध्यक्ष ने भाग लिया। प्रखंड विकास पदाधिकारी ने बताया कि पिछले दिनों में आप सभी के द्वारा पंचायतों में मतदाता को जागरूक करने का जो कार्य किया जा रहा है, वह बहुत ही सराहनीय है। आनेवाले 10 दिनों में आप सभी मतदाताओं को घर घर जा कर मतदान के बारे में बलाएंगे ताकि पिछले बार से और भी बेहतर वोट प्रतिशत का दर बढ़ सके। अंत में सभी लोग को धन्यवाद के साथ सभा को समाप्त किया गया।

सीबीएसई इंटर परीक्षा-2024 का परिणाम जारी

संस्कार विद्या के छात्र-छात्राओं ने लहराया परचम

- ये सभी बच्चे हमारे विद्यालय के ब्रांड एंबेसडर हैं : निदेशक सुरेश कुमार गुप्ता

निज संवाददाता



दाउदनगर (औरंगाबाद)। संस्कार विद्या के छात्र-छात्राओं ने सीबीएसई इंटर की परीक्षा परिणाम 2024 में जबरदस्त और धमाकेदार सफलता अर्जित की है जिसमें आर्या कश्यप को 91%, अंजली कुमारी को 89%, पीयूष राज को 87.2%, अभिषेक कुमार को 86%, आकृति सिंह को 83%, विकास कुमार को 83% अंक प्राप्त हुए हैं। इनके अलावे बहुत सारे छात्र-छात्राओं ने 80% से ऊपर अंक प्राप्त कर अपने विद्यालय संस्कार विद्या का मान-मर्यादा बढ़ाया है। संस्कार विद्या के सीईओ आनंद प्रकाश ने कहा कि इस विद्यालय के शिक्षक-शिक्षिकाओं ने उनके द्वारा किए गए सफल प्रयास को उन्नति के मार्ग तक ले जाने में अपना अहम रोल अदा किया है। इससे पूरा विद्यालय परिवार अभिभूत है और गौरवान्वित है। इस सफलता पर संस्कार विद्या के निदेशक सुरेश कुमार गुप्ता ने सभी सफल छात्रों और उनके माता-पिता को हार्दिक बधाई संदेश भेजा है और कहा कि ये सभी बच्चे हमारे विद्यालय के ब्रांड एंबेसडर हैं। इन्होंने हमारा मान-सम्मान बढ़ाया है। हम उनके उज्जवल भविष्य की कामना करते हैं। आनंद प्रकाश ने कहा कि हम लोगों ने जो सपना संजोया था उच्च-शिखर पर जाने का, हमारे यह बच्चे सफलता के उसे मार्ग को प्राप्त कर रहे हैं और हमें गौरवान्वित कर रहे हैं। डिप्टी सीईओ इंजीनियर विद्यासागर ने कहा कि आज टेक्नोलॉजी के क्षेत्र में भारत बहुत आगे बढ़ रहा है और हमारे ये सफल छात्र उस टेक्नोलॉजी को और उन्नत बनाने में सहायक सिद्ध होंगे, ऐसी अपेक्षा है। हम उनके उज्जवल भविष्य की कामना करते हैं। विद्या निकेतन ग्रुप आफ स्कूल के टेक्निकल एडवाइजर विनय प्रकाश ने कहा कि आज का परिवेश कुछ नया करने का है, पुराने पैटर्न पर चल रहे लोगों पर कोई आजकल ध्यान नहीं देता है। यहां नित्य-नए कार्य करने वाले हमारे छात्र-छात्राएं छात्र हमें गौरवान्वित कर रहे हैं और हम ने संस्कार विद्या को स्थापित कर जो सपना संजोया था, जो उन्नत फ्रेमवर्क को गढ़ा था, आज बच्चे उसे फ्रेम में फिट होकर उच्च सफलता प्राप्त कर रहे हैं। इसके लिए विद्यालय प्रबंधन, संस्कार विद्या के प्राचार्य और सभी शिक्षक-शिक्षिका ने दिल से धन्यवाद अर्पित किया है।

12वीं की परीक्षा में विवेकानन्द ग्रुप का रहा जलवा

कार्यालय संवाददाता

अन्नु कुमारी (94.4%)

शिवानी कुमारी (91.4%)

स्वराज कुमार (91.4%)

अल्तमस परवेज (90.4%)

औरंगाबाद। सीबीएसई दिल्ली द्वारा आयोजित 12वीं की परीक्षा में विवेकानन्द ग्रुप औरंगाबाद का जलवा बरकरार रहा। इसी विद्यालय की छात्रा अन्नु कुमारी ने पीसीएम ग्रुप में 94.4% अंक प्राप्त किया तो स्वराज कुमार एवं शिवानी कुमारी 91.4% अंक प्राप्त कर स्कूल टॉपर बने।

जानकारी देते हुए निदेशक शंभू शरण सिंह ने बताया कि प्रथम श्रेणी में पास हुए 64 विद्यार्थियों में औरंगाबाद के एरकी कला निवासी शैलेश कुमार प्रसाद निर्मला कुमारी की पुत्री अन्नु कुमारी ने 94.4% अंक लाकर विद्यालय और अपने परिवार का नाम रौशन किया है। अन्नु कक्षा दसवीं में भी विवेकानन्द विजन आईडियल पब्लिक स्कूल की टॉपर थी। इसने केमिस्ट्री में 96, फिजिकल में 96, गणित में 98 और फिजिक्स में 92 अंक प्राप्त किया है। स्वराज कुमार ने बायोलॉजी ग्रुप में 91.4% अंक प्राप्त किया और शिवानी कुमारी ने भी 91.4% अंक प्राप्त किया। अन्नु कुमारी और शिवानी कुमारी क्रमशः 99.15 परसेन्टाइल और 96.41% परसेन्टाइल लाकर जी-मेन्स में भी सफल रहे हैं। आयुषी कुमारी और निधि कुमारी ने अंग्रेजी में 97 उच्चतम स्कोर पाया तो अन्नु कुमारी ने गणित में 98 अंक हासिल किया। स्वराज कुमार का फिजिक्स में 96 स्कोर रहा तो अन्नु और निधि ने फिजीकल एजुकेशन में 96% अंक प्राप्त कर विद्यालय में खुशियों के नए स्वर्णिम पल जोड़ दिया। निदेशक ने आगे कहा कि दाउदनगर विवेकानन्द मिशन से अल्तमस परवेज ने 90.4%, शिवम कुमार (कॉमर्स) ने 84.4% लाकर परचम लहराया। विवेकानन्द ग्रुप की शिक्षा यात्रा में ऐसी स्वर्णिम कड़ियां आने वाले दिनों में भी जुड़ती रहेंगी। विद्यालय के सभी शिक्षकों के प्रति, और शिक्षा की इस महति यात्रा में सहभागी अभिभावकों के प्रति विद्यालय के संस्थापक व निदेशक डॉ. शम्भू शरण सिंह ने शुभकामनायें निवेदित करते हुए सभी के उज्ज्वल भविष्य की कामना की। चेयरमैन मनीष वत्स, प्रधानाचार्य नरेन्द्र कुमार सिंह, उपप्रधानाचार्य संजीव कुमार, को-ऑर्डिनेटर अखिलेश्वर शर्मा एवं सूची कुमारी ने भी सभी को बधाई दी और आनेवाले कल में और बेहतर प्रदर्शन के लिए प्रयास पर बल दिया।

राष्ट्रकवि दिनकर के साहित्य पर केन्द्रित व्याख्यान का हुआ आयोजन

निज संवाददाता

दाउदनगर (औरंगाबाद)। दाउदनगर महाविद्यालय, दाउदनगर में सोमवार 13 मई को राष्ट्रकवि दिनकर के साहित्य पर केन्द्रित व्याख्यान का आयोजन किया गया। व्याख्यान का विषय 'राष्ट्रकवि दिनकर का साहित्य और भारतीय समाज' था। इस कार्यक्रम का आयोजन हिंदी विभाग की ओर से किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए कॉलेज के प्राचार्य डॉ. शम्सुल इस्लाम ने दिनकर के व्यक्तित्व और कृतित्व पर प्रकाश डाला और कहा कि उनकी तारीफ करना सूरज को दिया दिखाने के समान है। उन्होंने दिनकर की विभिन्न कृतियों का परिचय दिया और उनके साहित्यिक जीवन का सार समझाया। कॉलेज के वरीय प्राध्यापक डॉ. सत्येन्द्र प्रसाद ने स्वागत भाषण देते हुए दिनकर का जीवन परिचय प्रस्तुत किया और उनके काव्य योगदान की सराहना की। कार्यक्रम के मुख्य वक्ता के तौर पर बोलते हुए हिंदी विभाग के अध्यक्ष प्रो. आकाश कुमार ने राष्ट्रकवि दिनकर के सामाजिक चिंतन पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि दिनकर वीरता और ओज के कवि तो थे लेकिन युद्ध के समर्थक नहीं थे। वे युद्ध की विभीषिका को भली भांति समझते थे, इसलिए केवल शांति स्थापित करने के लिए हथियार उठाने की बात करते थे। अपने प्रबंध काव्य रश्मिरथी में उन्होंने कर्ण को मुख्य पात्र बनाकर जाति, कुल, वंश की व्यवस्था पर कुठाराघात किया है। उन्होंने व्यक्ति की पहचान उसकी प्रतिभा और कर्तव्यों से तय करने का सन्देश दिया है न कि उसकी जाति से। दिनकर सांप्रदायिक शक्तियों की आलोचना करने में मुखर रहे हैं और उन्होंने बापू की हत्या करने वालों की मुखर आलोचना करते हुए 'बापू' शीर्षक कविता भी लिखी। कार्यक्रम के दूसरे प्रमुख वक्ता प्रो. मंजू कुमार सोरेन ने दिनकर को साहित्य को उस मशाल के समान बताया, जो राजनीति के आगे चलती है और मार्गदर्शन करती है। उन्होंने दिनकर के साहित्य के विभिन्न पहलुओं पर बात करते हुए उन्हें देश व समाज की कुरीतियों को दूर करने वाला साहित्य रचने वाला साहित्यकार बतलाया। कॉलेज के बी.ए. सेमेस्टर दो के विद्यार्थियों प्रिया कुमारी, अनुज कुमार, सुषमा कुमारी, मनीष कुमार ने दिनकर की कविताओं के पाठ किये और अपने विचार व्यक्त किये। कार्यक्रम के आखिर में हिंदी के विद्वान लेखक और आलोचक प्रो. चौथीराम यादव जी के देहांत पर दो मिनट का मौन रखकर उन्हें श्रद्धांजलि दी गयी। वे बीएचयू में हिंदी के विभगाध्यक्ष भी थे और हिंदी विद्यार्थियों के बीच देशभर में लोकप्रिय थे।

कार्यक्रम का उत्कृष्ट संचालन भूगोल के प्राध्यापक डॉ. देव प्रकाश ने किया और कार्यक्रम को सुचारू रूप से संपन्न किया, धन्यवाद ज्ञापन डॉ. सुमित कुमार मिश्रा ने किया। कार्यक्रम में डॉ.ज्योतिष कुमार, डॉ. सुमन शेखर, प्रो. शशांक मिश्रा, डॉ. हादी सरमदी तथा शिक्षकेत्तर कर्मियों में जैनेन्द्र सिंह, संतोष कुमार, उदय प्रकाश, देवेन्द्र कुमार, श विपुल कुमार, सुमित कुमार उपस्थित थे।

शब्दाक्षर की नवगठित समिति द्वारा मातृ दिवस के अवसर पर किया गया काव्य-गोष्ठी का भव्य आयोजन

कार्यालय संवाददाता

औरंगाबाद। जिला मुख्यालय औरंगाबाद की महत्वपूर्ण सामाजिक संस्था पृथ्वीराज चौहान चैरिटेबल ट्रस्ट के सभागार में राष्ट्रीय स्तर की साहित्यिक संस्था 'शब्दाक्षर' द्वारा नवगठित समिति के तत्वावधान में प्रथम साहित्यिक काव्य- गोष्ठी धूमधाम से सम्पन्न हुई जिसकी अध्यक्षता प्रख्यात साहित्यकार डॉ सुरेंद्र प्रसाद मिश्रा ने की। संचालक के दायित्व का निर्वहन उक्त संस्था के जिला संगठन मंत्री सुरेश विद्यार्थी ने किया। मुख्य अतिथि के रूप में संस्था के राष्ट्रीय प्रचार मंत्री धनंजय जयपुरी, विशिष्ट अतिथि के रूप में बिहार प्रदेश संगठन मंत्री विनय मामूली बुद्धि, ट्रस्ट के संयोजक जगदीश सिंह, वरीय सदस्य राम प्रवेश सिंह की गरिमामयी उपस्थिति रही। आगत अतिथियों का स्वागत पुष्प हार देकर किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत के पूर्व उक्त संस्था के राष्ट्रीय अध्यक्ष रवि प्रताप सिंह ने दूरभाष के माध्यम से कार्यक्रम की सफलता हेतु शुभकामनाएं व्यक्ति की। सुरेश विद्यार्थी ने सरस्वती वंदना के माध्यम से कार्यक्रम की विधिवत् शुरुआत की। नवोदित गजलकार हिमांशु चक्रपाणि ने माता पर आधारित अपनी रचना खोल दिल आसमान की तरह, चाहती है वह जां की तरह के माध्यम से उपस्थित जन समुदाय की आंखें सजल कर दी। जिलाध्यक्ष नागेंद्र कुमार केसरी ने- 'गर्दिशों में गुनगुनाओ' नामक रचना पर खूब तालियां बटोरी। लवकुश प्रसाद सिंह ने मां पर आधारित कविता का सस्वर पाठ किया। अनुज बेचैन के व्यंग्य-वाण ने श्रोताओं-दर्शकों को गुदगुदाये भी, बेचैन भी किये। प्रसिद्ध ज्योतिर्विद शिवनारायण सिंह की साक्षरता पर आधारित कविता ने जनसमूह को भाव-विह्वल कर दिया।वहीं विनय मामूली बुद्धि की अंधों से न्याय की उम्मीद, फिर से महाभारत करने की जिद कविता सुनकर लोग संवेदित हो गए। धनंजय जयपुरी की मां पर आधारित रचना- 'मेरी अंखियां ढूंढ रही उस मइया को, बचपन में जो लोरी मुझे सुनाती थी को सुनकर लोग अत्यंत ही द्रवित हो गये।पूर्व बीईओ सुमन अग्रवाल ने मां की ममता का बखान किया।अवकाश प्राप्त प्रो. डॉ. शिवपूजन सिंह, समाजसेवी नन्हकू सिंह, संजय सिंह इत्यादि ने माता की महिमा का बखान किया।अध्यक्षीय उद्बोधन में मिश्रा जी ने मां को सर्वोपरि माना। धन्यवाद ज्ञापन करते हुए संजय सिंह ने कहा कि यह कार्यक्रम बौद्धिक चेतना को बढ़ावा देने वाला है।

जिले में अब तक मात्र 1573 क्विंटल गेहूं की हुई खरीद, 15 जून तक खरीद की अंतिम तिथि

औरंगाबाद (का.सं.)। औरंगाबाद जिले में अभी तक मात्र 1573 क्विंटल गेहूं की खरीद सरकारी दर पर हुई है। गेहूं का बाजार मूल्य न्यूनतम समर्थन मूल्य से अधिक होने की वजह से गेहूं खरीद में तेजी नहीं आने की बात कही जा रही है। 15 जून तक गेहूं की खरीद के लिए अंतिम तिथि तय है लेकिन अब इसमें तेजी आना नामुमकिन है। औरंगाबाद जिले में 46 समितियों ने गेहूं की खरीद की है जिसमें 43 पैक्स हैं और तीन व्यापार मंडल हैं। 59 किसानों ने 1573 क्विंटल गेहूं की बिक्री की है। जिला सहकारिता विभाग से मिली जानकारी के अनुसार इस बार न्यूनतम समर्थन मूल्य 2275 रुपए निर्धारित है। दूसरी ओर बाजार में 23 सौ रुपए से लेकर 24 सौ रुपए प्रति क्विंटल तक गेहूं की खरीद हो जा रही है। पैसा भी किसानों को तत्काल मिल रहा है और ऐसे में किसान सरकारी विभाग की ओर रुख नहीं कर रहे हैं। इस संबंध में डीसीओ श्रीन्द्र नारायण ने बताया कि यदि कोई किसान गेहूं की बिक्री करना चाहता है तो उसे अपने प्रखंड के प्रखंड प्रसार सहकारिता पदाधिकारी से केवल संपर्क करना है। वह उन्हें गेहूं बिक्री की जानकारी देंगे और उसके आगे की व्यवस्था अधिकारी करेंगे। किसानों को बोरी भी उपलब्ध नहीं करानी है। पैसे का भुगतान 48 घंटे के अंदर बैंक खाते में कर दिया जाएगा। ऑनलाइन की प्रक्रिया भी विभाग के अधिकारी ही संपन्न कर देंगे। डीसीओ ने कहा कि गेहूं खरीदने के लिए विभाग तैयार है लेकिन किसान बिक्री के लिए संपर्क नहीं कर रहे हैं। गेहूं की बिक्री करने वाले किसान निसंकोच संपर्क कर सकते हैं।